मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम




वर्ष : 3 अंक : 45 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

सोमवार, 4 अक्तूबर 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## भवानीपुर में ममता बनर्जी ने भुलाया नंदीग्राम में मिली हार का गम, बड़ी जीत से बचा ली कुर्सी




**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नंदीग्राम में हार का जो गम मिला था उसे उन्होंने भवानीपुर में धमाकेदार जीत के साथ भुला दिया है। ममता बनर्जी ने भवानीपुर में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की उम्मीदवार प्रियंका टिबरेवाल को रिकॉर्ड 58,832 वोटों के भारी अंतर से हराया है।इसके साथ ही ममता बनर्जी ने अपनी कुर्सी से खतरे को खत्म कर दिया है। नंदीग्राम में हार के बाद मुख्यमंत्री बनीं ममता के लिए 5 नवंबर से पहले विधानसभा में पहुंचना जरूरी था। ममता इससे पहले भी दो बार इस सीट से जीत दर्ज कर चुकी हैं, लेकिन वोटों के अंतर के लिहाज से यह उनकी सबसे बड़ी जीत है।

ममता बनर्जी को कुल 84,709 वोट मिले तो बीजेपी उम्मीदवार प्रियंका टिबरेवाल को 26,320 और सीपीआई (एम) के श्रीजिब बिस्वास को महज 4201 वोट मिले।जीत के बाद मीडिया से बात करते हुए ममता बनर्जी ने भवानीपुर और पश्चिम बंगाल के लोगों का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान उन्होंने नंदीग्राम की हार का जिक्र करते हुए कहा कि वहां रची गई साजिश का भवानीपुर के लोगों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। बीजेपी उम्मीदवार प्रियंका टिबरेवाल ने अपनी हार स्वीकार करते हुए ममता बनर्जी को बधाई दी है। बनर्जी के भारी बढ़त हासिल करने की खबरें मिलने के बाद टीएमसी समर्थक जश्न मनाने के लिए सड़कों पर उतर आए। वहीं, भाजपा और माकपा के प्रदेश कार्यालयों में वीरानी छायी रही।इस बीच, निर्वाचन आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर चुनाव बाद हिंसा की किसी भी घटना के बचने के लिए विजयी जश्न समारोह और जुलूस पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

टिबरेवाल ने शनिवार रात को कलकत्ता हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल को पत्र लिखकर उनसे चुनाव नतीजे घोषित होने के बाद हिंसा की किसी तरह की घटना को रोकने के लिए एहतियातन कदम उठाने का पुलिस को आदेश देने का अनुरोध किया था। विधानसभा चुनावों में नंदीग्राम सीट से बनर्जी के हारने के बाद राज्य के मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने भवानीपुर सीट खाली कर दी थी ताकि बनर्जी इस सीट से जीत हासिल कर विधानसभा में लौट सकें। टीएमसी ने अप्रैल-मई में हुए विधानसभा चुनावों में इस सीट पर करीब 28,000 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी।

## जो बाइडेन ने कहा, विधेयक के पारित नहीं होने के कारण हर कोई हताश



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में 3,500 अरब डॉलर के भारी-भरकम खर्च पैकेज की राशि को कम करके अपने कार्यक्रम और संबंधित लोक निर्माण विधेयक को बचाने के डेमोक्रेटिक सांसदों के प्रयासों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने स्वीकार किया कि विधेयक के पारित नहीं होने के कारण हर कोई हताश है। बाइडन ने कहा, हर कोई हताश है। सरकार में होने पर ये सब होता है। बाइडन ने संकल्प लिया कि वह उनके घरेलू एजेंडे के दो स्तम्भों को कानून के रूप में पारित कराने के लिए 'अथक मेहनत' करेंगे, लेकिन उन्होंने इस संबंध में कोई समयसीमा तय नहीं की।

राष्ट्रपति प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेटिक सदस्यों का मनोबल बढ़ाने के लिए उनके साथ एक निजी बैठक के लिए शुक्रवार को कैपिटल हिल गए थे। बैठक में मौजूद सांसदों ने बताया कि बाइडन ने देश की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने वाले बड़े पैकेज के लिए 1,900 अरब डॉलर से लेकर 2,000 अरब डॉलर तक की राशि पर चर्चा की। बाइडन ने कहा कि वह विधेयक के लिए समर्थन जुटाने के मकसद से जल्द ही देशभर का दौरा करने वाले है। उन्होंने लोगों को योजना के नए एवं विस्तारित कार्यक्रमों के बारे में जागरुक करने के लिए और प्रयास करने का संकल्प लिया। उन्होंने दावा किया कि उनके कार्यक्रम को बड़ी संख्या में मतदाताओं का समर्थन हासिल है। इस विधेयक का उद्देश्य अगले दस साल के दौरान सामाजिक सुरक्षा दायरे और जलवायु कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना है।

यह बाइडन और पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण समय है। बाइडन की लोकप्रियता संबंधी रेटिंग गिर गई है और डेमोक्रेटिक नेता देश के पुनर्निर्माण संबंधी बाइडन के अहम वादे को पूरा करने के लिए बेचैन हैं। वेस्ट वर्जीनिया से डेमोक्रेटिन सीनेटर जो मनचिन करीब 1,500 अरब डॉलर के एक छोटे पैकेज की अपनी मांग पर गुरुवार को भी अडिग रहे, इसकारण विधेयक की रूपरेखा को लेकर शीघ्र सहमति बनने की बाइडन की उम्मीद पर पानी फिर गया। इस विधेयक पर सहमति नहीं बनने के कारण इससे जुड़ा लोक निर्माण विधेयक भी बाधित हो गया। प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने अपने पार्टी सांसदों से कहा कि इस वृहद पैकेज को आकार देने के लिए 'और समय की आवश्यकता' है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय रिजर्व बैंक के ब्याज दर पर निर्णय और वैश्विक रुख तय करेगा बाजार की दिशा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, वृहद आर्थिक आंकड़ों तथा वैश्विक रुख से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि जोरदार तेजी के बाद अब बाजार में 'करेक्शन' के संकेत दिख रहे हैं।इसके अलावा निवेशकों की निगाह रुपये के उतार-चढ़ाव तथा अमेरिका में बांड प्राप्ति पर भी रहेगी।बाजार जानकारों ने कहा, आगे की दिशा के लिए बाजार की निगाह वैश्विक आंकड़ों पर रहेगी। घरेलू मोर्चे पर बहुत अधिक नकारात्मक संकेतक नहीं हैं, लेकिन आगामी मौद्रिक समीक्षा में रिजर्व बैंक के गवर्नर की मुद्रास्फीति पर आठ अक्टूबर की टिप्पणी काफी महत्वपूर्ण रहेगी। वहीं आठ अक्टूबर को टीसीएस के दूसरी तिमाही के नतीजे भी आने हैं।उन्होंने कहा कि डॉलर इंडेक्स का उतार-चढ़ाव और अमेरिकी बांड पर प्रतिफल की वैश्विक बाजारों की दिशा तय करेगा। वहीं कच्चे तेल की कीमतों का भारतीय बाजारों पर व्यापक प्रभाव रहेगा।इस सप्ताह रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा आनी है।सप्ताह के दौरान सेवा पीएमआई के आंकड़े भी आने हैं। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स बीते सप्ताह 1,282.89 अंक या 2.13 प्रतिशत नीचे आया।


### समुद्र में क्रूज पर हाई प्रोफाइल ड्रग्स पार्टी

नई दिल्ली, एजेंसी। समुद्र की लहरों पर तैरता होटलनुमा जहाज (क्रूज) और अंदर ड्रग्स पार्टी। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने शनिवार को छापेमारी के बाद बड़ी मात्रा में कोकीन, हशीश और एमडी जैसे ड्रग्स को बरामद किया है तो कम से कम 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। एनसीबी की यह कार्रवाई करीब 7 घंटे तक चली। बताया जा रहा है कि क्रूज पर कई हाई-प्रोफाइल और सेलिब्रिटीज भी मौजूद थे। एनसीबी ने पुख्ता सूचना के आधार पर शनिवार को कोरडेलिया क्रूज पर छापेमारी की। बताया जा रहा है कि मुंबई से गोवा के लिए निकले क्रूज पर हाई प्रोफाइल ड्रग्स पार्टी चल रही थी। एनसीबी के अधिकारी भी यात्री के रूप में क्रूज पर सवार हो चुके थे। ड्रग्स पार्टी शुरू होने के बाद एनसीबी ने रेड डाली। एनसीबी की कार्रवाई में भारी मात्रा में ड्रग्स की बरामदगी हुई है। क्रूज पर मौजूद लोगों को हिरासत में लिया गया है। रेड देर रात तक चली। सूत्रों के मुताबिक, एक बॉलीवुड के सुपरस्टार के बेटे को भी हिरासत में लिया गया है। हालांकि, अभी यह कंफर्म नहीं है कि उसने ड्रग्स का सेवन किया था या नहीं। क्रूज को वापस मुंबई लाया गया है। हिरासत में लिए गए सभी आरोपियों को रविवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। क्रूज पर सवार सभी लोगों का डोप टेस्ट किया जा सकता है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है कि यहां एक यात्री क्रूज शिप (जहाज) पर शनिवार शाम छापेमारी की, जहां पार्टी चल रही थी और उसमें मादक पदार्थों का सेवन किया जा रहा था।

## सभी शहरी निकाय अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई कर्मियों को सम्मानित कर रहे हैं: मंत्री हरदीप पुरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क, में सफाई मित्रों और फ्रंट लाइन वर्कर्स को सम्मानित किया। उनके साथ आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री कौशल किशोर, विदेश और संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, एनडीएमसी के अध्यक्ष धर्मेंद्र और एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय उपस्थित थे। मंत्री पुरी ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को सबसे ज्यादा महत्व दिया और 1916 में ही नागरिकों से व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने और आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपिता के दृष्टिकोण को एक ठोस आकार दिया और 7 साल पहले स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) का शुभारंभ किया। मिशन न केवल फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं का निर्माण करने में सफल रहा, बल्कि लोगों में व्यापक जागरूकता पैदा करने और इसे एक जनांदोलन बनाने में भी बेहद सफल रहा है। मंत्री पुरी ने कहा कि सफाई मित्र और फ्रंटलाइन वर्कर्स हमारे आस-पड़ोस को साफ रखने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं, खासकर कोविड महामारी के दौरान और एसबीएम की सफलता का बड़े पैमाने पर श्रेय इन्हीं लोगों को जाता है। उन्होंने कहा कि एसबीएम की सफलता की विश्वसनीयता इसलिए हैं क्योंकि इसका आंकलन और सत्यापन तीसरे पक्ष द्वारा किया है। पुरी ने कहा कि देश 2019 में ही खुले में शौच से मुक्त हो गया और प्रधानमंत्री द्वारा कल शुरू किया गया एसबीएम-2.0 अगले पांच वर्षों में देश को कचरा मुक्त बनाने की इच्छाशक्ति रखता है। उन्होंने अमृत-2.0 के बारे में भी कहा कि यह शहरों को 'आत्मनिर्भर' और 'जल संकट को खत्म करने' का प्रयास करता है। अगले 2 दिनों में देश भर में लगभग 15 लाख सफाई मित्रों और स्वच्छता योद्धाओं को शहरी स्थानीय निकायों द्वारा सम्मानित किया जाएगा और इसे एक वेब पोर्टल के माध्यम से रिकॉर्ड भी किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह देश को स्वच्छ बनाने में उनकी प्रमुख भूमिका और योगदान को सम्मानित करने का एक तरीका है। कौशल किशोर ने कहा कि एसबीएम की सफलता में प्रधानमंत्री के नेतृत्व और पहल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता लोगों की आदत का हिस्सा बन गई है। साथ ही मिशन का असर चारों तरफ देखा जा सकता है। स्वच्छता से कम बीमारियां, बेहतर स्वास्थ्य और बेहतर जीवन मिलता है।

## न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के विपरीत हैं प्रधानमंत्री के नारे: सिब्बल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कपिल सिब्बल ने कहा कि प्रधानमंत्री का नारा न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के विपरीत है वास्तव में हमारे पास अधिकतम सरकार, शून्य शासन है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्य लोगों के दृष्टिकोण को समझने के इच्छुक नहीं हैं और देश जिन समस्याओं का सामना कर रहा है, उसके मूल में यही बात है। मोदी के युग में भारत विषय पर यहां गिरीश पटेल स्मृति व्याख्यान देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सेंट्रल विस्टा जैसी परियोजना की लोकतंत्र के लिए तब तक कोई प्रासंगिकता नहीं है जब तक कि कोई 'राष्ट्र की आकांक्षाओं और आत्मा को समझने में सक्षम न हो जो बदलाव के लिए पुकार कर रही है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र, इस इमारत के अंदर लोगों के बीच होने वाला परिसंवाद, जो देश की विविध आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता हैं। आप जैसा चाहे वैसे ढांचे का निर्माण कर सकते हैं, लेकिन जब तक आप बदलाव के लिए पुकार रही एक राष्ट्र की आकांक्षाओं और आत्मा को समझने में सक्षम नहीं होते, आप कभी लोकतंत्र नहीं चला पाएंगे।

सिब्बल ने कहा, मोदी युग के साथ समस्या यह है कि वह दूसरों के दृष्टिकोण को समझने के इच्छुक नहीं हैं और इसलिए हम मुश्किल में हैं।

## भारत में बिजली संकट का कारण बन सकता हैं चीन, भारत का 20 लाख टन थर्मल कोल चीनी बंदरगाह पर पड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जैसा कि जगजाहिर है, भारत के प्रति चीन लगातार आक्रमक रुख दिखा रहा है। भारत के प्रति उसका नजरिया हमेशा से आक्रमक रहा है। बावजूद इसके खिसियानी बिल्ली खंभा नौंचे जैसी स्थिति बनी हुई है। कहना गलत नहीं होगा कि भारत को लगातार नुकसान पहुंचाने के इरादे में अभी तक चीन सफल नहीं हुआ है। लेकिन अब ऐसी खबरें आ रही हैं, कि भारत में कोयला संकट की वजह चीन बन सकता है। मालूम हो कि चीन में पिछले दिनों बिजली के संकट की खबरें दुनिया भर में सुर्खियों में थीं। अब भारत में भी हालात ठीक वैसे ही बन रहे हैं। भारत में बिजली बनाने वाले थर्मल पावर प्लांट को कोयले की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।इसकारण बहुत से पावर प्लांट में उत्पादन ठप हो चुका है, जबकि बहुत से पावर प्लांट में आने वाले दिनों में उत्पादन ठप हो सकता है। इस बीच खबरें है कि भारत की बिजली संकट की वजह चीन बन सकता है। भारत असल में ऑस्ट्रेलिया से कोयला आयात करता है। वहीं चीन के बंदरगाह पर भारत का 20 लाख टन से अधिक ऑस्ट्रेलियाई कोयला महीनों से पड़ा हुआ है। जिन लोगों ने ऑस्ट्रेलिया से यह कोयला खरीदा है, उन्होंने इसकी जानकारी दी है।इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कैसे राजनीतिक स्थितियों की वजह से देश आपस में एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाने में पीछे नहीं रहते। चीन के कदम की वजह से भारत में बिजली सप्लाई का संकट खड़ा हो सकता है, जिससे भारतीयों को काफी बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। भारत ऑस्ट्रेलिया से इस समय 12 से 15 प्रति टन की अकाउंट पर कोयला खरीद रहा है। यह वास्तव में दुनिया का सबसे सस्ता थर्मल कोल है, जो बाजार में बेहतरीन क्वालिटी के कोयले के बराबर है। भारत में सीमेंट बनाने वाली और आयरन स्पोंज प्लांट घरेलू बाजार में कोयले की कमी से निपटने के लिए आस्ट्रेलियाई कोयला आयात करती हैं। कुछ दिनों से चीन और ऑस्ट्रेलिया के संबंधों में खटास देखने को मिल रही है।इसके साथ ही पिछले दिनों से चीन से भारत के संबंध भी बहुत अच्छे नहीं चल रहे हैं। चीन में बिजली का जबरदस्त संकट है और सर्दियों में संकट और बढ़ने की आशंका है।इसके बाद भी चीन ऑस्ट्रेलिया से कोयला आयात करने में दिलचस्पी नहीं ले रहा है। भारत की कंपनियों ने ऑस्ट्रेलिया से 20 लाख टन थर्मल कोल खरीदा है, जो चीन के बंदरगाह पर पड़ा हुआ है।

## दिल्ली में कांग्रेस के 20 विधायक भूपेश बघेल को यूपी की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी माने जाने वाले कांग्रेस के लगभग 20 विधायक दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। सियासी गलियारों में इसे शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, रायपुर में बघेल ने कहा कि कांग्रेस विधायकों के दिल्ली दौरे को राजनीति के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकों के कहीं जाने पर कोई रोक नहीं है। वे सभी स्वतंत्र हैं। भूपेश बघेल ने कहा, 'यह कोई राजनीतिक घटनाक्रम नहीं है। वे दिल्ली का दौरा करेंगे और फिर लौट आएंगे।' आपको बता दें दि बघेल की यह टिप्पणी छत्तीसगढ़ में नेतृत्व परिवर्तन की संभावना पर अटकलों के बीच आई है, जहां कैबिनेट मंत्री टीएस सिंहदेव मुख्यमंत्री पद के लिए होड़ में हैं। दिल्ली में डेरा डाले विधायक बृहस्पत सिंह ने शनिवार को दोहराया कि राज्य में नेतृत्व परिवर्तन का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने दावा किया सरकार बघेल के नेतृत्व में अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में मौजूद विधायकों ने गांधी जयंती के अवसर पर राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। राज्य की रामानुजगंज सीट से पार्टी विधायक बृहस्पत सिंह ने कहा, 'हम यहां छत्तीसगढ़ के एआईसीसी प्रभारी पीएल पुनिया से मिलने आए हैं। उनका इंतजार कर रहे हैं। हम यह बताना चाहते हैं कि राहुल गांधी को अपने प्रस्तावित दौरे की अवधि राज्य में बढ़ानी चाहिए, ताकि सभी विधायक इसका लाभ उठा सकें।' लखनऊ में हैं। उन्हें विधायकों के दिल्ली में होने की कोई जानकारी नहीं है, क्योंकि उनमें से किसी ने भी उनसे संपर्क नहीं किया है। सूत्रों के मुताबिक अब तक करीब 20 विधायक दिल्ली पहुंच चुके हैं। कुछ और विधायकों के राष्ट्रीय राजधानी आने की उम्मीद है। बघेल ने कहा था उनका राज्य कभी पंजाब नहीं बन सकता है। छत्तीसगढ़ हमेशा छत्तीसगढ़ रहेगा। दोनों राज्यों में केवल एक समानता है कि दोनों के नाम पर नंबर हैं। पंजाब 'पंजा' (पांच) 'आब' (पानी) की भूमि है। यह पांच नदियों से मिलकर बना है। इसी तरह, छत्तीसगढ़ ने अपना नाम 'छत्तीस' (छत्तीस) 'गढ़' (किला) से लिया है। किसी अन्य राज्य के नाम पर नंबर नहीं हैं। दोनों राज्यों के बीच कोई अन्य समानता नहीं है। अमरिंदर सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने और पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू के अगले साल की शुरूआत में राज्य में महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों से पहले अपने पद से इस्तीफा देने के बाद से पंजाब में कांग्रेस में उथल-पुथल मची हुई है।

## जयशंकर ने कोलंबिया की उपराष्ट्रपति और विदेश मंत्री रामिरेज से की व्यापक बातचीत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलंबिया की विदेश मंत्री मार्ता लूसिया रामिरेज इन दिनों भारत के दौरे पर आई हैं। देश के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनसे स्वास्थ्य, दवा, जैव प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान देने के साथ व्यापक बातचीत की। रामिरेज कोलंबिया की उपराष्ट्रपति भी हैं। उन्होंने शुक्रवार को भारत की तीन दिवसीय यात्रा शुरू की। स्वास्थ्य और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेषज्ञों और अधिकारियों का 48 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रामिरेज के साथ आया है। विदेश मंत्रालय ने बताया, 'नेताओं ने स्वास्थ्य, दवा, जैव प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों पर व्यापक बातचीत की। बैठक के दौरान आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई।' मंत्रालय के मुताबिक वार्ता में जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुधारों के संबंध में भारत की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया और दोनों पक्ष बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग मजबूत करने के लिए सहमत हुए। भारत और कोलंबिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार में लगातार वृद्धि हुई है। कोविड-19 महामारी के कारण हुए व्यवधानों के बावजूद 2020-21 में 2.27 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'दोनों पक्ष ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, दवा और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों में व्यापार और निवेश को और बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए।' मंत्रालय ने कहा, 'दोनों नेताओं ने जैव प्रौद्योगिकी और चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के लिए दो आशय पत्रों पर हस्ताक्षर किए। जैव प्रौद्योगिकी विभाग और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने इन आशय पत्रों पर अपने कोलंबियाई समकक्षों के साथ हस्ताक्षर किए।' रामिरेज के आगमन से पहले कोलंबिया के स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा मंत्री लुइज फर्नांडो रुइज के नेतृत्व में एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल ने 27-30 सितंबर तक पुणे, हैदराबाद और बेंगलुरु का दौरा किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'उन्होंने टीकों और दवा उत्पादों के विकास में सह-उत्पादन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के उद्देश्य से इन शहरों में उत्कृष्टता केंद्रों और दवा कंपनियों के परिसरों का दौरा किया।

## कॉलेजियम की 106 सिफारिशों को दो तीन दिनों में लागू करेगी सरकार: चीफ जस्टिस एनवी रमन्ना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण ने कहा कि केंद्र सरकार ने मई से अब तक उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए कॉलेजियम द्वारा की गई 106 सिफारिशों में से कुछ को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कानून मंत्री ने उन्हें सूचित किया है कि बाकी सिफारिशों को एक या दो दिन में अंतिम रूप दिया जाएगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में अखिल भारतीय जागरूकता और आउटरीच अभियान के उद्घाटन पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा, लोकतंत्र की गुणवत्ता न्याय की गुणवत्ता पर टिकी हुई है। एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक जीवंत न्यायपालिका आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने न्यायपालिका सहित कई संस्थानों के लिए कई समस्याएं पैदा की हैं। बड़ी रिक्तियों, अदालतों के काम न करने और ग्रामीण क्षेत्रों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं की कमी से विभिन्न मंचों के अलावा हजारों मामले एकत्र हुए हैं। मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा कि मेरे साथी जजों और मैंने वादियों को तेजी से न्याय दिलाने में सक्षम बनाने का प्रयास किया है। मई के बाद हमने विभिन्न उच्च न्यायालय के लिए 106 से अधिक न्यायाधीशों और विभिन्न उच्च न्यायालयों के 9 मुख्य न्यायाधीश की सिफारिश की। सरकार ने उनमें से कुछ को मंजूरी दे दी है और कानून मंत्री ने आश्वासन दिया है कि बाकी सिफारिशों को एक या दो दिन में अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन रिक्तियों को भरने के लिए सरकार को धन्यवाद देता हूं और लोगों को न्याय तक त्वरित पहुंच प्रदान करना सुनिश्चित हो पाया। ये नियुक्तियां कुछ हद तक लंबित मामलों का ध्यान रखेंगी।



# 100 फीसदी की कट ऑफ से हजारों मेधावी छात्रों में निराशा



- शिक्षाविदों ने विवि स्तर पर दाखिला प्रक्रिया में बड़े बदलावों की बात कही
- सेंट्रल यूनिवर्सिटीज कॉमन एंट्रेंस टेस्ट लागू करने की मांग भी हुई प्रबल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीबीएसई की 12वीं कक्षा में इस वर्ष कुल 70,004 छात्र ऐसे थे जिन्होंने 95 से 100 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए हैं। इनमें से 9200 छात्रों ने दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए आवेदन किया है। अब देश के कई प्रसिद्ध शिक्षाविद इसे कोविड के कारण की गई उदार मार्किंग मान रहे हैं। शिक्षाविद, विश्वविद्यालयों की दाखिला प्रक्रिया में व्यापक सुधार और बदलाव के पक्षधर हैं। बदलाव का पक्षधर स्वयं दिल्ली विश्वविद्यालय भी है। बावजूद इसके विश्वविद्यालय का कहना है कि वह सीबीएसई द्वारा प्रदान किए गए अंकों का पूर्ण सम्मान कर रहा है।

दिल्ली विश्वविद्यालय की एग्जीक्यूटिव काउंसिल के सदस्य अशोक अग्रवाल ने कहा, दिल्ली विश्वविद्यालय में जिस तरह से कई विषयों के लिए 100 फीसदी की कट ऑफ लिस्ट जारी की गई है, वह हजारों मेधावी छात्रों को हतोत्साहित करता है। इस बार 12वीं की परीक्षाएं रद्द होने के कारण छात्रों को अंक प्रदान करने का एक फामूर्ला तय किया गया था। कोरोना महामारी के कारण इसे काफी उदार रखा गया, जिसके चलते बड़ी संख्या में छात्रों को शत प्रतिशत अंक हासिल हुए हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर दाखिला प्रक्रिया में बड़े बदलावों की बात कही है। अशोक अग्रवाल ने कहा कि हजारों छात्र 90 फीसदी से अधिक अंक लाकर भी दाखिला हासिल नहीं ले पा रहे हैं। यह स्थिति निराश करने वाली है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय समेत अन्य सभी विश्वविद्यालयों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिला देने की मांग विश्वविद्यालय प्रशासन एवं शिक्षा मंत्रालय के समक्ष रखी है। इसके साथ ही सेंट्रल यूनिवर्सिटीज कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीयूसीईटी) लागू करने की मांग भी प्रबल हो गई है। इसके तहत सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट लिया जाएगा। नई शिक्षा नीति के तहत यह व्यवस्था अगले शैक्षणिक सत्र से लागू की जा सकती है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं एकेडमिक काउंसिल के पूर्व सदस्य डॉ हंसराज सुमन ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण 12वीं बोर्ड में अंक देने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का कुछ स्कूलों ने दुरुपयोग किया, और अपने यहां पढ़ने वाले छात्रों की परफॉर्मेंस को बढ़ा चढ़ा कर दिखाया। डॉ हंसराज सुमन भी दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिले की प्रक्रिया पूरी तरह बदले जाने के पक्षधर हैं। उन्होंने मांग की है कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रवेश परीक्षा के आधार पर छात्रों को कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दाखिला मिलना चाहिए। इसमें 12वीं कक्षा में हासिल किए गए अंकों को भी महत्व दिया जा सकता है। डॉ सुमन ने कहा की बड़ी संख्या में ऐसे छात्र हैं जो 12वीं कक्षा में शत प्रतिशत या उसके आसपास अंक लाने में कामयाब रहते हैं किंतु कॉलेज में सालाना स्कोर 70 फीसदी के आसपास रहता है। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति पीसी जोशी कह चुके हैं कि इस बार सीबीएसई के रिजल्ट में बड़ी संख्या में छात्रों को अच्छे अंक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा है कि हम सीबीएसई व अन्य बोर्ड द्वारा जारी किए गए रिजल्ट का पूरा सम्मान करते हैं। आवश्यकता पड़ने पर कॉलेजों में सीटें बढ़ाई जा सकती हैं। कुलपति ने कहा है कि कॉलेजों द्वारा जारी की गई कटऑफ में यदि अधिक छात्र दाखिले के लिए योग्य पाए जाते हैं तो उन्हें एडमिशन देना होगा। ऐसी स्थिति में कॉलेजों की सीटें बढ़ाई जा सकती हैं।

# कांग्रेस ने 'बांटो और राज करो' के लिए किया धर्मनिरपेक्षतावाद का इस्तेमाल: नकवी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने विपक्षी दल पर धर्मनिरपेक्षतावाद के गलत इस्तेमाल का बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि देश में अधिकांश समय तक सत्ता सुख भोगने वाले राजनीतिक दलों ने धर्मनिरपेक्षतावाद को अपनी सियासी सुविधा का साधन बनाकर बांटो और राज करो का रास्ता अपनाया। भारतीय बौद्ध संघ द्वारा आयोजित सामाजिक समरसता एवं महिला सशक्तिकरण तथा पंडित दीनदयाल स्मृति सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नकवी ने कहा ऐसी तमाम साजिशों के बावजूद भारतीय संस्कृति, संस्कार और संविधान ने किसी भी परिस्थिति में अनेकता में एकता की डोर कमजोर नहीं होने दी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, समावेशी विकास के रास्ते में कई बाधाएं आई लेकिन विविधता में एकता की हमारी ताकत ने देश को समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ने से रुकने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि लोग आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं लेकिन उन्हें बंटवारे की विभीषिका भी याद रखनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमें यह याद रखना चाहिए कि बंटवारे की विभीषिका के लिए कौन जिम्मेदार था। हमें यह याद रखने की जरूरत है कि लोगों ने अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के लिए भारत के हितों की बलि देने की साजिश की थी।

नकवी ने कहा कि भगवान बुद्ध का आध्यात्मिक मानवतावाद एवं कर्म प्रधान जीवन का सार्थक संदेश आज भी मानवता के लिए सशक्त सीख है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों भाषाएं, धर्म, क्षेत्र, जीवन शैलियां होने के बावजूद भारत अपनी संस्कृति, संस्कार और मजबूत संवैधानिक मूल्यों के कारण एकजुट है। उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में मोदी सरकार ने संवैधानिक मूल्यों के संकल्प के साथ समावेशी सशक्तिकरण के लिए काम किया है। उसने अल्पसंख्यकों समेत समाज के सभी वर्गों का सम्मान के साथ सशक्तिकरण सुनिश्चित किया है। एक बयान के अनुसार, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और जॉन बारला, भारतीय बौद्ध संघ के अध्यक्ष भंते संघप्रिय राहुल और शिक्षा, समाज, संस्कृति, स्वास्थ्य तथा अन्य वर्गों के कई अन्य धार्मिक नेता भी इस मौके पर उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गांधी और शास्त्री को दिया श्रृद्धांजलि

अभिषेक मानव, मदरलैंड संवादाता, नई दिल्ली। आज महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस पर वार्ड 41 अमन विहार में कांग्रेसी नेता सुरेश गुप्ता जी ने इलाके की सफाई की वह मच्छरों को भगाने के लिए फागिंग मशीन चलवाई साथ में कुलवीर दहिया काले भाई मोहिन खान इसरार भाई हरविंदर लखविंदर दुग्गल वे सभी कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे और महात्मा गांधी जी लाल बहादुर शास्त्री जी को भी श्रृद्धांजलि दी।

### किसान प्रदर्शन: हरियाणा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर किया हलफनामा

नई दिल्ली, एजेंसी। किसानों के प्रदर्शन को लेकर हरियाणा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपना हलफनामा दाखिल कर दिया है। हरियाणा सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चा के तहत 43 किसान संगठनों को याचिका में पक्षकार बनाने की मांग की है। अर्जी में राकेश टिकैत, योगेंद्र यादव और दर्शन पाल का नाम भी शामिल है। इस मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। दरअसल, नोएडा की मोनिका अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की है, जिसमें उन्होंने नाकाबंदी हटाने की मांग करते हुए कहा है कि पहले उन्हें दिल्ली पहुंचने में 20 मिनट लगते थे लेकिन अब दो घंटे लग जाते हैं। उनका कहना है कि विरोध के कारण इलाके के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट सरकार और किसान प्रदर्शनकारियों को फटकार भी लगा चुका है। शुक्रवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने किसान महापंचायत के वकील अजय चौधरी से पूछा था, आप सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही रोक रहे हैं! आप ट्रेन रोक रहे हैं! हाईवे रोक रहे हैं! इसकी इजाजत कैसे दी जा सकती है? इस पर अजय चौधरी ने कहा कि हाइवे पुलिस ने रोक रखा है और उन्हें भी पुलिस ने रोक रखा है।

### पीएम मोदी बोले- आत्मनिर्भर भारत के लिए खादी, हस्तशिल्प उत्पादों को जीवन का हिस्सा बनाए

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की आत्मनिर्भर को खादी से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों से त्योहारों के मौसम में खादी और हस्तशिल्प उत्पादों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने और 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने गांधी जयंती और देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शनिवार को लेह घाटी के पास एक ऊंचे पहाड़ पर देश का सबसे बड़ा एक हजार किलोग्राम वजन का खादी का तिरंगा फहराए जाने का उल्लेख करते हुए यह बात कही। खादी इंडिया की ओर से इस उपलब्धि पर किए गए एक ट्वीट के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा, ह्ययह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को एक अनूठी श्रद्धांजलि है। गांधी जी के खादी प्रेम से सभी अवगत हैं। त्योहारों के इस मौसम में खादी और हस्तशिल्प को अपनी जिंदगी में शामिल करें और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने में मजबूती दें।ह्न लेह में जो झंडा फहराया गया वह देश में निर्मित अब तक का सबसे बड़ा हाथ से बुना गया खादी का तिरंगा है, जोकि 225 फुट लंबा और 150 फुट चौड़ा है। इसका वजन 1000 किलोग्राम है। यह झंडा मुंबई स्थित खादी डायर्स और प्रिंटर द्वारा बनाया गया है, जो खादी ग्रामोद्योग आयोग से संबद्ध है।

# निगम पार्षद दिनेश कुमार ने खेलकूद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर, मदरलैंड संवादाता



नई दिल्ली। बिते 2 अक्टूबर को गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में (आप) निगम पार्षद दिनेश कुमार जी ने नृत्य कला एवं खेलकूद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया ताकि क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में बच्चे नृत्य कला खेलकूद जैसी विभिन्न कलाओं में अपना गौरवपूर्ण अभिनय प्रस्तुत कर सकें और आज की बढ़ती हुई नशाखोरी जैसी व्याधियों से दूर रहे। यह कार्यक्रम बच्चों को भविष्य में प्रतिभागी बनने के लिए उन्हें उत्साहित करेगा एवं ऊर्जा प्रदान करेगा। (आप) निगम पार्षद ने आज सभी अपने वार्ड 79२ के टउऊ सफाई कर्मचारियों को जो दिन रात हमारी सेवा में अपना योगदान देते हैं उनको सम्मानित किया व संबोधित कर उनका धन्यवाद किया। आज (आप) निगम पार्षद दिनेश कुमार जी को दंगल प्रतियोगिता में सम्मलित होने का अवसर प्राप्त हुआ एवं भाग लेने वाले प्रतिभागियों को उन्होंने सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया ताकि भविष्य में इसी कर्मठता और ओजपूर्ण ऊर्जा के साथ वह भाग ले और उनका भविष्य उज्जवल हो सके।

# गुर्जर समाज के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित व्यक्तित्व है एडवोकेट इंदर सिंह बिधूड़ी

» मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली। एक सफल अधिवक्ता के रूप में इंदर सिंह बिधूड़ी की अपनी एक खास पहचान है। जमीन जायदाद एवं मुआवजा से संबंधित मुकदमों में पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाकर अधिवक्ता इंदर सिंह बिधूड़ी ने एक कीर्तिमान स्थापित किया है। अधिवक्ता इंदर सिंह बिधूड़ी चौधरी स्वरूप सिंह को अपना आदर्श मानते हैं जिन्हें जमीन जायदाद एवं मुआवजा संबंधी मामलों में खास महारत हासिल थी तथा उक्त क्षेत्र के एक विशेष अधिवक्ता के रूप में दिल्ली में उनकी एक खास पहचान थी। चौधरी स्वरूप सिंह के पद चिन्हों पर चलते हुए अधिवक्ता इंदर सिंह बिधूड़ी ने भी जमीन जायदाद एवं मुआवजा दिलाने के मामले में अपनी एक खास पहचान बनाई। एडवोकेट बिधूड़ी बताते हैं कि उन्हें चौधरी स्वरूप सिंह से काफी कुछ सीखने को मिला जो उनकी अनमोल धरोहर है। एडवोकेट इंदर सिंह बिधूड़ी एक नरम दिल इंसान हैं जिन्होंने कभी भी वकालत को पेशा के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया। अगर पीड़ित पक्ष के पास पैसे की कमी है तो भी उसके मुकदमे को उतनी ही तत्परता एवं गंभीरता से इन्होंने लड़ा। इसके अलावा गुर्जर समाज के सर्वांगीण विकास उत्थान एवं राष्ट्र की मुख्यधारा से इस समाज को जोड़ने के लिए एडवोकेट इंदर सिंह बिधूड़ी ने आजीवन संघर्ष किया है। इस कारण गुर्जर समाज में इनकी एक खास पहचान एवं लोकप्रियता है। जब भी गुर्जर समाज का कोई युवा किसी भी ख्याति प्राप्त पद पर अधिकारी के तौर पर चयनित होता है या फिर न्यायपालिका के क्षेत्र में चयनित होता है तो अधिवक्ता इंदर सिंह बिधूड़ी ऐसे युवाओं का हौसला अफजाई करने एवं समाज के अन्य युवाओं को प्रेरित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें सम्मानित करते हैं। यह व्यक्तित्व विरले व्यक्तियों में ही देखा जाता है जो अपने समाज के प्रति इतना ईमानदार वफादार एवं समर्पित हो। पिछले 2 वर्षों में कोरोना काल के दौरान गुर्जर समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लोगों को एडवोकेट बिधूड़ी ने आर्थिक सहायता भी प्रदान की तथा उन्हें फ्री राशन भी उपलब्ध कराया। सामाजिक कार्यों में उनके बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के कारण वह अपने समाज में चर्चा में रहते हैं।

# ई-नीलामी से होने वाली आय देश की जीवन रेखा के संरक्षण के नेक काम के लिए दी जाएगी: जी.किशन रेड्डी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जी किशन रेड्डी, केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री (डीओएनईआर) ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा का दौरा किया और मीडिया के साथ ई-नीलामी के लिए प्रधानमंत्री के स्मृति चिन्हों के प्रदर्शन स्थल का अवलोकन किया। केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन औरपूर्वोत्तरक्षेत्रविकासमंत्री(डीओएनईआर) जी.किशन रेड्डी ने 2 अक्टूबर को नई दिल्ली में राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा का दौरा किया और प्रधानमंत्री द्वारा प्राप्त विभिन्न उपहारों का निरीक्षण किया तथा ई-नीलामी की प्रगति की समीक्षा की। मंत्री के साथ संस्कृति सचिव, गोविंद मोहन, महानिदेशक एनजीएमए अद्वैत गडनायक और मंत्रालय तथा एनजीएमए के वरिष्ठ अधिकारी भी थे। महात्मा गांधी की 152वीं जयंती के उपलक्ष्य में, संस्कृति मंत्री ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की और अचानक ही कैनवास पर महात्मा गांधी के चश्मे का चित्र बनाया जो उनकी सादगी को प्रदर्शित करता है और इसके कैप्शन में ह्लस्वच्छताह्व लिखा है। यह भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रदान किए गए प्रतिष्ठित और यादगार उपहारों की ई-नीलामी का तीसरा दौर है और 17 सितंबर से 7 अक्टूबर 2021 तक वेब पोर्टल https://pmmementos.gov.in के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'नरेन्द्र मोदी भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने उन्हें प्राप्त हुए सभी उपहारों की नीलामी करने का फैसला किया है। ई-नीलामी से होने वाली आय देश की जीवन रेखा- नमामि गंगे के माध्यम से पवित्र नदी गंगा के संरक्षण के नेक काम के लिए दी जाएगी। रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अक्सर गंगा को देश के सांस्कृतिक गौरव और आस्था का प्रतीक बताया है। इस वर्ष 1348 स्मृति चिन्हों की ई-नीलामी की जा रही है। स्मृति चिन्हों में टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों और टोक्यो 2020 ओलंपिक खेलों के विजेताओं द्वारा प्रधानमंत्री को उपहार में दिए गए खेल उपकरण शामिल हैं। मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा, '1 अक्टूबर को, 1081 वस्तुओं के लिए बोलियां प्राप्त हुई हैं और स्मृति चिन्ह राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा, नई दिल्ली में प्रदर्शित किए हैं। केंद्रीय मंत्री ने उन सभी लोगों को प्रोत्साहित किया जो देश की जीवन रेखा के संरक्षण में योगदान देने की भावना रखते हैं। उन्होंने कहा कि पवित्र गंगा नदी के संरक्षण के लिए 'नमामि गंगे' अभियान में योगदान देने के लिए ई-नीलामी के माध्यम से भाग ले सकते हैं। रेड्डी ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने अक्सर गंगा को देश के सांस्कृतिक गौरव और आस्था का प्रतीक बताया है। उत्तराखंड के गौमुख में नदी के उद्गम स्थल से लेकर पश्चिम बंगाल में समुद्र में मिल जाने तक; शक्तिशाली नदी देश की आधी आबादी के जीवन को समृद्ध बनाती है।

# स्मार्ट सिटी द्वारा साइकिल यात्रा करके किया लोगों को किया जागरूक: डॉक्टर गरिमा मित्तल

» मदरलैंड संवादाता



फरीदाबाद। स्मार्ट सिटी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ गरिमा मित्तल ने बताया कि रविवार को स्मार्ट सिटी द्वारा तिरंगा रोड, बड़खल फ्लाईओवर सेक्टर- 19 व सेक्टर 28 में एक प्रातः कालीन साईकिल यात्रा का आयोजन किया गया। इस साईकिल यात्रा में लगभग 125 लोगों ने भाग लेकर साईकिल यात्रा करके लोगों को स्वच्छ एवं पर्यावरण युक्त फरीदाबाद बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि रैली साईकिल रैली का मुख्य उद्देश्य फरीदाबाद के बढ़ते प्रदूषण को रोकना, सड़कों पर यातायात के नियमों की सही पालना करना, फरीदाबाद को स्वच्छ एवं सुंदर रखना सहित स्मार्ट सिटी के अन्य उन पहलुओं पर भी जागरूक किया जा रहा है। जो कि हर आदमी इन नियमों की आसानी से पालना कर सकता है।

आईएएस डॉ गरिमा मित्तल ने आगे बताया कि देश में भारत सरकार द्वारा 100 स्मार्ट सिटी शहर बनाए गए हैं। उनमें फरीदाबाद भी शामिल है। भारत सरकार ने देश के आजादी के 75 वर्ष को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। स्मार्ट सिटी द्वारा गत 27 सितंबर से आज 3 अक्टूबर तक यह साप्ताहिक अमृत महोत्सव मनाया गया है। इसमें स्मार्ट सिटी में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रमों में साइकलिंग, यातायात के नियमों की पालना करना, घरों की साफ-सफाई रखना और आसपास पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने में अपनी सहभागिता रखने सहित अन्य फरीदाबाद को ग्रीन व क्लीन बनाए रखने में अपना योगदान देने के बारे जागरूक किया गया है।

साइकिल रैली में स्मार्ट सिटी के अधीक्षक विनोद विनोद गौड़, दिलबाग सिंह, किशोर कुमा,र रोड सेफ्टी संगठन के सरदार देवेंद्र सिंह, राकेश भाटिया, संजीव ग्रोवर सहित कई गणमान्य व्यक्तियों व बच्चों ने भाग लिया।

# कोरोना वायरस के बचाव में फरीदाबाद जिला बना भारत में नंबर वन: जितेंद्र यादव

» अनूप चौधरी, मदरलैंड संवादाता




फरीदाबाद। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के कोरोना वायरस के बचाव के लिए फरीदाबाद जिला भारत का सबसे पहला जिला बना है। इसके लिए जिला के सभी नागरिकों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित करके यह मिसाल कायम की है। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला में 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की लगभग जनसंख्या 15 लाख 81 हजार है। इसके अलावा जिला फरीदाबाद में हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब सहित अन्य प्रांतों से आए कोविड-19 के कोरोना संक्रमण के लोगों का भी उपचार किया गया है। फरीदाबाद भारत में कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए नंबर वन जिला बनने के लिए फरीदाबाद के हर नागरिक ने अपनी भागीदारी की सुनिश्चित करके यह एक मिसाल कायम की है।

इसके अलावा फरीदाबाद के आयुक्त संजय जून के कुशल मार्ग दर्शन में एमसीएफ के कमिश्नर यशपाल, अतिरिक्त उपायुक्त सत्यबीर मान,सहित तमाम प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों, स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ रणदीप पुनिया, वर्तमान जिला चिकित्सा अधिकारी विनय गुप्ता, डॉक्टर राजेश श्योकंद, डॉक्टर राम भगत, डॉ मानसिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों का बेहतर योगदान रहा है।

आपको बता दें जिला फरीदाबाद में कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए किए जा रहे वैक्सीनेशन की पहली डोज भी सभी नागरिकों को लग चुकी है। अब बाकी के बचे लोगों को दूसरी डोज आगामी दीपावली का त्यौहार तक पूरी कर ली जाएगी।

उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने बताया कि कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए आक्सीजन, वैक्शीनेशन और वैन्टीलैटर सहित तमाम चिकित्सा सुविधाएं लोगों को मुहैया करवाई गई थी। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार कोरोना वायरस के बचाव के लिए आम जनता ने भी सामाजिक दूरी, मुहं पर मास्क लगाना, हाथो को बार- बार सनेटाइजर करते रहने सहित सभी नियमों की पालना सुनिश्चित की गई।

जिला उपायुक्त ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार अभियान बनाकर जिला में कोई भी व्यक्ति कोरोना संक्रमण के बचाव के वैक्शीनेशन से जिला में वंचित नही रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारा जिला वैसे भी प्रदेश में संवेदनशील जिलों में शामिल है। क्योंकि हमारे जिला में देश के सभी प्रांतों और अन्य देशों के लोग यहां रहते हैं।

कोविड-19 के नियमों की पालना सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी स्थानों पर सुनिश्चित गई। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सोशल डिस्टेंस रखना, मुंह पर मास्क लगाना, सैनिटाइजर करना सहित अन्य सभी हिदायतें पूरी सुनिश्चित की जा रही है।

इसके लिए टीमें गठित की गई थी। इसके अलावा मोबाइल टीमें और ट्राजिंट टीमें भी बनाई गई थी। जिला में नान माईग्रेटिड हाई रिस्क 26 क्षेत्र और कुल 571 क्षेत्र है। इनमें स्लम की 327, ईट भट्टे 121और निमार्णाधीन साईटो के लिए 57 टीमें गठित की गई थी।

कोरोना संक्रमण अभियान के तहत शिक्षा,महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग,रोड़वेज तथा अन्य समाजसेवी संगठनों का भी सहयोग लिया गाया

जिला में कोविड-19 के लिए वैक्शीनेशन का अभियान अब चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता के साथ कार्य कर रही हैं।

# 'श्रीमान 56 इंच' भारत की भूमि पर बढ़ते चीनी कब्जे के बराबर है : राहुल गांधी

## लद्दाख, उत्तराखंड में चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर कांग्रेस नेता का सरकार पर हमला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भारतीय क्षेत्र लद्दाख और उत्तराखंड में कथित चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर रविवार को मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए हमला बोला। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनावों के लिए रैलियों में की गई ह्य56 इंच की छाती वालीह्व टिप्पणी को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने लद्दाख और उत्तराखंड का जिक्र करते हुए ट्वीट किया, चीन प्लस पाकिस्तान प्लस ह्यश्रीमान 56 इंचह्व भारत की भूमि पर बढ़ते चीनी कब्जे के बराबर है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के करीब 100 सैनिक 30 अगस्त को उत्तराखंड के बाराहोटी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को पार कर आ गए थे। घटना की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया था कि चीनी सैनिक कुछ घंटे बिताने के बाद इलाके से लौटे।

चीन के उल्लंघन पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई थी। पूर्वी लद्दाख में कई इलाकों में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच जारी गतिरोध के बीच यह घटना हुई, हालांकि दोनों पक्षों ने दो संवेदनशील स्थानों से पीछे हटने का काम पूरा कर लिया है। चीन ने इस क्षेत्र में एलएसी के आस-पास बुनियादी ढांचे के विकास को काफी बढ़ा लिया है। भारत पूर्वी लद्दाख गतिरोध के बाद लगभग 3,500 किलोमीटर लंबी एलएसी पर कड़ी निगरानी बनाए हुए है। राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी लद्दाख में कथित चीनी घुसपैठ को लेकर सरकार पर हमले बोलती रही है।

## जिले में सैकड़ों बीमार, ग्रामीणों ने पीएम-सीएम से लगाई गुहार


» **अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता**

एटा। जिले में शुक्रवार और शनिवार को बुखार से 14 लोगों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर ग्रामीणों की जांच कर रही है। फिर भी हालात नहीं सुधर रहे हैं। लोग सरकार से गुहार लगा रहे हैं।

जिले में बुखार का प्रकोप बना हुआ है। मारहरा ब्लॉक क्षेत्र के गांव सिरसा बदन में हर घर में चारपाई बिछी है। सैकड़ों लोग बीमार हैं। ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर पत्र वायरल कर पीएम मोदी और सीएम योगी से बीमारी से बचाने की गुहार लगाई है। बता दें कि इस गांव में हाल ही में बुखार से चार लोगों की मौत हो गई। वहीं चार व्यक्तियों में डेंगू के लक्षण मिले थे।

सीएमओ डॉ. उमेश त्रिपाठी गांव में पहुंचे। उन्होंने यहां तीन स्वास्थ्य कैंप लगवाए। मच्छर रोधी दवा का छिड़काव कराया गया। उधर, शीतलपुर क्षेत्र के गांव बारथर और जलेसर क्षेत्र के टिमरुआ में भी हालात खराब है। दोनों गांव में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। बुखार ने पूरी तरह से जिले को अपनी चपेट में ले लिया है। मरीज लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पहले गांव ओनघाट में हालात बिगड़े, जहां स्वास्थ्य टीम द्वारा मरीजों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। अब शीतलपुर ब्लॉक के ही गांव बारथर के हालात बिगड़ गए हैं। यहां बुखार से दो व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। कई लोग आगरा में इलाज करा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैंप लगाया गया। इसके बाद भी बुखार पर नियंत्रण नहीं हो सका है। गांव सिरसा बदन में भी सैकड़ों ग्रामीण बीमार हैं। गांव के ग्रामीणों ने एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल किया है। जिसमें लिखा है कि गांव में 1500 से 1800 लोग बीमार हैं। मोदी जी और योगी जी आप तक यह पत्र पहुंचे तो समाधान निकालें। यह पत्र वायरल होने के बाद सीएमओ गांव पहुंचे। उन्होंने गांव का निरीक्षण कर लोगों से बात की।





सीएमओ ने कहा कि 18 घरों में लार्वा मिला है। इससे पता चलता है कि लोग कूलर व फ्रिज को साफ नहीं करते हैं। उन्होंने स्वास्थ्य टीमों को निर्देश दिए कि मरीजों की डेंगू सहित मलेरिया की जांच की जाए। जो व्यक्ति डेंगू व मलेरिया से ग्रसित निकलें, उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जाए। शिविरों में 210 मरीजों की जांच की गई।

## टीबी मुक्त भारत अभियान में ग्राम प्रधान करेंगे सहयोग



मदरलैंड संवाददाता, आगरा,। टीबी मुक्त भारत अभियान में अब ग्राम प्रधान भी अहम भूमिका निभाएंगे। वह ग्रामीणों को टीबी से बचाव के उपाए बताएंगे। इसके लिए जिला क्षय रोग विभाग द्वारा जनपद में ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. संत कुमार ने बताया कि टीबी से मुक्ति पाने के लिए शासन ने प्रधानों की भी जिम्मेदारी तय कर दी है। राज्य स्तर से पंचायती राज विभाग को मिले दिशा-निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग के कर्मी प्रधानों को टीबी से बचाव की ट्रेनिंग दे रहे हैं। यह ट्रेनिंग ब्लॉकवार हो रही है। डीटीओ ने बताया कि विभाग ग्राम प्रधानों को टीबी के लक्षण, होने वाली दिक्कतें, बचाव आदि के बारे में ट्रेनिंग दे रहा है।

## आत्महत्या करने आए युवक को खाकी ने बचाया

### संपत्ति विवाद के चलते करने चला था आत्महत्या

» **मदरलैंड संवाददाता**



एटा। पारिवारिक कलह से परेशान हो आत्महत्या करने जा रहे युवक की थाना पिलुआ पर तैनात पुलिस कर्मियों ने बचाई जान। थाना पिलुआ पर तैनात आरक्षी प्रदीप कुमार एवं आरक्षी मनोज कुमार थाना क्षेत्र में कोबरा मोबाइल से गश्त कर रहे थे तभी उनकी नजर एक युवक पर पड़ी जो सुन्ना नहर के पुल पर खड़ा था एवं काफी परेशान व उदास नजर आ रहा था साथ ही ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह नहर में कूदने वाला है। स्थिति को भांप कर दोनों पुलिसकर्मियों ने तुरन्त दौड़कर युवक को नहर में कूदने से बचाया। युवक को बचाते वक्त वह बार-बार आत्महत्या कर लेने की बात कह रहा था। युवक को समझा बुझाकर थाना पिलुआ लाया गया, जहां पर प्रभारी निरीक्षक पिलुआ राजीव कुमार द्वारा उसकी परेशानी व आत्महत्या करने प्रयास का कारण पूछा गया तो उसने अपना परिचय विकास पुत्र कुंवरपाल निवासी ग्राम सुन्ना थाना पिलुआ बताया। पुलिस द्वारा पूछने पर उसने बताया गया की बड़े भाई के साथ संपत्ति के विवाद को लेकर वह काफी समय से परेशान चल रहा है इसी वजह से वह सुन्ना नहर में आत्म हत्या करने के इरादे से आया था। युवक के परिजनों को सूचित कर थाने पर बुला कर बड़े भाई के साथ चल रहे संपत्ति के विवाद को आपसी मतभेद भुलाते हुए सुचारू रूप से सुलझाने की हिदायत देते हुए परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दबंगों ने किशोर के साथ की लाठी-डंडों से जमकर मारपीट गंभीर रूप से घायल

मदरलैंड संवाददाता, आगरा। जनपद के बाह थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव चौरंगा बीहड़ में जंगल में पशु चराने गये किशोर को दबंगों ने लाठी-डंडों से जमकर मारपीट कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घायल का मेडिकल कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मोहित पुत्र सुरेश उम्र करीब 10 वर्ष निवासी गांव चौरंगा बीहड़ थाना बाह शनिवार को दोपहर अपने पशुओं को चराने गांव के किनारे जंगल में गया था पशु चराने के दौरान गांव के ही दबंगों से विवाद हो गया। दबंगों ने लाठी-डंडों से किशोर की जमकर मारपीट कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। किशोरी की मां मनोज कुमारी का आरोप है कि उसका छोटा बेटा मोहित पशु चराने जंगल में गया था तभी गांव के ही दबंग युवक सुदीप पुत्र राम कैलाश, रितेश देवी, रमाकांत पुत्र रामबरन डंडा लेकर आए और पशु चराने से मना किया। किशोर द्वारा विरोध करने पर लाठी-डंडों से जमकर मारपीट कर दी बचाने आया बड़े बेटे को बीच-बचाव के दौरान जमकर मारा पीटा जिसके कारण किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। महिला घायल किशोर को लेकर थाने पहुंची और पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल किशोर का मेडिकल कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से कटकर 5 गायों की हुई मौत ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

मदरलैंड संवाददाता, आगरा। आगरा जनपद के थाना बसई अरेला क्षेत्र के अंतर्गत गांव स्हाईपुरा के पास आगरा इटावा रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से पांच बेजुबान गायों की कटकर मौत हो गई। गायों की मौत पर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए आबादी क्षेत्र में तारबंदी की मांग की है। जानकारी के अनुसार बसई अरेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव स्हाईपुरा के पास गुजरी आगरा इटावा रेलवे लाइन पर शनिवार की रात को ट्रेन की चपेट में आने से 5 बेजुबान गायों की कटकर मौत हो गई। रविवार सुबह ग्रामीणों ने रेलवे लाइन के पास गायों की क्षत-विक्षत शवों को देखा तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गायों के कटने की जानकारी की और जेसीबी मशीन बुलाकर ग्रामीणों की मदद से सभी मृत गायों के शवों को गड्ढा खोदकर जमीन में दफन कर अंतिम संस्कार किया गया। वही ग्रामीणों ने बेजुवान पशुओं की की मौत को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे लाइन के पास तारबंदी बाढ़ नहीं लगे होने के कारण आए दिन ट्रेनों से कटकर पशुओं की मौत हो रही है। पूर्व में भी दर्जन भर से अधिक गायों की ट्रेन की चपेट में आने से कटकर मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रशासन एवं रेलवे विभाग से आबादी वाले क्षेत्र में तारबंदी बाड़ लगाने की मांग की है।

### कोविड महामारी एक्ट उल्लंघन से जुड़े केस वापस लेने के निर्देश

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण होने के बाद प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कोविड महामारी एक्ट उल्लंघन से जुड़े केस वापस लेने का निर्देश दिया है। उनके निर्देश के बाद गृह विभाग ने जिलों को इस बाबत आदेश भी जारी कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कोविड-19 प्रबंधन के लिए गठित टीम-09 के साथ समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिश-निदेश जारी किया।

## युवती ने इंटरनेट एप पर ब्लैकमेल कर युवक को ठगा

» **मदरलैंड संवाददाता**

एटा। इंटरनेट एप के माध्यम से युवती ने बिहार के युवक को अपने जाल में फंसाया और ब्लैकमेल कर ठगी का शिकार बना लिया। बिहार का युवक एटा में रहकर एक रोड प्रोजेक्ट के कार्य में लगा है। अभिषेक ओझा निवासी शहर व जिला गोपालगंज बिहार हाल निवासी गांव आसपुर ने शनिवार को थाना मलावन में मुकदमा दर्ज कराया।

अभिषेक का कहना है कि वह एक इंटरनेट एप का प्रयोग करता है। इस एप के माध्यम से एक युवती से बात होने लगी। उसने अपना नाम पूजा बताया। इसके बाद युवती ने अपना व्हाइट्सएप नंबर दिया। इस पर वीडियो कॉल और मैसेज से बात होने लगी। वीडियो कॉल करते समय युवती ने स्क्रीन शॉट ले लिए। युवक का आरोप है कि स्क्रीन शॉट के माध्यम से पूजा नाम की युवती ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। धमकी दी कि खाते में रकम नहीं डाली तो वीडियो नेट पर अपलोड कर देगी। युवती ने अपने खाते में दो बार में 41 हजार रुपये डलवा लिए। इसके बाद भी अलग-अलग नंबरों से कॉल करके परेशान किया जाने लगा। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर छह सितंबर को एसएसपी को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। उनके आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रभारी साइबर सेल अरविंद सिवाल का कहना है कि किसी भी अंजान नंबर पर कोई भी व्यक्तिगत या महत्वपूर्ण जानकारी न दे। गूगलपे, फोनपे, पेटीएम आदि पर आने वाली ओटीपी को शेयर न करें। अगर ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत 155260 अथवा 112 पर कॉल कर जानकारी मुहैया कराएं। ताकि ठगी के मामलों को रोका जा सके।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई

» **मदरलैंड संवाददाता**



आगरा। शनिवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर सरकारी हॉस्पिटल व बाल्मीकि चौक जगनेर मैं स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जोगेंद्र गुर्जर युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अमित पाराशर पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश उपाध्याय शिवकुमार शर्मा विजेंद्र कुशवाहा विशाल परमार महेंद्र सिंह सिकरोदिया रवि सोलंकी रूपेश कुमार उस्मान अली मयंक उपाध्याय लोकेश जाटव बीनू परमार कान्हा डॉ रिंकू राघव अंकित परमार सौरभ गर्ग अमित बिंदल शेरू सेन लक्ष्मी नारायण शर्मा बॉबी पवन पहलवान सौरव शर्मा शौर्य मुद्गल उत्तम बाल्मिक जितेंद्र कुमार रामकुमार गुर्जर अमन कुशवाहा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सतीश महाना के आफिस जबरन घुसने और तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू की

**कानपुर, एजेंसी।** कैबिनेट मंत्री सतीश महाना के आफिस में जबरन घुसने और तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।कार्रवाई से आक्रोशित समाजवादी पार्टी के नेताओं ने चकेरी थाना घेरकर हंगामा शुरू कर दिया है।तनाव के देखकर आसपास के थानों का फोर्स बुला लिया गया है। शनिवार को बेरोजगारी, महंगाई और विकास कार्य नहीं होने का आरोप लगाकर सपा कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री सतीश महाना के कार्यालय में जमकर हंगामा किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोका,तब दोनों ओर से झड़प होने लगी। मारपीट की नौबत के बीच हाथापाई शुरू होने लगी। पुलिस ने लाठियां पटककर सपा कार्यकर्ताओं को खदेड़ा तब जाकर मामला शांत हो सका। दो नामजद सहित 300 अज्ञात के खिलाफ चकेरी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। शनिवार रात से लेकर सोमवार सुबह तक पुलिस इस मामले में छह लोगों को हिरासत में लिया।

बताया जाता है कि सपा नेता फतेह बहादुर सिंह गिल दोपहर को दो दर्जन से अधिक साथियों के साथ सतीश महाना को फूल और तिरंगा भेंट करने जा रहे थे। मंत्री के कार्यालय में पहले से ही बड़ी संख्या में भाजपा के लोग भी मौजूद थे। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं को अंदर जाने से रोका,तब विवाद होने गया। देखते ही देखते हंगामा और नारेबाजी शुरू हो गई। सड़क पर जाम लग गया। दोनों ओर से बवाल शुरू होता, इससे पहले ही भारी पुलिस फोर्स पहुंची और हंगामा कर रहे लोगों को लाठी लेकर दौड़ा दिया। एसीपी कैंट मृगांग शेखर ने बताया कि मामला शांत हो गया। महाना का कहना था कि बिना किसी सूचना के सपा कार्यकर्ता जबरन कार्यालय में घुसकर अभद्रता कर रहे थे। इस पर कार्यकर्ताओं से विवाद हुआ। कहा कि ये सभी सपा के गुंडे थे।

## केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, देश में कोई किसान आंदोलन नहीं, बल्कि चुनाव आंदोलन चल रहा

**लखीमपुर-खीरी, एजेंसी।** यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को खीरी पहुंचकर 117 करोड़ रुपए की 165 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। लखीमपुरखीरी को योजनाओं की सौगात देकर मौर्य ने विपक्ष को आड़े हाथ लिया। 10 महीने से हो रहे किसान आंदोलन को लेकर उन्होंने कहा कि किसान हमारे अपने हैं, बैरी नहीं है। वह किसानों के बीच जा रहे हैं, किसानों की जो समस्या होगी उस सुनने को तैयार है। हालांकि उपमुख्यमंत्री ने चलते चलते यह भी कह दिया कि देश में कोई किसान आंदोलन नहीं चल रहा, चुनाव आंदोलन चल रहा है।

उपमुख्यमंत्री मौर्य लखीमपुर में सरकारी योजना के शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम के बाद केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के पैतृक गांव बनवीरपुर रवाना हो गए। उनके आने से पहले ही वहां मौजूद किसानों ने उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का विरोध करते हुए जमकर प्रदर्शन किया था। किसानों ने उप मुख्यमंत्री के लिए बने हेलीपैड पर कब्जा कर उस पर अपनी ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर दी थी।

बनवीरपुर गांव से पहले तिकुनिया के महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के मैदान पर सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद हैं। उनके हाथों में काले झंडे हैं। किसानों की नाराजगी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को लेकर है। किसानों ने ऐलान किया है जो भी भाजपा का नेता इधर आएगा, उससे उनके विरोध का सामना करना पड़ेगा। किसानों का यह विरोध प्रदर्शन तीन कृषि कानून के खिलाफ है।

## मनीष की पत्नी मीनाक्षी ने आरोपी पुलिसवालों से खुद और परिवार को जान का खतरा बताया

**कानपुर, एजेंसी।** गोरखपुर के होटल में पुलिस चेकिंग के दौरान कानपुर के व्यापारी मनीष गुप्ता की संदिग्ध मौत के बाद से यूपी पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। मामले में आरोपी बनाए गए पुलिसकर्मियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस बीच रविवार को मनीष की पत्नी मीनाक्षी ने गोरखपुर से फरार पुलिसवालों से खुद की और परिवार की जान को खतरा बताया।



मीनाक्षी ने कहा कि जब पुलिस ने बिना किसी वजह के उनके पति को मार डाला, तब उन्हें मारने के लिए पुख्ता वजह है। उन्होंने कहा कि 60 घंटे बाद आरोपी पुलिसवाले फरार हैं। उनकी फरारी से मेरा पूरा परिवार संकट में हैं। जब वे बिना किसी वजह के मनीष की हत्या कर सकते हैं, तब मुझे मारने की तब उनके पास वजह है। मैंने उन पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मैं इंसाफ के लिए लड़ रही हूं।

मामले में गोरखपुर पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर शुरू से ही सवाल खड़े हो रहे हैं। मनीष अपने दो दोस्तों हरदीप सिंह चौहान और प्रदीप सिंह चौहान के साथ गोरखपुर घूमने गए थे। यहां ये लोग होटल कृष्णा पैलेस के रूम नंबर 512 में ठहरे थे। हरदीप ने बताया कि सोमवार रात 12:30 बजे पुलिस होटल में चेकिंग करने पहुंची। मनीष को सोते हुए जगाया तब मनीष ने पूछा इतनी रात में चेकिंग किस बात की हो रही है। क्या हम आतंकी हैं? इस पर पुलिस वालों ने मनीष को पीटना शुरू दिया। इसके बाद घायल मनीष को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के हाथों निर्दोष नागरिक के कत्ल की खबर पर बवाल मचा, तब अफसरों ने मदद करने की बजाए मीनाक्षी पर पति की हत्या के मामले में एफआईआर न दर्ज कराने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया में मनीष के परिवार वालों से गोरखपुर के डीएम और एसएसपी की बातचीत का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें डीएम और एसएसपी के अलावा मनीष की बड़ी बहन और बहनोई की आवाज सामने आ रही है। डीएम जहां कोर्ट कचहरी के चक्कर में न पड़ने की सलाह दे रहे हैं, वहीं एसएसपी कह रहे हैं उन्हें नौकरी नहीं मिलेगी। मनीष के बहनोई न्याय की मांग कर रहे हैं, तब बहन जान के बदले जान मांग रही हैं। वीडियो में कुछ यूं कहते नजर आ रहे हैं ये लोग। फिलहाल इस वीडियो की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है।

इस बीच शनिवार को गोरखपुर पहुंची एसआईटी टीम ने जांच शुरू कर दी, लेकिन आरोपी अब भी फरार हैं। पहले दिन ही टीम ने सात घंटे होटल में बिताए। उन्होंने पूरे होटल और मनीष के कमरे का बारीकी से निरीक्षण किया। एसआईटी के साथ फोरेंसिक टीम प्रभारी भी रहे। कमरे में फोरेंसिक जांच कराने के अलावा वहां के कर्मचारियों से पूछताछ की गई। विवेचना करने वाली टीम ने अब तक जुटाए गए साक्ष्यों के बारे में पूछा। अन्य लोगों के भी बयान भी दर्ज किए।

## सौ मीटर दौड में स्नेहलता ने मारी बाजी

» **मदरलैंड संवाददाता**

- कबडडी बालिका वर्ग मे अमृतपुर विजेता कृष्णा बालिका कालेज उप विजेता रही
- बालिका बालीबाल में मा बृजरानी स्कूल , बालक वर्ग में कोयला टीम रहीं बिजेतां

मारहरा/एटा। विकास खण्ड मारहरा की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मां बृजरानी स्कूल धीरज नगर मिरहची में आयोजित किया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ विकास खंड मारहरा क्षेत्र पंचायत के अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख रवि वर्मा एवं युवक मंगल दल के ब्लाक अध्यक्ष डा0 घीरज चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में सैकडों खिलाडियों ने दम खम के साथ हिस्सा लिया। बिजई प्रतिभागियों को खंड विकास अधिकारी मारहरा मनोज कुमार एवं पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी योगराज सिंह ने संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया।

शुभारंभ के अवसर पर बोलते हुए ब्लाक प्रमुख रवि वर्मा ने खिलाडियों से कहा कि खेल प्रतिभाओं के माध्यम से भी आप अपने जीवन में आत्म निर्भर बन सकते हैं। जिनमें एथलीट के खिलाडियों को क्रिकेट से अधिक लाभ हो सकता हैं इस जिले से बहुत से एथलीट खिलाडी स्टेट एवं नेशनल खेलों में प्रतिभाग कर चुके हैं। सौ मीटर बालिका वर्ग दौड में स्नेहलता प्रथम, गीता द्वितीय, एवं प्रीती तृतीय रहीं। दो सौ मीटर दौड में स्नेहलता प्रथम, रिशू द्वितीय एवं शिखा तृतीय रही। चार सौ मीटर दौड में सुषमा प्रथम, शीतल द्वितीय एवं मुस्कान और कीर्ती तृतीय रहीं। आठ सौ मीटर दौड में राखी वर्मा प्रथम, सविता द्वितीय एवं कीर्ती तृतीय रहीं। 1500 मीटर दौड में गीता प्रथम, शिखा द्वितीय एवं राखी वर्मा तृतीय रहीं। लंबी कूद में आरती प्रथम, शिल्पा द्वितीय एवं सीमा तृतीय रहीं। गोला फैंक, में आरती प्रथम, सपना द्वितीय एवं पूनम तृतीय रही। कवडडी में अमृतपुर टीम विजेता एवं कृष्णा बालिका कालेज उप विजेता रही। बॉलीवाल में मां बृजरानी स्कूल विजेता एवं शिवम उ0मा0 विद्यालय स्लामपुर पीली की टीम उप विजेता रही।

बालक वर्ग की सौ मीटर दौड में आकाश बाबू प्रथम, बृजेश कुमार द्वितीय एवं प्रभाकर तृतीय रहे। दो सौ मीटर बालक वर्ग में मनीष प्रथम, आकाश बाबू द्वितीय एवं सचिन कुमार तृतीय रहे। चार सौ मीटर दौड में अनुराग प्रथम, मयंक द्वितीय एवं धर्मबीर तृतीय रहे। आठ सौ मीटर दौड में अबधेश प्रथम, राहुल कुमार द्वितीय, बिजेन्द्र कुमार तृतीय रहे। 1500 मीटर दौड में अजय कुमार प्रथम, मंजीत कुमार द्वितीय एवं दीपक कुमार तृतीय रहे। वेट लिप्टिंग में युवराज सिंह प्रथम रहे। गोला फेंक में विवके कुमार प्रथम, प्रतीक चौधरी द्वितीय एवं योगेश कुमार तृतीय रहे। कबडडी में लोधामई टीम विजेता एवं तरबरपुर टीम उप विजेता रही। बॉलीवाल में कोयला टीम विजेता एवं मारहरा टीम उप विजेता रही। कुश्ती बालक वर्ग में शिवकुमार मारहरा के सामने कोई भी पहलवान कुश्ती के लिए नहीं आया जिससे उन्हें निर्णायक कमेटी ने विजेता शोषित कर दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में पीटीआई जयराम सिंह, संतराम, दर्शनबाबू, प्रतेन्द्रपाल सिंह, शेर सिंह, बीरेश, कमलकृष्ण, अनार सिंह, बंटी सिंह, नीरेश कुमार, गौरव शर्मा तेजबीर सिंह, राजेश कुमार, राजपाल सिंह, आशीष कुमार, हुकुम सिंह रहे।

## यूपी में महामारी अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे खत्म

### मुकदमों को व्यापक जनहित में खत्म करने के सीएम ने दिए आदेश

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 महामारी अधिनियम के उल्लंघन के आरोप में दर्ज मुकदमों को खत्म करने के आदेश दिए हैं। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि मुख्यमंत्री ने रविवार को कोविड-19 प्रबंधन के लिए गठित टीम-9 की बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों को कोविड-19 महामारी के उल्लंघन से जुड़े मुकदमों को व्यापक जनहित में खत्म करने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने गृह विभाग को इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने के आदेश दिए हैं।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने कोविड-19 महामारी के दौरान बिना किसी कारण के घर से बाहर निकलने तथा भीड़ इकट्ठा करने समेत कोविड-19 प्रोटोकॉल के विभिन्न प्रकार के उल्लंघन के मामलों में हजारों मुकदमे दर्ज किए थे। विशेष रूप से राजनीतिक आयोजनों को लेकर बड़ी संख्या में ऐसे मामले पंजीकृत हुए थे। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कोरोना वायरस की दूसरी लहर के बाद सरकार के प्रयासों से संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। आज प्रदेश के 31 जिलों में कोविड-19 संक्रमण का एक भी मरीज नहीं है। प्रदेश में अब तक 10,91,52,448 लोगों को कोविड-19 टीके की खुराक दी जा चुकी है। योगी ने कोविड-19 प्रबंधन के लिए गठित टीम को निर्देश दिया कि आगामी पांच अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लखनऊ आगमन के सिलसिले में सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं और कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी लोगों के लिए आरटीपीसीआर जांच अनिवार्य की जाए।

## महात्मा गांधी जी की जयंती पर स्वच्छता अभियान चला कर लिया स्वच्छता का प्रण

### स्वच्छता अभियान को लेकर कर रहे है जागरूकः डॉ सुनील राजपूत

» **शंकरदेव तिवारी, मदरलैंड संवाददाता**

आगरा। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री, लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर विचार गोष्ठी एवं स्वच्छता अभियान का अयोजन एस.बी.एस स्कूल कीठम मे किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलामंत्री भाजपा डॉ सुनील राजपूत विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलामहामंत्री अभिषेक लोधी रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिकरवार किया ने किया।

इस मौके पर नवनियुक्त ज़िला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा अभिषेक लोधी का स्वागत किया।

जिलामंत्री भाजपा डॉ सुनील राजपूत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकताओं में देश की स्वच्छता सर्वोपरि है। आज सभी लोग अपने क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर जनजागरूकता लाने का कार्य कर रहे है। देश व प्रदेश को स्वच्छ बनाने की ज़िम्मेदारी किसी एक व्यक्ति, सरकार या किसी एक संस्था की नही है। देश का प्रत्येक नागरिक अगर अपनी ज़िम्मेदारी समझे कि शहर, गली, मोहल्ला को साफ रखने की ज़िम्मेदारी हम सभी की है। जिस दिन प्रत्येक नागरिक इस स्वच्छता अभियान से अपने आप को जोड़ लेगा तभी से निश्चित रूप से ही शहर स्वच्छ दिखने लगेगा।स्वच्छता अभियान के बाद लोगों को स्वच्छता से होने वाले फायदों को बताया गया।

जिलामहामंत्री अभिषेक लोधी ने कहा कि अपने आस पास स्वच्छता बनाए रखना हम सबका कर्तव्य है।इसके लिए सरकारी गैर सरकारी मदद के साथ हम सभी को आगे आकर स्वच्छता के अभियानों से जुड़ना चाहिए। अगर लोग ठान लें तो गाँव, शहर क्या पूरा देश स्वच्छ साफ हो सकता है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिकरवार, भूरा चाचा, योगेन्द्र चौधरी मंडल महामंत्री, कन्हैया लाल कटारा, रोहित परमार, मंडल मंत्री सतेंद्र कुशवाह, राहुल परमार, सचिन अग्रवाल, सुनील गोयल, सुधीर चौधरी, मंगेश सिकरवार आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सैन्यधाम के नाम से जाएगा पांचवा धाम, देहरादून में होगी स्थापना

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। देहरादून में चल रही पांचवें धाम की स्थापना की जाएगी जो कि सैन्यधाम के नाम से जाना जाएगा। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता शहीदों के गांव से मिट्टी एकत्र करके लाएंगे। उक्त बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। इसके अलावा प्रदेशभर में होने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। रुड़की के सिविल लाइन स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि प्रदेश में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों भाजपा अन्य दलों से बहुत आगे है। करीब 6 माह से विभिन्न कार्यक्रमों को प्रदेश के सभी 11235 बूथों और शक्ति केंद्रों पर आयोजित किया गया है। कहा कि अब भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करेगी जिसमें देहरादून में सैन्यधाम जो कि पांचवे धाम के रूप में जाना जाएगा उसके निर्माण के प्रति भाजपा के कार्यकर्ता शहीदों के गांवों में जाकर वहां की मिट्टी लाएंगे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रदेश में दो स्थानों पर की जाएगी। एक स्थान पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दूसरे स्थान पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट करेंगे। कहा कि इसके साथ ही दीवार लेखन कार्यक्रम भी आयोजित होगा जिसकी शुरूआत भी प्रदेश में दो स्थानों पर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष करेंगे। इस कार्यक्रम में भाजपा की नीतियों को दीवारों पर अंकित किया जाएगा। वहीं प्रदेश में कुछ स्थानों पर बड़े स्तर पर एवं सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के अन्य राजनीतिक दल विपक्ष की भूमिका बनाने में नाकाम हुआ है और अब चुनाव में इसी नाकामी के साथ आ रहे हैं। कहा कि भाजपा अपने विकास कार्यों के दम पर चुनाव मैदान में आएगी और पहले से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनाएंगे। पत्रकार वार्ता में विधायक प्रदीप बत्रा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सचिन गुज्जर, मास्टर नागेंद्र, मनोज नायक आदि मौजूद रहे।

### सोलानीपुर में चर्च पर हमला, तोड़फोड़, मारपीट, दस घायल, मुकदमा दर्ज

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। कुछ संगठनों से जुड़े लोगों ने रविवार को चर्च पर हमला बोल दिया। चर्च में जमकर तोड़फोड़ की गई। जो भी सामने आया उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। हमले में दस से अधिक लोगों को चोट लगी है। चर्च से जुड़े लोगों ने हमले में हिंदू संगठनों के शामिल होने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के सोलानीपुरम में ईसाई धर्म के करीब 10 से 15 परिवार रहते हैं। वहीं पर एक चर्च भी बनाया गया है। जहां धर्म के अनुयायी प्रार्थना के लिए आते हैं। रविवार सुबह करीब दस से अधिक अनुयायी प्रार्थना कर रहे थे। तभी चर्च में एक संगठन के कार्यकर्ता घुस गए। आते ही उन्होंने चर्च में तोड़फोड़ शुरू कर दी। बाहर लगे गमलों को तोड़ने के अलावा पंखे तक तोड़ दिए गए। चर्च में जो भी मिला उसके साथ मारपीट की गई। रजत निवासी भंगेड़ी महावतपुर, प्रिंस, सुमित और टीना समेत दस से अधिक लोग मारपीट में घायल हो गए। शोर-शराबा होने पर संगठन के लोग वहां से फरार हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। चर्च की केयर टेकर साधना लायंस ने बताया कि रजत को उपचार के लिए हायर सेंटर भेजा गया है। एसपी देहात प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### किसान ने लगाया परेशान करने का आरोप

मदरलैंड संवाददाता, हरिद्वार। चार माह से खंबे गाड़कर खेत का रास्ता बंद करने का आरोप किसान ने एक फैक्ट्री मालिक के कर्मचारियों पर लगाया है। जिससे किसान धान की फसल की रोपाई भी नहीं कर सका। विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों की मिलीभगत होने का आरोप लगाया है। डीएम व सीएम को शिकायत कर रास्ता खुलवाने की गुहार लगाई है। भगवानपुर तहसील क्षेत्र के गांव चुड़ियाला निवासी विजय कुमार कश्यप ने पत्र में बताया कि सिकंदरपुर भैंसवाल में उसका खेत है। जिसमें खेतीबाड़ी कर रवह गुजर बसर करता है। आरोप है कि खेत के पास स्थित एक फैक्ट्री के कर्मचारी आए दिन उसे परेशान करते रहते हैं। कभी वह फसल को कुचल डालते हैं तो कभी खेत में खड़े पेड़ों को काट देते हैं। अब फैक्ट्री कर्मचारियों ने उसके खेत पर जाने वाले रास्ते पर ही बिजली के खंबे गाड़ दिए हैं। जिससे खेत पर जाने वाला रास्ता चार माह से बंद है। इसके कारण वह खेत पर नहीं जा पाने से धान की फसल की रोपाई भी नहीं कर सके। आने वाली फसल की बुआई भी नहीं हो पाएगी। किसान का आरोप है कि आरोपित उसकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने की नीयत रखे हुए हैं, इसी वजह से वह उसे परेशान करते रहते हैं। अगर वह उन्हें कुछ कहता है तो मारपीट और जान से मारने की धमकी दे डालते हैं। चकबंदी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी इस मामले में कुछ नहीं करते हैं। जिससे उनकी मिलीभगत भी मामले साफ नजर आ रही है।

### सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप

रुड़की,एजेंसी। रुड़की के बढ़ेड़ी राजपुताना में बढ़ेड़ी से शांतरशाह जाने वाले मार्ग पर लोक निर्माण विभाग से बनने वाली सड़क पर ग्रामवासियों ने सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक तो कई सालों बाद इस सड़क का निर्माण हो रहा है उसमें भी गुणवत्ता नहीं है। ना ही मौके पर लोक निर्माण विभाग के जेई ही मौजूद हैं जिसके चलते पेटी ठेकेदार अपनी मनमर्जी से सड़क का निर्माण कर रहे हैं जिस तरह की सड़क का निर्माण किया जा रहा है वह कुछ दिन भी मुश्किल से चलेगी। वहीं इस बार बारिश होने के कारण सड़क में वह गुणवत्ता भी नहीं आ पाएगी, क्योंकि तारकोल से बनने वाली सड़क बरसात में कामयाब नहीं होती, पर पेटी ठेकेदार धड़ल्ले से निर्माण करते जा रहे हैं। उन्हें मतलब नहीं की यह सड़क कितने दिन तक चलेगी, जहां सड़क बनाकर उस पर डस्ट का छिड़काव कर रोलर चलाया जाता है वहीं ठेकेदार द्वारा सड़क पर नदी की पांगी छिड़क कर ही उसे पूरा किया जा रहा है।

### गंगा में डूबी हरियाणा की तीन सगी बहनें, तलाश जारी

हरिद्वार,एजेंसी। हरिद्वार में हरिपुर कलां के सप्तऋषि क्षेत्र में तीन महिलाएं गंगा स्नान के बने घाट पर स्नान करने के लिए गयी थी जो तेज बहाव में गंगा नदी में डूब गई। आसपास खड़े लोगों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन बहाव तेज होने के कारण नहीं बचा पाए। तीनों महिलाएं आपस में सगी बहनें हैं और सभी सोनीपत हरियाणा की रहने वाली हैं। जल पुलिस की टीम बोट के द्वारा बहने वाली महिलाओं की तलाश की जा रही है। आपको बता दें कि वीकेंड पर धर्मनगरी हरिद्वार में यात्रियों का हुजूम उमड़ पड़ा। यात्रियों को ठहरने के लिए ना होटल मिले और ना ही धर्मशाला। हरियाणा के सोनीपत से एक परिवार धार्मिक कर्मकांड के लिए हरिद्वार आया था। आज सुबह चार बजे ये महिलाएं गीता कुटीर के पास बने गंगा घाट पर स्नान करने गई थी। इस दौरान अचानक गंगा का जलस्तर बढ़ गया और यह महिलाएं पानी में बहने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने महिलाओं को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही महिलाओं के भाई और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचना दी गई।

## स्कूलों में किया गया बापू, शास्त्री को नमन, स्वच्छता को किया जागरूक

» मदरलैंड संवाददाता





रुड़की। शिक्षण संस्थानों में शनिवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम इस दौरान बापू और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया! इसके बाद छात्रों को गांधी दर्शन और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन परिचय से अवगत कराया गया! लाल कुर्ती स्थित श्री मारवाड़ कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में गांधी जयंती पर छात्राओं को अहिंसा, अनुशासन तथा राष्ट्र व समाज के प्रति कर्तव्य परायणता का पाठ पढ़ाया गया! प्रधानाचार्या भारती अग्रवाल ने झण्डा रोहण किया !अनु शर्मा ने छात्राओं को मतदाता द्वारा ली जाने वाली शपथ दिलाई! गायत्री शर्मा एवं कक्षा 12 की छात्राओं ने रामधुन गाकर विधालय के माहौल को भक्तिमय बना दिया! सभी शिक्षिकाओं, छात्राओं और स्टाफ ने मिलकर राष्ट्रगीत गाया! कामनी गुप्ता और बबीता त्यागी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालने वाला भाषण दिया! इस दौरान कंचन तिवारी ने देशभक्ति के ऊपर कविता और नीरजा सखूजा तथा रश्मि गुप्ता ने देशभक्ति की प्रेरणा देता हुआ प्रसंग सुनाया! नीरू अरोड़ा ने ष्इतनी शक्ति हमें देना गीत पर खूब तालियां बटोरी! कक्षा 12 ब की छात्रा सिमरन ने देशभक्ति गीत और कक्षा 12 अ की छात्रा रहनुमा ने प्रेरणा दायक कहानी सुना वाहवाही लूटी। प्रधानाचार्या भारती अग्रवाल ने शिक्षिकाओं, छात्राओं और शिक्षेणत्तर कर्मचारियों को स्वछता एवं श्रमदान के लिए प्रेरित किया! इस दौरान प्रधानाचार्या ने गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला और छात्राओं से इस संबंधित सवाल भी पूछे! निधि शर्मा ने मंच संचालन किया! श्रद्धा हिंदू, मुन्नी देवी, नीरजा सखूजा, बबीता त्यागी, रश्मि गुप्ता, कंचन तिवारी एवं समस्त शिक्षेणत्तर कर्मचारियों ने कार्यक्रम में अपना सहयोग दिया! कैंट बोर्ड स्कूल, रुड़की में राष्ट्रपिता और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया! इसे लेकर जन जागरूकता रैली भी निकाली गई! छात्रों, एनसीसी कैडेट, शिक्षकों तथा शिक्षेणत्तर कर्मचारियों ने श्रमदान कर क्षेत्रवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। छात्रों ने छावनी क्षेत्र में विभिन्न सार्वजनिक स्थानो पर स्वच्छता से संबंधित पोस्टर भी चस्पा किए। रैली के समापन पर 84 यूके बीएन एनसीसी रुड़की के कर्नल राजेन्द्र सिंह ने छात्रों को जलपान वितरित किया !इससे पहले प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने शिक्षकों, छात्रों तथा शिक्षेणत्तर कर्मचारियों के साथ मिलकर राष्ट्रपिता और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दोनों महा पुरूषों को नमन किया !इस दौरान उन्होंने छात्रों को गांधी दर्शन और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन परिचय से अवगत कराया। प्रधानाचार्य ने छात्रों को अहिंसा, अनुशासन तथा राष्ट्र व समाज के प्रति कर्तव्य परायणता का पाठ पढ़ाया। राजीव कपिल ने सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूकता की शपथ दिलाई ! सहायक अध्यापक अमरीश कुमार ने मतदाता शपथ दिलाई। इस अवसर पर सुभाष सिंह, रविन्द्र कुमार राय, अरूण कुमार, पूरण चंद, मो. कलीम, सिद्धार्थ कपूर, आशीष कुमार, कमल रावत, विशाल कन्नौजिया, मेहरबान अली, हुकम सिंह, प्रमेंदर, आशु, विकास, विश्वनाथ आदि मौजूद रहे। उधर पन्ना लाल भल्ला म्यु इंटर कालेज हरिद्वार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। प्रभारी प्रधानाचार्य त्रिलोक चंद ने कार्यक्रम अध्यक्ष आनंद कांगड़ा के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया। इसके बाद छात्रों ने राष्ट्रगान गाया। प्रभारी प्रधानाचार्य ने समस्त स्टाफ और छात्रों के साथ मिलकर बापू और शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन प्रभाकर सिंह ने किया। इस दौरान प्रभारी प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षकों, छात्रों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को स्वच्छता की भी शपथ दिलाई। कहा कि राष्ट्रपिता ने जो संकल्प लिया था जीवन भर उसका पालन किया। कहा कि सभी छात्रों ने एक अच्छी शिक्षा ग्रहण कर अच्छा नागरिक बनकर देश सेवा में अपना योगदान देने को कहा। रसायन विज्ञान प्रवक्ता डॉ एसपी सिंह ने कहा कि सभी छात्रों को दोनों महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेकर निष्ठा, ईमानदारी से अपना कार्य करना चाहिए एवं सदा सत्य के साथ रहना चाहिए तथा लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेकर सादा जीवन और उच्च विचार वाला जीवन जीने को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। बताया कि गांधी श्रम की महत्ता पर जोर देते थे जो व्यक्ति कठिन परिश्रम व लगन से कार्य करता है वह हमेशा जीवन में सफलता प्राप्त करता है अतः ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रमों से छात्रों को अवगत कराते रहना चाहिए कार्यक्रम संचालक प्रकाश प्रभाकर सिंह ने बीच बीच में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर आधारित कुछ महत्वपूर्ण शिक्षाओं को बताया। कहा कि इन्हें अपने जीवन में धारण करना चाहिए। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ मेघराज सिंह, विनीता कुर्ल, दीप्ति नौटियाल, मुक्ता शर्मा, सुनील कुमार, महेश चंद, अनुपम अग्रवाल, ईतु भट्टाचार्य, अंजलि साराभाई, विकास भारद्वाज हरपाल सिंह, दीपक उप्रेति, दीपक कुमार, सचिन कुमार, जयंती प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## केवी-1 रुड़की के पूर्व छात्र सम्मलेन में दिया अनुशासन, परिश्रम पर जोर

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। पूर्व स्मृतियों को तरो ताजा करने हेतु केंद्रीय विद्यालय न.-1 रूड़की में पूर्व छात्र सम्मलेन-2021 का आयोजन किया गया। इसमे विभिन्न स्थानों से विद्यालय के पूर्व छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय विद्यालय नं.-1 रूड़की के पूर्व छात्र संगठन ने किया। इसमे करीब 120 छात्रों ने शिरकत की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विजयलक्ष्मी (सेवानिवृत प्राथमिक शिक्षिका) रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना के साथ विधि विधान से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तुलसी का वृक्ष देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। इसके बाद पूर्व छात्रों ने मोर्निंग असेंबली का कार्यक्रम किया। सभी अतिथियों का प्राचार्य वीके त्यागी ने औपचारिक स्वागत किया। समिति सदस्यों का परिचय देते हुए नीलम सिंह ने बताया कि समिति के अध्यक्ष बृजेश कुमार त्यागी, उपाध्यक्ष श्रीमती नीलम सिंह, महासचिव अश्विनी भारद्वाज, कोषाध्यक्ष विजय चैहान, ऑडिटर ऋषि चैरसिया है। इस अवसर पर विद्यालय के दिनों की याद ताजा करते हुए 1977 बैच के छात्रों तथा पूर्व छात्र समिति अध्यक्ष ब्रिजेश कुमार त्यागी ने बताया की समिति का मुख्य उद्येश्य पूर्व छात्रों द्वारा मिलकर अपने विद्यालय के पुराने दिनों को याद करना तथा वर्तमान छात्रों को करियर तथा अन्य क्षेत्रों से सम्बंधित दिशानिर्देश तथा मदद पहुचाना है। विद्यालय कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले शिक्षकों एवं छात्रों में प्रोफेसर मुकुट लाल शर्मा, (प्रोफेसर आईआईटी रूड़की, राजकुमार शर्मा (सेवानिवृत अंग्रेजी प्राध्यापक), साजिद, रश्मि चैधरी (समाज सेविका), कैप्टेन सुरेन्द्र चैधरी, रश्मि जिंदल (भौतिकी शिक्षिका), प्रिंस शर्मा, शैलेश सती (ब्रिगेडियर), आकाश चैधरी, गौरव देव त्यागी, मिनाक्षी लक्षओरा, तनूजा अधिकारी, आयुषी सैनी, प्रकृति, सारा, प्रीति कुमारी, गार्गी अन्थ्वाल, आयुष कुमार आदि रहे। पूर्व छात्रों ने अध्ययन के समय की आपबीती एवं स्वयं के अनुभव साझा किये। सबके चेहरे अपने स्कूल के दिनों को याद करके प्रफ्फुलित हो गये। पूर्व छात्रों ने कव्वाली गायन, गींत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आगंतुकों का मन मोह लिया। प्राचार्य वीके त्यागी ने कहा कि पूर्व छात्र सम्मलेन की परम्परा एक स्वस्थ शुरूआत है जिससे व्यक्ति अपने छात्र जीवन की खट्टी मीठी यादों के साथ जीवंत रहता है। उन्होंने साथ में ये भी इच्छा जाहिर की कि पूर्व छात्रों को आपस में संयोजित कर अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम से जोड़ना है। कार्यक्रम का संचालन गार्गी अन्थ्वाल तथा प्रीती कुमारी ने किया। इस अवसर पर रजनी जोशी, पूनम कुमारी, बीना कर्णाटक तथा राखी दायमा उपस्थित रहे।

## जादूगर रोड़ पर हुआ वैक्सीनेशन कैम्प का शुभारंभ



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। सिविल लाइंस में जादूगर रोड स्थित वैध टेक बल्लभ के कैंप कार्यालय पर रविवार को विधायक प्रदीप बत्रा ने कोरोना वैक्सीनेशन कैंप का शुभारंभ किया। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा लगातार पूरे देश में कोरोना वैक्सीन का टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सभी सदस्यों को इस अभियान से जोड़ा है। वैध टेक बल्लभ ने कहा कि अनेकों लोगों ने शिविर का लाभ उठाया और पहली और दूसरी डोज का लाभ लिया। इस महामारी से बचने का सबसे अच्छा और कारगर उपाय वैक्सीन लगवाना है। मौके पर वीरेंद्र गुप्ता, इंदर बधान, डॉ. नवनीत शर्मा, अश्विनी अहूजा, हरजीत सिंह, ओम प्रकाश पाठक ,संदीप भाटी, बलवीर सिंह,ममता राणा, नीतू कुमार,रूबी आदि उपस्थित रहे।

## पांच माह बाद भी नहीं मिल पा रहा पीड़ित दम्पति को न्याय

### दुकान स्वामी पर मारपीट व सामान भरकर ले जाने का आरोप

**हरिद्वार,एजेंसी।** एक दम्पति ने दुकान स्वामी द्वारा अपने समर्थकों के साथ मिलकर दुकान खाली कराने के इरादे से दुकान में घुसकर तोडफोड व मारपीट कर बंधक बनाने का आरोप लगाया है। आरोप हैं कि दुकान स्वामी अपने समर्थकों की मदद से दुकान में रखा समान वाहन में भरकर ले गये। पुलिस ने अधिकारियों के दबाब में मुकदमा तो दर्ज किया, लेकिन आरोपियों के खिलाफ पांच माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की। जिसके सम्बंध में डीजीपी और आईजी से मिलने पर उनके द्वारा न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया गया। आरोप हैं कि कोतवाली ज्वालापुर पुलिस आलाधिकारियों के आदेश का पालन नहीं कर रही है। वहीं दूसरी ओर पुलिस अपने ऊपर लगे आरोपों को सिरे से नकारते हुए मामले की चार्जशीट तीन-चार दिन में कोर्ट में पेश करने की बात कह रही है। प्रेस क्लब हरिद्वार में पीड़ित दम्पति विनोद पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम सीतापुर ज्वालापुर और उसकी पत्नी ममता ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए आरोप लगाये हैं कि दुकान स्वामी उपेन्द्र चैधरी 15 अप्रैल 21 की शाम करीब साढे सात बजे अपने समर्थकों के साथ दुकान पर पहुंचे और दुकान में तोड-फोड शुरू कर दी। जिनको रोकने का प्रयास किया। आरोप हैं कि दुकान स्वामी व उनके समर्थकों ने उनको बंधक बना कर मारपीट की और पत्नी की लज्जा भंग की। इतना ही नहीं उनके सामने ही छोटा हाथी वाहन बुलवा कर दुकान का समान भरकर ले गये। पीडित दम्पति की दलील हैं कि उनके पास दुकान के सम्बंध में न्यायालय से स्टे है। लेकिन उसके बावजूद भी पुलिस से शिकायत करने पर आरोपी पक्ष के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। उन्होंने बताया कि एसएसपी से शिकायत करने के बाद घटना के एक माह बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा तो दर्ज कर लिया। लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई उचित कार्यवाही नहीं की गयी। जबकि उनके साथ मारपीट व अभद्रता करते और दुकान का ताला तोडने की सीसीटीवी फूटेज पुलिस को उपलब्ध करायी गयी। उसके बावजूद भी उनको न्याय नहीं मिल पा रहा है। आरोप हैं कि पुलिस ने उनके मामले में तीन जांच अधिकारी बदले फिर भी नतीजा शून्य है। पीडित दम्पति का कहना हैं कि उन्होंने पुलिस से गुहार लगाई कि दुकान स्वामी द्वारा उनकी दुकान से भर कर ले जाया गया माल वापस दिला दे। लेकिन उसके बावजूद उसका समान भी पुलिस ने आरोपी पक्ष से वापस नहीं दिलाया है। पीडित दम्पति ने आंशक जताई हैं कि आरोपी पक्ष अपने प्रभाव के दबाव में मुकदमें से कुछ नाम निकलवाने और कुछ धाराए कम करा कर केस को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है।

## शहीद राजा विजय सिंह इंटर कॉलेज बनेगा राजकीय कृषि महाविद्यालय

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुंजा बहादरपुर गांव स्थित शहीद राजा विजय सिंह स्मारक पर पहुंचकर शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने शहीद राजा विजय सिंह इंटर कॉलेज को राजकीय कृषि महाविद्यालय बनाए जाने की मौके पर घोषणा की। राजा विजय सिंह और उनके सेनानायक कल्याण सिंह के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चार जुलाई 2021 से वह इस प्रदेश को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। औद्योगिक इकाइयों में 70 प्रतिशत उत्तराखंडवासियों को रोजगार दिया जा रहा है और उद्योगों के लिए अच्छी नीति तैयार की जा रही है। साथ ही उद्योगों में चल रहे विवादों के लिए एक समिति बनाई गई है, जो तीन माह में सभी विवादों को निस्तारित करेगी। कोरोना काल में हुए नुकसान के लिए क्षेत्र के सभी लोगों को राहत दी जा रही है। प्रधानों का मानदेय बढ़ाकर 3500 कर दिया गया है। बिजली का सरचार्ज माफ कर दिया गया है। गन्ने के मूल्य के लिए एक समिति बनाई गई है जो गन्ना मूल्य तय करेगी। जबकि धान की खरीद शुरू हो चुकी है। उच्च शिक्षा के लिए गरीब विद्यार्थियों को 50000 की राशि की व्यवस्था कराई जाएगी। अनाथ बच्चों को प्रतिमाह 3000 की पेंशन आदि की व्यवस्था इसी सरकार के दौरान की गई है। उन्होंने यह कहा कि आयुष्मण कार्ड से लोगों के प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का इलाज दिया जा रहा है। यदि किसी ने यह कार्ड नहीं बनवाए तो वह अभी बनवा लें और बीमारी के दौरान बिल्कुल निरूशुल्क इलाज करा सकते हैं। कहा कि सरकार की ओर से महिला समूहों को पांच लाख रुपये तक का ऋण बिना किसी ब्याज के दिया जाएगा। विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन ने कहा कि कुंजा बहादुरपुर रियासत के राजा विजय सिंह ने 1822 में पहली क्रांति शुरू की। जिसमें 152 लोगों ने अपनी शहादत दी थी। कुंजा बाहदरपुर गांव के लोगों ने अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की, बल्कि जमकर उनका मुकाबला किया और सबसे पहले कुंजा बहादुरपुर के लोगों ने ही ब्रिटिश सरकार को कर देने से इनकार किया था। उन्होंने सरकार से शहीद स्मारक को पर्यटन स्थल घोषित करें, इतिहास में शहीद राजा विजय सिंह व उसके सेनापति कल्याण सिंह का नाम दर्ज करने की मांग की। बताया कि लंढौरा और कुंजा बहादुरपुर एक ही रियासत होती थी और जिन लोगों ने आजादी के लिए अपनी शहादत दी, उनके नाम पर शिक्षण संस्थान, मेडिकल कॉलेज बनाने की मांग की। उन्होंने देहरादून में भी शहीद राजा विजय सिंह की स्मारक स्थापित करने की मांग की। इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिपाल बालियान, जिला महामंत्री आदेश सैनी, पूर्व राज्य मंत्री डॉ. गौरव चैधरी, संजय अरोड़ा, डॉ. अनिल शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री शोभाराम प्रजापति, जितेंद्र पुंडीर, विकास पाल, सतीश नेगी आदि मौजूद रहे। इसके बाद सीएम पूर्व दायित्वधारी डॉ. श्यामवीर सैनी के आवास पर भी पहुंचे। यहां उन्होने तेहरवी में भाग लेते हुए डा. श्यामवीर को सांत्वना दी और घटना को लेकर दुख जताया। सीएम ने कहा कि पत्न ी जीवन का एक सच्चा साथी होता है। साथी को खोने का दुख वास्तव में सबसे बड़ा है, लेकिन मौत जीवन की सच्चाई है, जिसे स्वीकार करना ही पड़ता है।

## कोरोना काल में सामाजिक संगठनों का योगदान अभूतपूर्वः डीजीपी

### कोरोना योद्धा सम्मान से नवाजे गए डाक्टर, पत्रकार, पुलिसकर्मी व सफाईकर्मी

**देहरादून,एजेंसी।** पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी के समय सामाजिक संगठनों के द्वारा किए गए कार्य अभूतपूर्व और सराहनीय है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान मदद के बाद अब उस दौर में जिन लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा उन्हें सम्मान देकर और उनका मनोबल बढ़ाना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा ये सम्मान हमें और अधिक जिम्मेदारी से काम करने का साहस देती है। वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती अलकनंदा कुमार ने कोरोना योद्धाओं के सम्मान की सराहना करते हुए याद दिलाया कि जब लोग डर से घर से बाहर देखने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे उस समय इन योद्धाओं ने जिस तरह से इस महामारी के दौर में बाहर निकल कर लोगों की सेवा की वह अतुलनीय है। उन्होंने अपना परिवार के कामों की सराहना करते हुए कहा कि समाज की सेवा और उस सेवा का सम्मान अपना परिवार की नीतियों में झलकता है। उन्होंने सभी सम्मानित कोरोना योद्धाओं को बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम भट्ट ने बताया कि कोरोना काल से लेकर आज तक अपना परिवार जरूरत मंद लोगों को हर संभव सहायता कर रहा है और करता रहेगा। उन्होंने बताया कि इस दौर में सभी संस्थाओं के साथ सुभारती ग्रुप ने कैसे अपना परिवार के द्वारा भेजे गए लोगों को हर मदद की। इस दौरान पूरे सुभारती टीम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संचालित करते हुए संजय श्रीवास्तव, राकेश काला और दिनेश शर्मा ने पूरे डेढ़ वर्षों में कैसे कैसे अपना परिवार और अपना परिवार के लोगों ने घर-घर जाकर कैसे कैसे मदद की पूरी जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान किशोर उपाध्याय, आरपी रतूड़ी, केजी बहल, डा. मुकुल, गरिमा दसौनी, उमा सिसोदिया, उत्तरा पंत, अमित श्रीवास्तव, सर्वेश माथुर ने अपना परिवार के कामों की जमकर सराहना की। इस दौरान कोरोना योद्धा से डा. महेश कुड़ियाल, डा. सुमिता प्रभाकर, डा. नवीन जोशी, वैद्य शिखा प्रकाश, डा. शैलेंद्र कौशिक , डा. राहुल नैनवाल, मेजर राहुल प्रसाद, प्रदीप शुक्ला, सुरभि सिंह, विक्रम श्रीवास्तव, धीरेंद्र प्रताप सिंह, राजेश शर्मा, संजय पांडेय, डा आनंद यादव, सचिन नारंग, गौरव अरोड़ा, मोनू रावत, अवधेश दीक्षित, संजीव वर्मा, स्वाति मिश्र, शिवानी कौशिक, अमित कुमार, अंकुर सिन्हा, मुकेश शर्मा, असल अली, मो हसीन, गजेंद्र सिंह रावत, हरिंदर सिंह बेदी, आरुषि सुंदरियाल को कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। देहरादून में आयोजित इस कार्यक्रम में अपना परिवार के विनीत नागपाल, कार्तिक बंसल, गौरव त्रिपाठी, सचिन भट्ट, राजेश भट्ट, समीर सेठी, अनुज, मयंक, गीतांजलि नेगी,आशा रावत, ऊषा कुमारी, सुशील सक्सेना, जितेंद्र श्रीवास्तव, सौरभ सक्सेना, नितिन श्रीवास्तव, गोपाल भटनागर, विक्रांत चैरसिया, अभि भट्ट, अंकुर, राजकुमार, शैलेंद्र सिंह नेगी, सचिन, सूरज,संजीव मजीठिया सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## ग्रेड पे को लेकर पुलिस कर्मियों के परिजन फिर उतरे सड़क पर, सीएम आवास किया कूच

**देहरादून,एजेंसी।** देहरादून ग्रेड-पे बढ़ाने की मांग को लेकर पुलिसकर्मियों के परिजन एक बार फिर से सड़क पर उतर आए हैं। पुलिस कर्मियों के परिजन ग्रेड-पे को 4200 से बढ़ाकर 4600 करने की मांग कर रहे हैं। पुलिसकर्मियों के परिजनों ने सीएम आवास कूच किया, जहां पर पुलिस प्रशासन ने उनको रोकने की पहले से व्यवस्था कर रखी थी और बीच रास्ते में उनको रोक लिया गया। पुलिसकर्मियों के परिजनों ने अपनी मांगों को लेकर पिछले दिनों प्रदर्शन किया था। एक बार फिर वह सड़कों पर उतर आए हैं। खास बात यह है कि इस प्रदर्शन में पुलिसकर्मियों के परिवार की महिलाएं सामने आई हैं। बड़ी संख्या महिलाओं ने देहरादून के गांधी पार्क के सामने एकत्रित होकर नारेबाजी की। इसके बाद उन्होंने अपने हाथों में तख्तियां लेकर सीएम आवास भी कूच किया। नारेबाजी कर रही महिलाओं ने कहा कि पुलिसवालों के परिजन चुप नहीं रहेंगे और 4600 ग्रेड पे लेकर रहेंगे। इससे पहले भी महिलाएं ग्रेड-पे बढ़ाने की मांग को लेकर कुछ दिन पहले भी सड़क पर उतरी थीं उनको रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया। नारेबाजी कर रही महिलाओं ने कहा कि 'नारी शक्ति की एक ही पुकार हमें हमारा अधिकार दें सरकार'। बीच का रास्ता एक स्टार 4200 नहीं चाहिए, 4600 ग्रेड पे दे सरकार।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस 05
नई दिल्ली, सोमवार, 4 अक्तूबर 2021

संक्षिप्त समाचार

## पिस्तौल की नोक पर लूटने के आरोप में एक को किया गिरफ्तार

मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता, हांसी। पुलिस ने अपराधों पर रोकथाम लगाते हुए थाना नारनौद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान विजय वासी वार्ड नंबर 11 नारनौद के रूप में हुई हैं। नारनौद मोठ रोड पर सूर्यप्रकाश वासी गढ़ी अजिमा से पिस्तौल की नोक पर मोबाइल फोन व रू5000 लूट लिए थे जिसके कब्जे से लूटी गई राशि व मोबाइल फोन बरामद किये गए बरामद करके न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया हैं इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है जिनके कब्जे से असला पहले ही बरामद हो चुकी हैं। ।

## नाबालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में एक को किया गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता, हांसी। पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत के दिशा निर्देश अनुसार अपराधों पर रोकथाम लगाते हुए शहर थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान दीपांनशू निवासी नूरपुर जिला हापुड के रूप मे हुई जो कि एक नाबालिग को बहला फुसला कर ले गया था जिस को गिरफ्तार करके न्यायालय पेश करके जेल भेज दिया हैं ।

## डीएपी खाद ना मिलने से बुआई का काम बुरी तरह से प्रभावित



मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला का धरतीपुत्र रबी फसलों की बुआई के लिए तैयार बैठा हैं, लेकिन डीएपी खाद ना मिलने से बुआई का काम बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। खासकर पहाड नीचे के किसानों की सर्वाधिक बिजाई की जाने वाली सरसों सबसे अधिक प्रभावित हो रही है। किसानों की माने तो जिला में डीएपी की जमकर कालाबाजारी की जा रही है। हैरानी की बात, यह देखने को मिल रही है कि जिला का किसानों ने सरसो की बिजाई के लिए भूमि तैयार कर रखी हैं लेकिन डीएपी खाद ना मिलने से भूमि की नमी गायब होने की भी आशंका बनी हुई है। वहीं, दूसरी तरफ किसान नेता काले खान, जाकिर खान, नसीबा खान, जानू रहाडी, मुस्तकीम, हारून, हासम, पृथ्वी प्रधान, सुभाष चंद, खलील अहमद, अख्तर हुसैन आदि किसानों का कहना है कि जिला का अधिकांश किसान छोटा काश्तकार हैं और यहां बारिश आधारित फसलों की ही अधिक बिजाई की जाती हैं लेकिन डीएपी खाद ना मिलने से बुआई का काम बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। खासकर पहाड नीचे के किसानों की सर्वाधिक बिजाई की जाने वाली सरसों सबसे अधिक प्रभावित हो रही है। किसानों की माने तो जिला में डीएपी की जमकर कालाबाजारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि किसानों पर हर तरह से मार पड रही है। इस बारे में सरकारी खाद केन्द्र हैफड से जुडे पूरन सिंह सेक्टरी का कहना है कि उनके यहां डीएपी का स्टॉक शुन्य है और साथ ही कहा कि आने पर इसका वितरण करा दिया जाएगा। जबकि निजि डीलरों ने भी खाद का स्टॉक शुन्य होने का दावा पेश किया।

## एलपीजीआई साहित्या एसोसिएशन ने गांधी जयंती पर अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का किया आयोजन



विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। एल.पी.जी.आई. साहित्या एसोसिएशन (रजि.) ने गांधी जयंती के उपलक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया। भारत से प्रसिद्ध कवि दोहा सम्राट डॉ. रामनिवास मानव मुख्य अतिथि रहे। वे मनु मुक्त मानव ट्रस्ट के चीफ ट्रस्टी हैं। उन्होंने अपने दोहों से सबका मन मोह लिया और एक सकारात्मक छाप छोड़ी। भारत से प्रसिद्ध कवि डॉ.विनोद शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे, उन्होंने अपनी रचनाओं से सभी के मन पर छाप छोड़ी। भारत से गर्भनाल पत्रिका के संस्थापक आत्माराम शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे और उन्होंने गांधी जी के जीवन के कुछ अनछुए पहलुओं को श्रोताओं तक पहुँचाया। सम्मेलन का सफल संचालन डॉ. अंजलि मिश्रा (श्री लंका) ने बड़े ही सुचारु ढंग से किया। एल.पी.जी.आई. साहित्या एसोसिएशन (रजि.) के संस्थापक, ग्लोबल चेयरमैन और आई.ई.ए.एम. प्रेसिडेंट आशीष शर्मा और एल.पी.जी.आई. साहित्या एसोसिएशन (रजि.) की संस्थापिका, ग्लोबल प्रेसिडेंट योगिता शर्मा ने सभी का स्वागत किया। दुनिया भर से जाने–माने कवि – आशीष शर्मा, योगिता शर्मा, सुरेश चौधरी, मीनाक्षी ह्यगांधीह्व गुप्ता, निधि देश, सारिका जैठालिया (इंडोनेशिया), मंजुला ठाकुर, सुमन जैन (ऑस्ट्रेलिया), नितिन उपाध्याय, शेखर राम कृष्ण किवारी, करुणा राठौड़ (यू.ए.ई.), स्मिता विवेक कुन्वर (सिंगापुर), शिखा रस्तौगी (थाईलैण्ड), अतुल कुमार शर्मा, शालिनी शर्मा स्वर्णिम, रति चौबे (भारत), इस सम्मेलन में शामिल हुए और अपनी रचनाओं और विचारों से काव्य व्योम को सजा दिया। धन्यवाद प्रस्ताव सुरेश चौधरी ने पेश किया। इस सम्मेलन में संस्था के एक्सीक्यूटिव काउंसिल के सदस्य वैशाली रस्तौगी (इंडोनेशिया), चित्रा गुप्ता (सिंगापुर), सपना अरोरा (थाईलैण्ड), रेखा नायर, गीतिका मल्होत्रा (भारत) भी सम्मेलन में जुड़े और सभी की हौसला अफजाई की।

# और डिजिटल अप्लायंस के साथ इस त्योहारी सीजन में बदल डालिए अपना पूरा घर

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़ : भारत के सबसे भरोसेमंद कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने बहुप्रतीक्षित अमेजॉन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल और फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज के दौरान सैमसंग ळश और डिजिटल अप्लायंस के एक व्यापक रेंज पर शानदार डील की आज घोषणा की। ये दोनों सेल 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2021 के बीच चलेंगी। त्योहारों में रोमांच का तड़का लगाते हुए ये आकर्षक ऑफर सभी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद श्रेणियों में लागू होंगे और जबर्दस्त डिस्काउंट, 19,990 रुपये के साउंडबार तथा 9,900 रुपये के द फ्रेम ळश के बेजेल जैसे अनेकों निश्चित उपहार, एक्सचेंज और एटक ऑफर; और इन सबके साथ 3,000 रुपये तक के कैशबैक ऑफर के साथ उपलब्ध होंगे ।सैमसंग इंडिया के कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के ऑनलाइन बिजनेस में सीनियर डायरेक्टर संदीप सिंह अरोड़ा ने कहा, 'उपभोक्ता अपने रहने की जगहों को प्रीमियम लाइफस्टाइल टेलीविजन और डिजिटल अप्लायंस उपकरणों के साथ पूरी तरह बदल कर इस त्योहारी सीजन अपने घरों को अपग्रेड करने की योजना बना रहे हैं। हमें पूरा भरोसा है कि फ्लिपकार्ट और अमेजॉन के साथ साझेदारी में दिए जाने वाले अनूठे ऑफरों से त्योहारी सीजन का मजा और बढ़ जाएगा।' ये रोमांचक ऑफर इस प्रकार हैं: -सैमसंग के क्रांतिकारी लाइफस्टाइल TVQ फ्रेम - जब चल रहा हो तब ळश और जब बंद हो तब एक कलाकृति, को खरीदने वाले उपभोक्ताओं को 9,900 रुपये मूल्य के बेजेल कॉम्प्लीमेंटरी तौर पर मिलेंगे और साथ ही प्रमुख बैंकों के साथ 3,000 रुपये तक के कैशबैक और ब्याज मुक्त मासिक किस्तों (24 महीने) की सुविधा भी मिलेगी।अविश्वसनीय रूप से चमत्कारिक द फ्रेम को इस तरह डिजाइन किया गया है कि आपका लग्जरी लिविंग स्पेस एक अलग लुक दे। अलग-अलग रंगों में आने वाले कस्टमाइज करने लायक अनेकों विकल्पों वाले इसके विस्मयकारी बेजेल आपके चारों ओर के माहौल में अद्भुत खूबसूरती भर देते हैं।ऑफर अवधि के दौरान द फ्रेम का 43-इंच मॉडल 59,990 रुपये में, 50-इंच मॉडल 74,990 रुपये में, 55-इंच मॉडल 89,990 रुपये में और 65-इंच मॉडल 121,990 रुपये में उपलब्ध होगा। सौ करोड़ सच्चे रंगों के साथ क्रिस्टल 4K UHDY TV रेंज 2,055 रुपये की आकर्षक मासिक किस्त पर उपलब्ध होगी। जो उपभोक्ता 65-इंच का क्रिस्टल 4ङ वळऊ ळश खरीदेंगे, उन्हें 16,990 रुपये मूल्य का साउंडबार भी मुफ्त मिलेगा।सैमसंग का 580 लीटर क्षमता वाला इनोवेटिव कंवर्टिबल फ्रेंच डोर रेफ्रिजरेटर एक्सचेंज ऑफर के तहत 71,990 रुपये में उपलब्ध होगा। कॉम्पैक्ट आधुनिक किचेन के लिए कुशलतापूर्वक डिजाइन किए गए इन फ्रेंच डोर रेफ्रिजरेटरों में कंवर्टिबल ऑप्शन उपभोक्ताओं को सिर्फ एक बटन दबा कर फ्रीजर को फ्रिज में बदल कर अपनी आवश्यकता के मुताबिक भंडारण की जगह बढ़ाने या घटाने की आजादी देता है।

## डाइबिटीज रोग का होगा अब बेहतर इलाज, डॉ कैलाश राहड़ के कदम उपलब्धि की ओर




» सुनिल शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

झुंझुनू। शहर के भगवानदास खेतान अस्पताल में कार्यरत सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ कैलाश राहड़ ने डाइबिटीज रोग से संबंधित एक वर्षीय कॉर्स सीसीइबीडीएम(12 मोड्यूल) को दूसरी बार राजस्थान के विख्यात डाइबिटीज रोग विशेषज्ञ डॉ अरविन्द गुप्ता के निर्देशन में पूरा कर सर्टिफिकेट प्राप्त किया है। डॉ राहड़ को हासिल हुई उपलब्धि डाइबिटीज रोगियों के लिए वरदान साबित होगी। डॉ राहड़ ने डाइबिटीज रोग के इलाज की नई गाइडलाईन व नये शोध से संबंधित लिए गये प्रशिक्षण का भरपूर फायदा डाइबिटीज रोगियों को मिल सकेगा।अब उन्हें बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। आयोजित कार्यकृम में मुख्य अतिथि देश के प्रसिद्ध अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ विरेन्द मील जोकि एसएमएस अस्पताल जयपुर के अस्पताल अधीक्षक भी रह चूके है। के द्वारा भी सीसीइबीडीएम कॉर्स राजस्थान के प्रथम व प्रसिद्ध डाइबिटीज रोग विशेषज्ञ डॉ एसके शर्मा, गेलेक्सी सुपरस्पेशियलिटी सेन्टर जयपुर के निर्देशन में पूरा किया था।

## उदयपुरवाटी में पूर्व आईपीएस आरपी सिंह का जोरदार स्वागत



» कृष्णा स्वामी, मदरलैंड संवाददाता

झुंझुंनू । सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राजस्थान एवं अखिल भारत अनुसूचित जाती परिषद राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष आरपी सिंह रविवार को झुंझुनू दौरे पर रहे। इस दौरान कई जगहों पर नागरिक अभिनन्दन किया गया। गुढ़ा में रामकरण नरनोलिया, पंचायत समिति सदस्य विकाश कलावत, महेंद्र चनानिया, राजेंद्र गौरा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद गुढ़ा, मोहन कायल, दिनेश सांखला आदि ने स्वागत किया। उदयपुरवाटी में सरमिन मंसूरी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान जयपुर रोड पर स्थित सेंट्रल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक लोकेश राठी ने भी पुष्प हार व चुनरी का साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया ह्व पूर्व बीसीएमओ डॉक्टर भगवान सिंह मीणा, डॉक्टर रणजीत महारानिया, पार्षद राजेंद्र ढेनवाल, सुरेश खारड़िया, नेतराम राठी, राजेंद्र टेलर, सरपंच पवन वर्मा, सब्बीर मंसूरी, मनीष राठी, नीलेश वर्मा, जुली राठी, प्रेम नांगल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने मोमेंटो भेंट कर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। आर.पी.सिंह का यह सम्मान कोरोना काल में उनके द्वारा रचित पुस्तक पुलिस कर्तव्य एवं दायित्व को भारत सरकार द्वारा पंडित गोविन्द बल्लभ पंत पुरस्कार से सम्मानित होने पर किया जा रहा है। झुंझुनूं से जयपुर प्रस्थान पर गुढ़ा, उदयपुरवाटी के अलावा मंडावरा, नीमकाथाना, पाटन, शाहपुरा में स्वागत किया गया।

# फिलिप्स डोमेस्टिक अप्लायंसेस प्रदान कर रहा एयर प्योरिफायर की संपूर्ण श्रृंखला पर हाई-वैल्यू बेनेफिट्स

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़ : एयर प्योरिफायर श्रेणी की मांग में हो रही वृद्धि को समझते हुए फिलिप्स डोमेस्टिक अप्लायंसेस ने इस सेगमेंट में चुनिंदा उत्पादों पर एक्सक्लुसिव ऑफर्स की घोषणा की है। खासकर त्योहारों के समय प्रदूषण उपभोक्ताओं को स्वास्थ्य की गंभीर चुनौती उत्पन्न करता है। प्रदूषण का बुजुर्गों, बच्चों और पहले से बीमार लोगों पर बहुत बुरा असर होता है। यह ऑफर उस समय आया है, जब साफ हवा पहले के मुकाबले और ज्यादा जरूरी हो गई है ।प्रदूषण स्वास्थ्य पर विभिन्न तरह के विपरीत असर डाल रहा है। स्वस्थ हवा में सांस लेना अत्यधिक आवश्यक हो गया है, खासकर उस समय जब स्वच्छता और सुरक्षा उपभोक्ताओं की पहली प्राथमिकता बन गए हैं। हवा में प्रदूषक तत्वों का विषैला मिश्रण, जैसे वायरस, जर्म्स, बैक्टीरिया और एलर्जन स्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न करते हैं, जिसके कारण सांस की अल्पकालिक और दीर्घकालिक समस्याएं हो सकती हैं। घर के अंदर की हवा बाहरी हवा के मुकाबले 2 से 5 गुना ज्यादा प्रदूषित होती है, इसलिए यह जरूरी है कि हम जिस हवा में सांस ले रहे हैं, उसकी निगरानी करके उसकी गुणवत्ता में सुधार किया जाए। आज जोखिम केवल पीएम2.5 के उच्च स्तर के साथ विषैली हवा का ही नहीं, बल्कि हवा द्वारा फैलने वाले वायरस एवं बैक्टीरिया भी कोरोना महामारी के दौरान स्वास्थ्य पर काफी गहरा असर डाल रहे हैं ।फिलिप्स एयर प्योरिफायर अभी तक ज्ञात सबसे छोटे प्रदूषक तत्व, बैक्टीरिया एवं वायरस से भी छोटे 0.003 माईक्रॉन (3 नैनोमीटर) तक के कणों को फिल्टर करके घर के अंदर की हवा को शुद्ध बनाते हैं। उनमें नैनोप्रोटेक्ट हाई एफिशियंसी पार्टिकुलेट एयर (हेपा) और एक्टिव कार्बन (एसी) तथा सेंसर शामिल हैं, जो सूक्ष्म कणों (एयरासेंस टेक्नॉलॉजी) एवं गैसों को स्कैन करते हैं ।इन त्योहारों पर हवा में प्रदूषक तत्वों में होने वाली वृद्धि के लिए फिलिप्स डोमेस्टिक अप्लायंसेस ने ऑफरों की घोषणा की है, जिनके साथ विभिन्न मूल्य वर्गों में गारंटीड फायदे मिलेंगे तथा इसमें अन्य ऑफरों के साथ खरीद, स्वास्थ्य के फायदे, एक्सटेंडेड वॉरंटी और मासिक सब्सक्रिप्शन पर छूट शामिल होगी ।इन त्योहारों पर फिलिप्स 15,000 रु. मूल्य के हैल्थ बेनेफिट्स का अद्वितीय प्रस्ताव लेकर आया है। इस ऑफर में 3 साल की एक्सटेंडेड वॉरंटी और भारत के अग्रणी डायग्नोस्टिक सेंटर, एसआरएल लैबोरेटरी के साथ विस्तृत व प्रिवेंटिव हैल्थ चेकअप, 1 माह का मेडिबडी गोल्ड सब्सक्रिप्शन, प्लस 1 माह का क्योर फिट सब्सक्रिप्शन शामिल है ।यह ऑफर 19,995 रु. मूल्य से ज्यादा मूल्य के उत्पादों पर लागू होगा।

# अवैध बसों का परिचालन नहीं हो पाएगा एक दर्जन बसो का कब्जे में लेकर चालान काटे

## जल्द जारी करेगे हेल्प लाइन नंबर... राजा वडिंग

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

लुधियानाः पंजाब के परिवहन मंत्री अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने लुधियाना बस स्टैंड का निरीक्षण किया। वह लोगों के बीच जाकर उनकी परेशानियों का हल करने में जुटे रहे। रविवार सुबह लुधियाना बस स्टैंड पर उन्होंने यात्री समस्याओं व सफाई अभियान को नजदीक से परखा और मौके पर ही समस्याओं का निदान करने में जुड़ गए। मंत्री वड़िंग ने पंजाब के बस स्टैंड पर सफाई मुहिम अभियान आरंभ किया है। इस दौरान परिवहन मंत्री खुद स्टैंड की सफाई करते हुए कूड़ा उठाने में जुटे रहे। मंत्री को सफाई करते और कूड़ा उठाते हुए देख विभाग के तमाम अधिकारी भी उनका साथ देते हुए सफाई अभियान में जुट गए।



वड़िंग रविवार सुबह करीब 7:30 बजे बस स्टैंड पर पहुंचे और यहां पर सफाई प्रबंधों का जायजा लिया। बस स्टैंड पर सफाई व्यवस्था दयनीय होने के कारण वडिंग ने पहले अधिकारियों की क्लास लगाई उसके बाद वह खुद सफाई कर्मचारियों के साथ खड़े पानी में से गंदा कूड़ा उठाने लगे। मंत्री वडिंग को सफाई और कूड़ा उठाते देखकर दूसरे अधिकारी भी यही काम करने लगे। उनकी ओर से पूरे बस स्टैंड का दौरा किया गया और आदेश दिए गए कि सफाई मुहिम पर विशेष ध्यान दिया जाए।

परिवहन मंत्री ने बताया कि लुधियाना से पूरे प्रदेश में एक साथ सफाई अभियान शुरू किया गया है। परिवहन विभाग के हर अधिकारी को सफाई अभियान में सहयोग देना होगा। उन्होंने कहा जीएम या इंस्पेक्टर है या फिर कोई भी कर्मचारी बस स्टैंड में जाएगा और जहां भी सफाई नहीं होगी वहां पर सफाई करेगा। वे खुद भी विभाग का हिस्सा हैं और इसीलिए उनकी ओर से खुद सफाई की गई है। मंत्री ने कहा कि स्वच्छता में ही हम सब की भलाई है। इसलिए बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों से भी वे अपील करते हैं कि यहां सफाई बनाए रखें ताकि उनका आवागमन शख्स हो सके।



परिवहन मंत्री अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने लुधियाना बस स्टैंड के आसपास और इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की जमीन पर खड़ी अवैध बसों के खिलाफ कार्रवाई करवाई। वड़िंग ने मौके पर एक दर्जन बसों का चालान करवाया और इन बसों को ट्रैफिक विभाग ने कब्जे में कर लिया। मंत्री वडिंग ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रदेश में किसी भी अवैध बसों का परिचालन नहीं हो पाएगा और जो बसें अभी चलाई जा रही है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि टूरिस्ट बसों के नाम पर यात्रियों का शोषण होना भी बंद कर देंगे।

## ओप्पो ने भारत में नया ए55 लॉन्च किया, कीमत 15,490 रुपये शुरू

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़ : प्रमुख ग्लोबल स्मार्ट डिवाइसेज ब्रांड, ओप्पो ने भारत में ओप्पो ए55 को लॉन्च करने की घोषणा की है। बेमिसाल टू 50 एमपी के एआई ट्रिपल कैमरे और 3डी कर्व्ड वाली खूबसूरत डिजाइन के साथ ओप्पो ए55 का लुक काफी शानदार है। इसमें एक पावरफुल कैमरा सेटअप भी है ।ओप्पो ए55 दो वैरिएंट्स में आएंगे। 4+64 जीबी वैरिएंट का यह स्मार्टफोन 3 अक्टूबर से 15,490 रुपये में उपलब्ध होगा। 6+128 जीबी मॉडल 11 अक्टूबर से अमेजन और दूसरे प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर 17,490 रुपये की कीमत में मिलेगा। शानदार टू 50 एमपी के एआई कैमरे के साथ ओप्पो ए55 ट्रिपल एचडी कैमरा सेटअप में 2 एमपी का बोकेह शूटर और 2 एमपी का मैक्रो स्नैपर भी है। इसके मेन आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस से लैस कैमरा पिक्सल-बिनिंग टेक्नोलॉजी के साथ आता है, जिससे कम रोशनी में भी चमकदार तस्वीरें खींची जा सकती है। वहीं 2 एमपी बोकेह कैमरा में खूबसूरत पोट्रेट शॉट्स लिए जा सकते हैं ।प्पो ए55 से रात के समय बैकलाइट एचडीआर के साथ बैकग्राउंड डिटेल्स को बरकरार रखते हुए स्पष्ट तस्वीरें खींची जा सकती है। इसका नाइट मोड धीमी रोशनी में एक्सपोजर को एडजस्ट करता है। नाइट प्लस फिल्टर्स से रियर कैमरे से काफी अच्छी तस्वीरें आती हैं ।16 एमपी के फ्रंट सेल्फी कैमरा से काफी कुदरती तरीके से सेल्फी खींची जाती है। इसका क्रेडिट एआई ब्यूटीफिकेशन फीचर को दिया जाना चाहिए, जो रियर कैमरे में भी उपलब्ध है। यह फीचर लाइटिंग की स्थितियों, उम्र और यहां तक कि जेंडर के आधार पर यूजर की स्किन टोन और रंग को आकर्षक रूप दे सकता है ।इसके अतिरिक्त कैमरा फीचर्स में चमकदार रंग, फोटो फिल्टर और पैनो शॉट्स शामिल है। ओप्पो ए55 का 360 डिग्री फिल लाइट फीचर आपको कम रोशनी में भी डिस्प्ले की चमक बढ़ाकर और उसे लाइट के सोर्स के रूप में इस्तेमाल कर एकदम क्लियर सेल्फी खींचता है।

### 58 साल से अधिक आयु वाले सभी सरकारी कर्मचारी होंगे सेवामुक्त

# केंद्रीय पैनल के आधार पर ही होगी पंजाब के डी.जी.पी. की नियुक्तिः चन्नी

## डी.जी.पी. की नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस प्रधान, सभी मंत्रियों और विधायकों की राय द्वारा ही की जाएगी

» विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़/ मोरिंडा। पंजाब के मुख्यमंत्री स. चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि नये डी.जी.पी. की नियुक्ति कानून के अनुसार की जायेगी। राज्य सरकार ने 30 साल से अधिक सर्विस वाले सभी अफसरों का नाम केंद्र को भेज दिया है।

मोरिंडा में एक समागम दौरान कर्ज माफी और लाल लकीर स्कीम के अंतर्गत ड्रोन मैपिंग की शुरूआत उपरांत पत्रकारों के साथ बातचीत दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब डी.जी.पी. नियुक्त करने के लिए केन्द्र की तरफ से भेजे जाने वाले तीन अफसरों के पैनल का इन्तजार कर रही है।



स. चन्नी ने आगे कहा कि इसके बाद प्रदेस कांग्रेस प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू, सभी मंत्रियों और विधायकों के साथ राय करके डी.जी.पी. का नाम तय किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपना काम नेक नीति, समर्पण की भावना और इमानदारी के साथ कर रही है और सरकारी काम-काज में पारदर्शिता को यकीनी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का काम प्रदेश कांग्रेस प्रधान देख रहे हैं और पार्टी और सरकार के बीच बेहतर तालमेल के लिए समिति बनाई गई है। 58 साल से अधिक आयु के सरकारी कर्मचारियों को सेवामुक्त करने बारे पूछे सवाल के जवाब में स. चन्नी ने कहा कि कोई भी 58 साल से अधिक आयु का कर्मचारी सेवा में नहीं रहेगा और नौजवानों को रोजगार देकर उनकी जगह मौका दिया जायेगा।



## मोटोरोला ने 108एमपी $ 50 एक्स सुपर जूम कैमरा सिस्टम के साथ एज 20 प्रो लॉन्च किया

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़ : आज मोटोरोला ने अपने नए मोटोरोला एज 20 प्रो के लॉन्च की घोषणा की, जो कि इसके एज फैमिली का नवीनतम जोड़ है, यह उनके सबसे उन्नत कैमरा सिस्टम के साथ आता है जोकि अल्ट्रा पिक्सेल तकनीक वाले 108 एमपी अल्ट्रा हाई-रेज कैमरे के साथ अविश्वसनीय तस्वीरें लेता है और 8के में वीडियो रिकॉर्ड करता है जो स्मार्टफोन के उच्चतम रिजॉल्यूशन पर संभव है। इस स्मार्टफोन में एक 10-बिट की एमोलेड डिस्प्ले के साथ साथ एक बहुत तेज 144एचजैड रिफ्रेश रेट डीसीआइ-पी3 कलर, एचडीआर10$ और एक लो लेटेंसी 576एचजैड टच रेट है, जोकि गेम खेलते समय स्वचालित रूप से चालू हो जाती है। मेड इन इंडिया के अलावा यह एज फ्रैंचाइजी क्वालकॉम के स्नैपड्रैगन 870 प्रोसेसर 11 5जी नेटवर्क बैंड, मोटोरोला का विशिष्ट रेडी फॉर सॉफ्टवेयर अनुभव, अल्ट्रा-प्रीमियम और स्लीक ग्लास प्लस मेटल डिजाइन और बहुत कुछ के साथ आता है जो एज 20 प्रो को स्मार्टफोन की दुनिया के पूर्णतः एक प्रो के रूप में उभारता है। अल्ट्रा पिक्सेल तकनीक वाले 108 एमपी अल्ट्रा हाई-रेज कैमरे के साथ अविश्वसनीय रूप से शार्प लो-लाइट वाली इमेजेज कैप्चर करें। स्मार्टफोन पर उच्चतम संभव रिजॉल्यूशन के साथ 8के में वीडियो रिकॉर्ड करें। 50एक्स सुपर जूम के साथ अविश्वसनीय दूरियों से फोकस करें। अल्ट्रा-वाइड लेंस के साथ अपने फ्रेम में 4एकस अधिक दृश्य फिट करें और मैक्रो विजन के साथ अपने सब्जेक्ट के 5एक्स तक करीब पहुंचें। 108 एमपी अल्ट्रा-हाई-रिजॉल्यूशन सेंसर के साथ अपनी अब तक की सबसे यथार्थ तस्वीरें कैप्चर करें। 9 एक्स बड़े पिक्सल का उपयोग करते हुए, अल्ट्रा पिक्सेल तकनीक 9 एक्स प्रकाश संवेदनशीलता प्रदान करती है। आश्चर्यजनक रूप से स्पष्ट सिनेमेटिक डिटेल के लिए, स्मार्टफोन पर उच्चतम संभव रिजॉल्यूशन के साथ 8के में वीडियो रिकॉर्ड करें।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# मोदी की अमेरिका यात्रा पर कुतर्क गढ़ती सोशलमीडिया ?



प्रभुनाथ शुक्ल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका जैसे विशिष्ट गणराज्य के दौरे पर हैं। वैश्विक संदर्भ के वर्तमान परिपेक्ष में भारत के लिए यह यात्रा बेहद अहम है। मोदी की इस यात्रा की अहमियत तब और बढ़ जाती है जब भारत के पड़ोसी मुल्क अफगानिस्तान में एक बार फिर अतिवादी ताकतें अपना आधिपत्य स्थापित जमा लिया हो। जबकि भारत दुनिया के हर मंच से आतंकवाद की आलोचना करता रहा है। अफगानिस्तान में तालिबानी शासन से भारत की चुनौतियां बढ़ गई हैं, उस हालात में जब चीन और पाकिस्तान जैसे देश अघोषित रूप से तालिबान के साथ खड़े हों। नेपाल और बांग्लादेश भी हमें आंखें दिखा रहा है। भारत कई ट्रिलियन डॉलर का निवेश अफगान में कर चुका है। उस हालात में देश के सामने सामरिक सुरक्षा की चुनौतियां भी मुंह बाए खड़ी है। ऐसे में यह यात्रा हमारे लिए विशेष हो जाती है। क्योंकि अमेरिका में ट्रंप शासन का अंत हो चुका है और जोबाइडन सत्ता में हैं।

भारत और अमेरिका के बीच तमाम मुद्दों पर मतभेद होने के बावजूद भी दक्षिण एशिया में अमेरिकी उपस्थिति के लिए दोनों राष्ट्रों को कूटनीतिक तौर पर एक दूसरे की आवश्यकता है। यह सिर्फ भारत के लिए ही नहीं अमेरिका के लिए भी बेहद जरूरी है। क्योंकि चीन की बढ़ती चुनौतियां उसे मुश्किल में डाल रही हैं। रूस और चीन की जुगलबंदी अमेरिका के लिए घातक हो सकती है। लेकिन सोशलमीडिया पर प्रधानमंत्री की अमेरिकी यात्रा को जिस संदर्भ में लिया जा रहा है वह बेहद शर्मनाक है। प्रधानमंत्री की एक वायरल हुई तस्वीर को लेकर सत्ता और विपक्ष में शीतयुद्ध चलने लगा है। देश को इस से क्या मिलेगा यह अलग तथ्य है। लेकिन सोशलमीडिया प्लेटफॉर्म पर यह साबित करने की कोशिश की जा रही है कि “तेरे पीएम से अच्छा मेरा पीएम”।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि अमेरिकी यात्रा के दौरान सोशल मीडिया में जो तस्वीर वायरल हो रही है उसमें प्रधानमंत्री यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण फाइलों को निपटाते हुए देखे जा रहे हैं। फिर इस तस्वीर में आखिर बुराई क्या है जो बहस का हिस्सा बनी है। प्रधानमंत्री एक महत्वपूर्ण यात्रा पर हैं उस संबंध में सत्ता और विपक्ष सोशलमीडिया पर चर्चा क्यों नहीं कर रहा कि अमेरिकी यात्रा से भारत को कितनी उम्मीदें हैं। भारत को इस यात्रा से क्या लाभ मिल सकता है। मोदी क्या ट्रंप जैसे बाइडन के करीब आ सकते हैं। अफगानिस्तान में तालिबानी शासन को लेकर अमेरिका क्या भारत की चिंताओं पर ख्याल कर सकता है। चीन और पाकिस्तान की गतिविधियों को लेकर अमेरिका क्या भारत को कोई मजबूत भरोसा दे सकता है।

कोविड महामारी की जंग दोनों देशों के आपसी तालमेल से कितनी और राहत मिल सकती है उस हालात में जब भारत, अमेरिका और दूसरे देशों में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। सामरिक सुरक्षा, आर्थिक विकास बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी, आतंकवाद, हिंसा सामाजिक असंतुलन जैसी समस्याओं पर हम विचार क्यों नहीं कर सकते। सत्ता और विपक्ष एक साथ मिलकर देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका क्यों नहीं निभा सकता। सत्ता से बाहर आते ही विपक्ष की सारी जिम्मेदारियां क्यों खत्म हो जाती है। उसके लिए क्या देश और लोगों की समस्याएं कोई मायने नहीं रखती हैं। क्या सिर्फ सत्ता ही देश सेवा का अनूठा माध्यम है। बदले राजनीतिक दौर में सत्ता और विपक्ष दोनों में इसका नितांत अभाव दिखता है। सत्तापक्ष, विपक्ष को न भरोसे में लेना चाहती है और विपक्ष न सत्तापक्ष के भरोसे में आना चाहता है। सिर्फ कुतर्क गढ़े जाते हैं और दोनों एक दूसरे की नुक्ताचीनी करने में लगे हैं।

आपको याद होगा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसके पूर्व भी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की एक तस्वीर अपनी धर्म पत्नी के साथ वायरल है। जिसमें विदेश दौरे के दौरान विमान में शास्त्रीजी महत्वपूर्ण फाइलों को निपटा रहे हैं। निश्चित रूप से एक राष्ट्र अध्यक्ष की है अपनी नैतिक जिम्मेदारी है कि देश ने उसे जो दायित्व सौंपा है वह निभाए। अब उसी तरह की तस्वीर अमेरिकी यात्रा के दौरान जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वायरल हुई तो सोशलमीडिया पर इसे शास्त्री की नकल बताया गया और उसकी आलोचना की जा रही है। सामान्य आदमी अगर अपनी तस्वीरें वायरल कर सकता है तो क्या प्रधानमंत्री को यह अधिकार नहीं है। उसके पास अपनी कुछ इच्छाएं नहीं हैं। सत्ता और विपक्ष के समर्थक आपस में भिड़े हुए हैं। लालबहादुर शास्त्री की तस्वीर को रीयल और मोदी की तस्वीर को रील बताया जा रहा है।

देश के एक सम्मानित मीडिया हाउस की तरफ से भी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाली गई है। जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी,नरसिम्हा राव,भारत रत्न अटल बिहारी, बाजपेयी और मनमोहन सिंह को विदेश यात्रा के दौरान विमान में कार्य करते हुए दिखाया जा रहा है। तस्वीरों के माध्यम से यह बताने की कोशिश की जा रही है कि प्रधानमंत्री मोदी ही नहीं दूसरे प्रधानमंत्रियों ने भी अपनी यात्रा के दौरान इस तरह के कार्य करते रहे हैं। एक दूसरी वायरल तस्वीर में एक तरफ प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और उनकी पत्नी के साथ एयर इंडिया का विमान दिख रहा है। दूसरी तरफ आत्मनिर्भरता दिखाते हुए प्रधानमंत्री का विमान दिख रहा है जिस पर एयर इंडिया के बजाय भारत लिखा है। एक तस्वीर में पूर्व प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी को विमान में सोते दिखा गया है जबकि दूसरे में नरेंद्र मोदी की वह तस्वीर है जो हाल में वायरल हो रही है। यह साबित करने की कोशिश है कि मोदी काम करते दिख रहे हैं जबकि राजीव गांधी को सिर्फ विदेश यात्रा का शौक था। सोशलमीडिया प्लेटफॉर्म पर एक तस्वीर यह भी वायरल है जिसमें 2010 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह कनाडा यात्रा के दौरान प्लेन से उतर रहे हैं तो उन्हें छाता दिखाया जा रहा है। जबकि अमेरिका यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी खुद छाता लेकर निकल रहे हैं।हालांकि छाते वाली तस्वीर पर भी सोशल मीडिया पर आलोचना हुई है कि प्रधानमंत्री की अगवानी के लिए विमान तल पर जो लोग खड़े थे वे छाता नहीं लिए थे, लेकिन मोदी छाता क्यों लिए थे। अब इन तथ्यहींन बहसों का क्या मतलब।

पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ इंदिरा गांधी की एक तस्वीर भी विदेश यात्रा की सोशलमीडिया में सुर्खियां बटोर रही है जिसमें विदेश यात्रा के दौरान काफी भीड़ उनके स्वागत में उमड़ी है। दावा किया गया है कि पंड़ित नेहरू के साथ इसी यात्रा के दौरान इंदिरा गांधी का नाम “इंदिरा” पड़ा था। फिलहाल सोशलमीडिया पर इस तथ्य और दिशाहीन बहस से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। क्योंकि यह मौसमी कुतर्क है और राजनीति का द्वन्द्ववाद है। सोशलमीडिया अच्छी भाषा और विचारों के बजाय सिर्फ कुतर्कों की गंदगी फैला रहा है। देश और समाज को बांटने का काम कर रहा है। हमें हर हालात में इस स्थिति से बचना होगा।

---

## संपादकीय

## महामारी की चुनौती



पिछले करीब डेढ़ साल से दुनिया महामारी की चुनौती से जूझ रही है। इसका सामना करते हुए न सिर्फ लोगों को इससे बचाने के ठोस उपायों पर लगातार काम चल रहा है, बल्कि बचाव के जरूरी इंतजाम के साथ जनजीवन को सामान्य बनाने की भी कोशिश चल रही है। बहुत सारे देशों ने कोरोना विषाणु के संक्रमण को काबू करने के उपायों के साथ-साथ आर्थिक और दूसरी सार्वजनिक गतिविधियों को धीरे-धीरे सहज बनाने की ओर कदम उठाए हैं। खासतौर पर जब से कोरोना विषाणु से बचाव का टीकाकरण चल रहा है, तब से एहतियात की हिदायतों के साथ कई स्तर पर राहतें भी दी गई हैं, ताकि लोग अब भविष्य की ओर बढ़ सकें। लेकिन इसी बीच दुनिया के कई हिस्सों से ऐसी खबरें भी आ रही हैं, जिनमें इस महामारी के नाम पर लगाई गई पाबंदियां बहुत सारे लोगों को नाहक बंधक जैसे हालात में बनाए रखने का जरिया साबित हो रही हैं। मसलन, चीन ने कोविड-19 की स्थिति का हवाला देते हुए वीजा प्रक्रिया को अब तक निलंबित किया हुआ है। प्रथम दृष्टया यह कोरोना की संवेदनशीलता के मद्देनजर एहतियात बरतने की कोशिश लगती है। लेकिन व्यवहार में इसका सीधा असर यह पड़ा है कि चीन में करीब तेईस हजार से ज्यादा भारतीय विद्यार्थी, सैकड़ों उद्योगपति और कामगार अपने परिवारों के साथ बीते एक साल से फंसे हुए हैं। दरअसल, कोरोना संक्रमण पर काबू पाने की कोशिशों के बीच सभी देशों में आगे बढ़ने के रास्ते तैयार किए जा रहे हैं। टीका और बचाव के उपायों के साथ कोराबारी गतिविधियों से लेकर अब स्कूल-कॉलेज भी खोलने की ओर बढ़ा जा रहा है। यानी विज्ञानसम्मत विचार के सहारे जनजीवन को सामान्य बनाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन संक्रमण का हवाला देकर अगर चीन में बड़ी तादाद में विद्यार्थियों और अन्य लोगों को अघोषित तौर पर बंधक की तरह के हालात में रहने पर मजबूर किया जा रहा है तो इसे कैसे देखा जाएगा? जिस महामारी का सामना करने के पीछे मकसद मनुष्य की रक्षा करना है, उसके बहाने लोगों को बहुस्तरीय मुश्किल में डालना विचित्र है। फिर बचाव के वैज्ञानिक उपायों का तर्क खारिज करके लोगों को कैद करना यों भी अवैज्ञानिक दृष्टिकोण है। ऐसा लगता है कि चीन के इस रुख के पीछे प्रत्यक्ष कारण कोविड-19 की स्थितियां जरूर हैं, लेकिन मुख्य वजह भारत के प्रति उसका दुराग्रह है, जिसके चलते वह गाहे-बगाहे मनमानी करता रहता है। चीन में फंसे भारतीयों को उनके गंतव्य तक जाने देना एक विशुद्ध मानवीय मुद्दा है और अपने आग्रहों को किनारे कर चीन को इस दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए।

---

# भारत बंद -विरोधाधिकार-चुनौती- जनसंकट और समाधान



निर्मल रानी

> भारत बंद की सफलता और इसे मूक दर्शक बने रहकर देखने की देश व राज्य सरकारों की मजबूरी यह साबित करती है कि पूर्ण बहुमत की यह सरकार उसके अनुसार “मुट्ठी भर किसानों” के भारत बंद रुपी राष्ट्रव्यापी विरोध के आगे शक्तिहीन व असहाय रही। सरकार उस विपक्ष की रणनीतियों के आगे भी असफल दिखाई दी जिसपर वह किसानों को भड़काने व गुमराह करने का भी आरोप लगाती है साथ साथ उसी विपक्ष को मृत प्राय,कमजोर और कांग्रेस के लिये तो खासकर “कांग्रेस मुक्त भारत” जैसे शब्दों का भी प्रयोग करती रहती है। कांग्रेस के अतिरिक्त बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, वामपंथी दल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(एन सी पी ) आम आदमी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल समेत दक्षिण भारत के कई राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता बंद के दौरान भारत बंद को सफल बनाने के लिये सड़कों पर उतरे नजर आए। भारत बंद की सफलता ने यह साबित कर दिया कि देश का किसान भी संगठित है और विपक्ष का भी किसानों को सर्वसम्मत व पूर्ण समर्थन हासिल है।

संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा तीन नए कृषि कानूनों के विरुद्ध दूसरी बार आहूत 'भारत बंद'का गत 27 सितंबर को राष्ट्रव्यापी प्रभाव देखने को मिला। सत्ता अर्थात भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता ने इसे 'अराजक तत्वों' द्वारा किया गया अराजकता पूर्ण विरोध प्रदर्शन तथा विपक्षी दलों द्वारा किसानों के कंधे पर बंदूक रखकर चलाना आदि बताया तो किसानों ने इसे अपने आंदोलन की राष्ट्रव्यापी स्वीकार्यता,सफलता व आंदोलन को पूरे देश से मिलने वाले व्यापक समर्थन के रूप में देखा। इससे पूर्व किसानों ने इसी वर्ष 26 मार्च को भी इसी विषय को लेकर भारत बंदका आह्वान किया था जिसका प्रभाव पंजाब,हरियाणा,दिल्ली,राजस्थान व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश इलाकों में पड़ा था। उस समय सरकार के नुमाइंदों ने इसे “असफल” भारत बंद बताया था। सत्ता पक्ष के लोग अक्सर यह कहते रहे हैं कि कृषि कानूनों के विरुद्ध कुछ मुट्ठी भर किसानों द्वारा यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। हालांकि भाजपा के संरक्षक संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से संबंधित भारतीय मजदूर संघ सहित सत्ता से संबंधित अनेक नेता,मंत्री,सांसद,विधायक यहां तक कि राज्यपाल द्वारा भी किसानों के पक्ष में अपने विचार रखे जा रहे हैं।

किसानों द्वारा गत दस महीनों से लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन के अपने अधिकारों के नाम पर गत दिनों दूसरी बार “भारत बंद” का जो आह्वान किया गया था वह 26 मार्च के भारत बंद की तुलना में कहीं ज्यादा सफल व व्यापक रहा। जम्मू-कश्मीर, पंजाब,हरियाणा से लेकर राजस्थान, दिल्ली, उत्तराखंड,उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, ओड़ीसा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना,कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु सहित देश के 25 से भी अधिक राज्यों में भारत बन्द का व्यापक प्रभाव देखा गया। देश के अधिकांश राष्ट्रीय राजमार्ग प्रातः 6 बजे से लेकर शाम चार बजे तक बन्द अथवा बाधित रहे। देश में कई स्थानों पर रेलवे सेवायें भी बाधित रहीं। निःसंदेह इस 27 सितंबर के भारत बंद को अभूतपूर्व सफलता मिलने का कारण यही था कि न केवल इस आंदोलन का अब राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार हो चुका है बल्कि इसबार इसे लगभग सभी विपक्षी दलों,मजदूरों,कामगारों व छात्रों का भी पूर्ण समर्थन प्राप्त हुआ।

किसानों द्वारा अपने लोकतान्त्रिक विरोधाधिकार के नाम पर किये जाने वाले इस बंद की सफलता को लेकर यह कहा गया कि यह सत्ता की उस चुनौती का जवाब है जिसमें वह कहा करती है कि यह सीमित क्षेत्र के मुट्ठी भर सरमायेदार किसान आंदोलनरत हैं। राष्ट्रविरोधी,खालिस्तानी व मवाली किस्म के किसान जैसी उपाधियों से नवाजने वाली सत्ता को इस बंद के माध्यम से जवाब दिया गया है। धर्म जाति व क्षेत्र के नाम पर किसानों व आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश करने वाली सरकार को इस बंद के माध्यम से यह बताने की कोशिश की गयी है कि यह आंदोलन देश के 'अन्नदाताओं' का राष्ट्रव्यापी आंदोलन है जो तीनों कृषि कानूनों के वापस लिये बिना समाप्त नहीं होने वाला। जिस आंदोलन में दुधमुंहे बच्चे से लेकर सौ वर्ष से अधिक उम्र वाले अनेक बुजुर्ग डटकर सत्ता को चुनौती दे रहे हों,बहुमत के नशे में चूर सत्ता द्वारा उस आंदोलन को कमजोर या हल्का समझना निश्चित रूप से उसकी बड़ी भूल है।



परन्तु इस प्रकार के भारत बंद से आम जनता को भी भारी परेशानी व जनसंकट का सामना करना पड़ता है। देश अब तक किसानों के इस भारत बंद के अलावा भी विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा जनसमस्याओं को लेकर या सत्ताविरोधी स्वर बुलंद करने के लिये सैकड़ों बार भारत बंद का सामना कर चुका है। और हर बार जनता को ट्रैफिक या जाम में फंसकर परेशानी का सामना करना पड़ा है। कई कई घंटों के जाम तो दिल्ली व आसपास के शहरों,महानगरों तथा देश के प्रमुख शहरों में बिना भारत बंद के ही आये दिन लगते रहते हैं। बारिश में भी जगह जगह लंबे समय तक जाम लगने की खबरें अक्सर सुनाई देती हैं। उस समय मीडिया आंशिक रूप से ऐसे जाम की खबरें तो जरूर देता है परन्तु उसके कारण व उनका जिम्मेदार कौन है इन बातों पर रौशनी नहीं डालता। जबकि किसानों द्वारा अपने व देश की जनता के हितों के मद्देनजर किये जा रहे ऐसे आंदोलनों में “गोदी मीडिया” किसानों पर दोष मढ़ने की कोशिश करता है तथा इस किसान आंदोलन को “शाहीन बाग” आंदोलन के धरने से जोड़ने की कोशिश करता है।

भारत बंद की सफलता और इसे मूक दर्शक बने रहकर देखने की देश व राज्य सरकारों की मजबूरी यह साबित करती है कि पूर्ण बहुमत की यह सरकार उसके अनुसार “मुट्ठी भर किसानों” के भारत बंद रुपी राष्ट्रव्यापी विरोध के आगे शक्तिहीन व असहाय रही। सरकार उस विपक्ष की रणनीतियों के आगे भी असफल दिखाई दी जिसपर वह किसानों को भड़काने व गुमराह करने का भी आरोप लगाती है साथ साथ उसी विपक्ष को मृत प्राय,कमजोर और कांग्रेस के लिये तो खासकर “कांग्रेस मुक्त भारत” जैसे शब्दों का भी प्रयोग करती रहती है। कांग्रेस के अतिरिक्त बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, वामपंथी दल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(एन सी पी ) आम आदमी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल समेत दक्षिण भारत के कई राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता बंद के दौरान भारत बंद को सफल बनाने के लिये सड़कों पर उतरे नजर आए। भारत बंद की सफलता ने यह साबित कर दिया कि देश का किसान भी संगठित है और विपक्ष का भी किसानों को सर्वसम्मत व पूर्ण समर्थन हासिल है।

सरकार को इस भारत बंद से सबक लेने की जरुरत है। अपने किसान विरोधी व जनविरोधी फैसलों को संसद में बहुमत के आंकड़ों व रणनीतिपूर्ण चुनावी परिणामों से जोड़कर देखना सत्ता की भूल है। सरकार को महसूस करना चाहिये कि जहाँ सी ए ए व एन आर सी तथा तीन तलाक जैसे उसके कानून भारतीय समाज में उसकी सामाजिक विघटन की सोच को उजागर करते हैं उसी तरह तीन नए कृषि कानून व राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (ठऋळ) द्वारा निर्मित अनेक नियम कानून पूर्णतयः कृषक विरोधी हैं और यह सरकार की पूंजीवाद सोच को भी प्रतिबिंबित करते हैं। सरकार को यह भी सोचना चाहिये कि क्या वजह है कि सत्ता में आने के बाद उसके द्वारा एक के बाद एक लिये जा रहे नोटबंदी व जी एस टी जैसे तानाशाही पूर्ण फैसले आखिर क्योंकर जनता को बेचैन कर रहे हैं। टीकाकरण अभियान का ढिंढोरा पीट व इसके कथित कीर्तिमान को लेकर अपनी पीठ थपथपा कर सरकार नदियों किनारे तैरती लाशों व ऑक्सीजन की कमी से तड़प कर मरने व चीखने चिल्लाने वाले दृश्य देशवासियों की नजरों से ओझल नहीं कर सकती। किसान संगठन बार बार कह रहे हैं कि जब तक किसान विरोधी तीनों कानून वापस नहीं लिए जाते और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम एस पी ) की गारंटी देने वाला कानून नहीं बन जाता तब तक उनका आंदोलन व संघर्ष जारी रहेगा। ऐसे में अब सरकार को तय करना है कि वह किसानों से टकराने की अपनी झूठी-सच्ची रणनीति पर कायम रहना ही पसंद करती है या अपने अहंकार को समाप्त कर किसी सर्वमान्य निष्कर्ष पर पहुँच कर देश को धरने,प्रदर्शनों व जाम तथा बंद आदि से निजात दिलाने की दिशा में यथाशीघ्र कोई सार्थक कदम उठती है।

---

# दुनिया में गांधी-जैसा कोई और नहीं





डॉ. वेदप्रताप वैदिक

गांधीजी को हम कम से कम उनके जन्मदिन पर याद कर लेते हैं, यह भी बड़ी बात है। हम ही याद नहीं करते। सारी दुनिया उन्हें याद करती है। दुनिया में बड़े-बड़े राजा-महाराजा भी हुए हैं लेकिन उन्हें कौन याद करता है ? भारत में ही दर्जनों राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री हो गए हैं लेकिन युवा-पीढ़ी से पूछें तो उन्हें उनके नाम तक याद नहीं हैं। इसका अर्थ क्या यह नहीं निकला कि आपके पद का उतना महत्व नहीं है, जितना कि आपके अपने व्यक्तित्व का है। गांधीजी का व्यक्तित्व इतना निराला था कि महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंटस्टीन के शब्दों में ही उसकी सही व्याख्या हो सकी है। उन्होंने कहा था कि आनेवाली पीढ़ियों को विश्वास ही नहीं होगा कि गांधी-जैसा कोई हाड़-मांस का महापुरुष पृथ्वी पर हुआ भी होगा। यों तो राम और कृष्ण, बुद्ध और महावीर, ईसा और मुहम्मद, नानक और कबीर जैसे महापुरुषों की कथाएं हम सुनते रहे हैं लेकिन हम लोग कितने भाग्यशाली हैं कि हमने गांधी-जैसे महापुरुष को अपनी आंखों से देखा है या उन लोगों के सानिध्य में रहे हैं, जो गांधीजी के साथी थे। गांधी के नाम पर कोई धर्म और संप्रदाय नहीं बना है। बन भी नहीं सकता, क्योंकि गांधी कोरे सिद्धांत नहीं हैं। गांधी व्यवहार हैं। गांधी की तुलना प्लेटो, अरस्तू, हीगल और मार्क्स से नहीं की जा सकती, क्योंकि गांधी ने किसी दार्शनिक या विचारक की तरह कोरे सिद्धांत नहीं गढ़े हैं लेकिन उन्होंने कुछ सिद्धांतों का अपने जीवन में पालन इस तरह से किया है कि दुनिया में गांधी बेमिसाल हो गए हैं। उनके जैसा कोई और नहीं दिखता। उनका व्यवहार ही सिद्धांत बन गया है। जैसे इस सिद्धांत को सभी धर्म मानते हैं कि “ब्रह्म सत्यम्” याने ब्रह्म ही सत्य है लेकिन गांधी ने कहा कि सत्य ही ब्रह्म है। सत्य का पालन ही सच्ची ईश्वर भक्ति है। उन्होंने सभी धर्मों की इस परंपरागत धारणा को उलटकर देखा, परखा और उसे करके दिखाया। उन्होंने सत्य और अहिंसा का पालन अपने व्यक्तिगत जीवन में ही नहीं करके दिखाया, बल्कि उसे संपूर्ण स्वाधीनता संग्राम की प्राणवायु बना दिया। कई बार मैं महसूस करता हूं कि बाइबिल के ओल्ड टेस्टामेंट में जो यह कहा गया है कि “ईश्वर मनुष्य का पिता है”, इसका उल्टा सत्य है याने मनुष्य ही ईश्वर का पिता है। मुनष्यों ने अपने-अपने मनपसंद ईश्वर गढ़ लिये हैं। इसीलिए ईश्वर, यहोवा, अल्लाह, अहुरमज्द में कोई बुनियादी फर्क नहीं है। यह धारणा ही सर्वधर्म समभाव को जन्म देती है। देश-काल के कारण धर्मों की कई धारणा में फर्क हो सकता है लेकिन धार्मिकों में तो परस्पर सद्भाव ही होना चाहिए। गांधी की इस धारणा ने ही उन्हें 1947 में भारत-विभाजन के समय विवादास्पद बना दिया था। जिस कारण सकुरात को अपने प्राण-विसर्जन करने पड़े, गांधी-वध का भी कारण वही बना लेकिन यदि हम अब गांधी के सपनों का भारत बना हुआ देखना चाहते हैं तो हमें सिर्फ भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के ही नहीं, अराकान (म्यांमार) से खुरासान (ईरान) और उसमें मध्य एशिया को भी जोड़कर एक महासंघ का निर्माण करना होगा, जो गांधी के साथ-साथ महावीर, बुद्ध और दयानंद के सपनों का आर्यावर्त्त होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### सहोदरा थाना में सम्पन्न हुआ दुर्गा पूजा शांति समिति का बैठक

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा प्रखंड के सहोदरा थाना परिसर में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर सम्पन्न हुआ शांति समिति का बैठक । गौरतलब हो कि प्रत्येक वर्ष की भांति ईस वर्ष भी दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर पर सहोदरा थानाध्यक्ष ने एक शांति समिति का बैठक किया ।थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा के समय डीजे नही बजाना है।मेला नही लगाना है।रावण वध नही करना है ।किसी प्रकार का सांस्कृति कार्यक्रम नही करना है। प्रत्येक पूजा स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है ।और मूर्ति विसर्जन के समय लोगों का संख्या कम से कम होना चाहिए।वही बैठक में जमुनिया पंचायत के निवर्तमान मुखिया सुनील कुमार गढ़वाल, समाजसेवी बाबर खान, बिक्की कुमार, अशोक कुमार, युगल किशोर महतो, अनिल महतो, आबिद मिया, शिक्षक कृष्ण लाल कुमार, एस आई चंद्रकिशोर तिवारी, एएसआई बिपिन कुमार शुक्ला, भगत यादव आदि उपस्थित रहे।

### पटना के महावीर मंदिर में नैवेद्मम प्रभारी केन्या के वेंकटेश्वर मंदिर में प्रसाद बनाएंगे

पटना, एजेंसी।पटना के लोगों के लिए गर्व की बात है।दरअसल पटना के महावीर मंदिर में नैवेद्मम प्रभारी केन्या के वेंकटेश्वर मंदिर में प्रसाद बनाएंगे।इसकी जानकारी पटना के महावीर मंदिर की ओर से दी गई है।दरअसल तिरुपति बालाजी जैसा ही नैरोबी का श्री कल्याण वेंकटेश्वर मंदिर भी है, जो केन्या में बेहद चर्चित और हिंदुओं के लिए आस्था का बड़ा केंद्र है।मंदिर और पटना के महावीर मंदिर के बीच ये तय हुआ है कि प्रसिद्ध नैवेद्मम बनाने वाली टीम के प्रमुख आर शेषाद्री केन्या की राजधानी नैरोबी के श्री कल्याण वेंकटेश्वर मंदिर में नैवेद्मम और अन्य भोग बनाएंगे।

तिरुपति बालाजी की तर्ज पर स्थापित मंदिर में तिरुपति की तरह ही शारदीय नवरात्रि के अवसर पर वेंकटेश्वर नाव रात्रि ब्रह्मोत्सव आयोजित होता है ।मंदिर प्रबंधन ने महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल से पत्राचार द्वारा शेषाद्री को नैरोबी भेजने का अनुरोध किया था, इसके बाद शेषाद्री शनिवार को रवाना भी हो गए। किशोर कुणाल ने बताया कि श्री कल्याण वेंकटेश्वर मंदिर के संचालन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर पी वी संबाशिव राव ने पत्र भेजकर अनुरोध किया था।पत्र में मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टियों की ओर से मंदिर में आयोजित हो रहे ब्रह्मोत्सव के दौरान नैवेद्मम और प्रसाद बनाने के लिए शेषाद्री की सेवाएं लेने का अनुरोध किया गया था। वेंकटेश्वर मंदिर शेषाद्री के आने जाने से लेकर ठहरने का सारा प्रबंध करेगा ।मंदिर में ब्रह्मोत्सव 6 से 16 अक्टूबर तक आयोजित होगा।खबर है कि तिरुपति बालाजी मंदिर से अलंकार और वेद पाठ के लिए 2-2 यानी चार लोगों को नैरोबी आमंत्रित किया गया है।

### एक ही दिन में बिहार में 18 लाख से अधिक लोगों को कोरोना का टीका

पटना, एजेंसी।बिहार में गांधी जयंती के अवसर पर चलाया गया मेगा वैक्सीनेशन अभियान चुनौतीपूर्ण रहा।राज्य में बीती रात 12 बजे तक अधिकतर जिलों में वैक्सीनेशन अभियान जारी रहा और 28 लाख 18 हजार 360 लोगों का टीकाकरण किया गया।सबसे टॉप पर पटना जिला रहा जहां 1 लाख 90 हजार 379 लोगों को वैक्सिनेट किया गया जबकि दूसरे स्थान पर पूर्णिया जिला रहा जहां 1 लाख 28 हजार 91 लोगों ने टीका लिया।भागलपुर जिला शाम ढलते ही तीसरे स्थान पर पहुंच गया और रात तक 1 लाख 27 हजार 261 लोगों को टीका दिया गया। दरअसल पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बिहार में 17 सितम्बर को मेगा वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया था जिसमें बिहार ने एक दिन में साढ़े 33 लाख लोगों को टीका देने का रिकॉर्ड बनाया था।गांधी जयंती के अवसर पर बिहार ने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ने का लक्ष्य रखा था, हालांकि मेगा वैक्सीनेशन अभियान में चक्रवातीय गुलाब की वजह से लगातार हो रही बारिश ने काफी खलल डाला।इससे कई जिलों में टीकाकरण पर प्रतिकूल असर पड़ा।स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय भी मानते हैं कि लक्ष्य साढ़े 33 लाख को पार करना था लेकिन मौसम ने साथ नहीं दिया।बावजूद मंत्री ने स्वास्थ्य कर्मियों और बिहारवासियों को बधाई दी है, जिन्होंने खराब मौसम में भी टीकाकरण केंद्रों पर जाकर टीका लिया।

### डीजे बजाने से मना करने पर दारोगा से धक्का-मुक्की, फाड़ी वर्दी

सीतामढ़ी, एजेंसी।बिहार के सीतामढ़ी जिले में जुलूस में डीजे बजाने से रोकने पर भीड़ भड़क उठी।नाराज लोगों ने पुलिस पर धावा बोल दिया और उन्हें दोड़ा-दौड़ा कर उनके साथ बदसलूकी की।जुलूस में शामिल लोग इतने आक्रोशित थे कि पुलिसवालों ने वहां से भाग कर जान बचाने में ही भलाई समझी।घटना नानपुर प्रखंड के गौरा पंचायत के कसाई टोला के समीप की है ।बताया जा रहा कि नानपुर प्रखंड में हाल ही में पंचायत चुनाव में मुखिया पद के लिए जिस प्रत्याशी ने चुनाव में बाजी मारी थी उसके समर्थकों ने जीत की खुशी में जुलूस निकाला था।जुलूस में गाजे-बाजे के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल थे, साथ ही इसमें डीजे भी बजाया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जुलूस निकालने और डीजे बजाने से लोगों को रोकने का प्रयास किया जिस पर भीड़ आगबबूला हो उठी।पुलिस ने लोगों को समझाने की कोशिश की तो वो उससे उलझ गए और उनके साथ धक्का-मुक्की की।यही नहीं, भीड़ ने पुलिसकर्मियों को दौड़ाना शुरू कर दिया।वहां हालत खराब होता देख दारोगा आरपी यादव ने भाग निकलने में अपनी भलाई समझी।

# साफ-सफाई, कचड़ा उठाव व ड्रेनेज सिस्टम व्यवस्था को रखें दुरुस्त: उपायुक्त



» मदरलैण्ड संवाददाता

देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर जल-जमाव और अतिक्रमण की समस्या से अवगत हुए। इस दौरान उपायुक्त ने शिवराम झा चौक से शमशान घाट, हरिहर बाड़ी, गांधी नगर व हरदला कुंड के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण करते हुए इन क्षेत्रों में रहे लोगों से बातचीत करते हुए वस्तुस्थिति से अवगत हुए।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि जलजमाव जैसी स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पानी निकासी को लेकर पुख्ता प्रबंध करें और इससे जुड़े कार्यों से उपायुक्त कार्यालय को अवगत कराए, ताकि आबादी वाले क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति से तुरंत प्रभाव से पानी निकासी कर निपटा जा सके। आगे उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में विशेष रूप से जिन क्षेत्रों में जलजमाव है तो तुरंत प्रभाव से पानी निकासी के साथ नालों की सफाई, कचरा उठाव एवं साफ-सफाई पर ध्यान दे।

इसके अलावे उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने हरिहर बाड़ी, हरदला कुंड अवस्थित बड़े नाले, गांधी नगर में अतिक्रमण की समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक करवाई करने का निर्देश दिया, ताकि जलजमाव की समस्या को दूर किया जा सके। साथ ही उपायुक्त ने संबंधित अंचलाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी को इन स्थलों पर अवैध निर्माण का जांच करते हुए उपायुक्त कार्यालय को अवगत कराने का निर्देश दिया है। आगे निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने हरदला कुंड स्तिथ बस्ती में जल जमाव की स्तिथि व यहाँ रह रहे सफाई मित्रों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को इलाके के ड्रेनेज सिस्टम की समस्या का निराकरण करते हुए इसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया। वही घरों में जलजमाव की समस्या के कारण सफाई मित्रों के बीच अनाज वितरण कराने का निर्देश उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके अलावे उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को गाद जमे हुए नालों की सफाई व नालों के आसपास झाड़ जंगल को साफ करने का निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिया, ताकि पानी के बहाव का रास्ता सुगम रहें। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम, कचड़ा उठाव, नालों की समय-समय पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिया। इस दौरान उपरोक्त के अलावे अपर समाहर्ता चंद्र भूषण प्रसाद सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, नगर निगम के वरीय अधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पीडब्लूडी व पीएचडी के कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, देवघर, अंचलाधिकारी देवघर, डीसी सेल अमृता सिंह, आस्था जोशी, चिनमय पाटिल, किरण छापा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# झारखण्ड प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक प्रारंभ




» मदरलैण्ड संवाददाता

देवघर। देवधर के अंगुला मेंशन में भारतीय मजदूर संघ झारखण्ड प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक प्रारंभ हुई- अध्यक्ष एस एन सिंह एवं पूर्व क्षेत्र संगठन मंत्री गणेश मिश्र राष्ट्रीय का० का सदस्य सुरेश प्र. सिन्हा जी प्रदेश संगठन मंत्री अणेश कु०, सहमहामंत्री रेजय कुमा स्थानिय विधायक नारायण दास जी के द्वारा दिप प्रज्वलित का ठेगडी जी की आरतमाता, भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर का उद्घाटन किया गया, कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के प्रदेश संयोजक राजेश उपाध्याय एवं विशेष रूप से पूर्व मंत्री रणधीर सिंह जी उपस्थित रहे रणधीर सिंह ने अपने को अम0 से से संस्कारीत हो राष्ट्र निर्माण में राजनितीक जिवन प्रारम्भ किया अध्यक्षीय भाषण के एस एन सिंह ने असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक, आंगनवाडी, सहिया सदिया साथी, विभिन्न आमाओं के कार्यह असंगठित श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा एवमुक्त वेवनानको चिन्ता जाहिर कि काम की गती देने पर बल दिया सरकार की श्रमिक संघो के निवेधन पर गहरी चर्चा हुथी। दिन दिन दो दिन तक वाले चिन्तन मे क्षेत्र में उद्योग एवं श्रमिकों की स्थीती पर चिंतन किया जाएगा` प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों के द्वारा कल तक कई विन्दुकों पर निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में अंगद उपाध्याय व्यवस्था प्रमुख के रूप में रहे। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री वृष विहारी शर्मा के द्वारा किया गया।

# पहली पुण्यतिथि पर याद किए गए मंत्री हाजी हुसैन

» मदरलैण्ड संवाददाता



राँची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय परिसर में राज्य के पूर्व मंत्री स्व०हाजी हुसैन अंसारी के पहली पुण्यतिथि के मौके पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री स्व०हाजी हुसैन अंसारी आज हम सभी के बीच नहीं हैं, परंतु उनके आदर्श और विचार सदैव हमारे दिलों में रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन, राज्य और देश स्व०हाजी हुसैन अंसारी द्वारा समाज और राज्य के विकास में मिले योगदान एवं कार्यों को हमेशा याद रखेगा। वे सरल,सर्वसुलभ और दृढ़ विश्वास वाले जन नेता थे। उनकी सोच राज्य के गरीब,आदिवासी, दलित एवं पिछड़े सहित सभी वर्गों के कल्याणार्थ अभूतपूर्व रहा। सादा जीवन-उच्च विचार के सिद्धांत पर चलने वाले स्व०हाजी हुसैन अंसारी का संपूर्ण जीवन आमजनों के लिए ही समर्पित था। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व०हाजी हुसैन अंसारी की कमी तो पूरी नही की जा सकती, परंतु उनके आदर्शों और विचारों को अपनाकर मजबूत, खुशहाल एवं विकसित झारखंड की परिकल्पना को पूरा किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्व०हाजी हुसैन अंसारी के पहली पुण्यतिथि के मौके पर हमसभी लोग उनके व्यक्तित्व को स्मरण कर रहे हैं। स्व०हाजी हुसैन अंसारी के पुण्यतिथि पर उन्हें मेरा शत-शत नमन।

मौके पर मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद एवं समाजसेवी विनोद पांडेय ने भी स्व०हाजी हुसैन अंसारी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# कोविड 19 वैक्सीन लेने के कुछ घंटों बाद वृद्ध की हुई मौत





» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। कोविड 19 वैक्सीन लेने के कुछ घंटों बाद एक वृद्ध की मौत शनिवार की देर शाम उनके पैतृक आवास पर हो गयी.मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया.मृतक बाड़ा पंचायत के तेतराही गांव के वार्ड 12 निवासी स्व श्रीचन्द पासवान के 62 वर्षीय पुत्र रामानंद पासवान है.घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि शनिवार की दोपहर उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेतराही के प्रांगण में आयोजित वैक्सीनेशन शिविर में रामानंद कोविड-19 का टीका लगवाये थे.देर शाम खाना खा रहे थे.इसी क्रम में अचानक दम फुलने लगा. और कुछ ही मिनटों में उसने अपना दम तोड़ दिये. उन्होंने बताया कि घटना की सूचना स्वास्थ्य विभाग के अलावे अन्य अधिकारियों को भी दे दिया गया है.परिजनों ने बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा बताया गया कि वैक्सीन लेने से मौत नहीं होता है, जब जाकर स्थानीय ग्रामीण व रिश्तेदारों ने शव को बूढ़ीगंडक नदी के मिजार्पुर घाट स्थित शमशान घाट में दाह संस्कार कर दिया गया.मृतक का तीन पुत्र ही है, जिसमें संजीत पासवान, सतीश पासवान, वीरेन्द्र पासवान शामिल हैं.वृद्ध की मौत से उसके पत्नी कुमरी देवी, पुत्रवधू सबुजा देवी, फूलकुमारी देवी, सीमा कुमारी का रो रोकर बुराहाल हो गया.वहीं दूसरी ओर घटना की सूचना मिलते ही दर्जनों सामाजिक व राजनीतिक दलों के कार्यकताओं ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर सांत्वना दी तथा इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के परिजनों को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया.

**कहते हैं अधिकारी-**

इस संदर्भ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोदावंदपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पृथ्वीराज ने बताया कि वृद्ध को वैक्सीन लेने से मौत नहीं हुई है. एक भाइल में दस लोगों को कोविड टीका लगाया जाता है.अगर वैक्सीन लेने से मौत होती तो उसी भाइल में से लिये गये अन्य लोगों की भी मौत हो सकती थी.इसलिए वृद्ध की मौत वैक्सीन लेने से नहीं हुई है, उनकी मौत किसी अन्य बीमारी के कारण हो गयी है.

# नगर निगम क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वस्थ सेवाओं का विस्तार सबके लिये लाभकारी:गरिमा शिकारिया

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। नगर निगम की निवर्त्तमान सभापति गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि शहरी क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वस्थ सेवाओं का विस्तार सबके लिये उपयोगी और जरूरी है। वे रविवार के दिन छावनी चौक के समीप सेवा इमरजेंसी हॉस्पिटल का उद्घाटन करने के बाद बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि कोरोना के संक्रमण काल में यह साबित शरीर में इम्युनिटी मजबूत रहने के साथ छोटी मोटी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति सबको सजग रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज जैसा कि डॉ. रसीद सिद्दीकी के द्वारा बताया गया है कि इस अस्पताल में इंडोस्कोपी और लेप्रोस्कोपि की गुणवत्तापूर्ण सुविधा विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी की देख रेख में उपलब्ध होगी। अगर ऐसा होता है तो नगर निगम क्षेत्र और यहां इलाज के लिये आने वाले लोगों को अपनी चिकित्सा सम्बन्धी जरूरत की पूर्ति पूरी गुणवत्ता के साथ हो सकेगी। श्रीमती सिकारिया ने कहा कि अपने समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने की बहुत जरूरत है। इस दिशा में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की अपील उन्होंने अस्पताल के प्रबंधकीय टीम से की। इस मौके पर मदन मोहन तिवारी पूर्व विधायक बेतिया,प्रोफेसर परवेज आलम एनसीपी अध्यक्ष पश्चिमी चंपारण, शकील अहमद, इम्तियाज अहमद, आस मोहम्मद, तनजीर आलम, मोहम्मद कैफ, सोहराब आलम, रिजवान शाहिद, तबरेज आलम, मुकेश यादव,शकुंतला देवी, नियाज अहमद आदि की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

# उद्योग मंत्री शहनवाज हुसैन ने किया पशु आहार इंडस्ट्री का उद्घाटन

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। स्थानीय इंडस्ट्रियल एरिया में रविवार को बिहार सरकार के उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन ने पशु आहार उद्योग का उद्घाटन किया तथा कहा कि यह बेतियां वासियों के लिए एक सौगात के रूप में है। इनके मालिक का पश्चिमी चंपारण के लिए सराहनीय कदम है ।हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। मौके पर उपमुख्यमंत्री रेणु देवी, उद्योग मंत्री सहनवाज हुसैन, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल, ढाका विधायक पवन जायसवाल, चनपटिया विधायक उमा कांत सिंह, राज्य सभा सांसद सतीश चंद्र दुबे, प्रदेश कार्य करिणी समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता , एमएलसी बबलू गुप्ता सहित कयी उपस्थित रहें। पश्चिम चंपारण संजय कुमार गुप्ता कंपनी के संस्थापक हैं। उन्होंने इस कंपनी की स्थापना अच्छी गुणवत्ता वाले पशु आहार के निर्माण और श्रमिकों को रोजगार प्रदान करने के लिए की है ।उद्योग मंत्री सैय्यद सहानवाज हुसैन ने कहा कि संजय कुमार गुप्ता ने खुद को एक सफल उद्योगपति साबित किया है और आने वाले वर्षों में सरकार उनका समर्थन करेगी ताकि वह समाज के लिए बेहतर कर सकें। मौके पर कई उपस्थित है।

# 'गांधी तुम्हीं बड़े हो....' से गूंजता रहा काशी काव्य संगम बिहार इकाई का वर्चुअल मंच

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार।

दुःख से दूर पहुंचकर गांधी,
सुख से मौन खड़े हो,
मरते खपते इंसानों के
इस भारत में तुम्हीं बड़े हो,

काशी काव्य संगम के वर्चुअल काव्य गोष्ठी सह परिचर्चा के दौरान देश विदेश के सत्तर से ज्यादा कवियों ने एक शानदार समा बांध कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

प्रदेश सचिव सह कार्यक्रम के संयोजक बिपिन चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में गांधी को गालियां देने वाले लोग भी अपनी सामाजिक, राजनैतिक और राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान हेतु पड़ोस के घर में भगत सिंह के पैदा होने का इंतजार कर रहे हैं। अतः स्पष्ट है कि सभी लोग गांधीवादी तरीके से ही देश की तमाम समस्याओं का निदान चाहते हैं।


सत्य अहिंसा का देकर नारा,
जीवन भर वह अटल रहे,
देश परदेश में सहा सितम,
कब कहां वो विकल रहे...

कवि बिपिन चौधरी द्वारा लिखित पंक्तियों ने सारी दुनिया को गांधी के प्रयोग और वैचारिक ताकत पर मंथन करने को मजबूर कर दिया। इससे पहले कवयित्री विशी सिंह के सरस्वती वंदना और शोध छात्रा श्रुति प्रकाश की काव्यात्मक और मनमोहक संचालन ने मंच पर उपस्थित साहित्यकारों और रचनाकारों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष मनोज राय ने सभी साहितकारों और रचनाकारों से गांधीवाद और साहित्य के प्रचार प्रसार के लिए अपने स्तर से लगातार प्रयास करने का अपील किया।

खादी इतनी महँगी है तुम पहन न पाओगे,
इतनी महंगाई में कैसे घर बनवाओगे, डिग्री चाहे जितनी हों पर काम न पाओगे,
बेकारी से, लाचारी से तुम घबराओगे, भैंस के आगे पड़े तुम्हें भी शायद बीन बजाना।
अब देश में गांधी, मत आना मत आना, मत आना।

मुख्य अतिथि और संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखलाक भारतीय ने वर्तमान परिवेश में बढ़ती वैमनस्यता के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इन तमाम समस्याओं का समाधान गांधीवाद और साहित्य में अंतर्निहित है। राष्ट्रीय महासचिव नसीमा निशा ने भी अपने मधुर स्वर में गजल प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया।

अनवरत चार घंटे तक चलने वाले इस वर्चुअल कार्यक्रम में सभी ने एक स्वर में गांधीवाद का




समर्थन किया और साथ ही गांधी के नाम पर राजनीति कर आम लोगों को दिग्भ्रमित करने के षड्यंत्र के प्रति चिंता व्यक्त किया ।प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र कुमार ने बताया कि ?गांधीवाद और साहित्य विषय पर परिचर्चा सह काव्य गोष्ठी? में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से साहित्य सत्याग्रह पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। अच्छी प्रस्तुति करने वाले तीस लोगों को संस्था द्वारा आयोजित मासिक गोष्ठी में भी मौका दिया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष मनोज राय ने बताया कि बहुत जल्द कवि बिपिन चौधरी और प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र कुमार के संयुक्त संपादन में गांधीवाद और साहित्य पुस्तक का प्रकाशन किया जायेगा इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले मुख्य रचनाकारों और साहित्यकारों में विद्या शंकर अवस्थी पथिक (कानपुर), शिवबक्स यादव वेदाग (वापी, गुजरात), कवयित्री अन्नपूर्णा मालवीया (सुभाषिनी),डॉ० शोभा श्रीवास्तव ( छत्तीसगढ़ ), आलोक सिंह बेताब (बनारस),मगध विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की सहायक प्राचार्या डॉक्टर अम्बे कुमारी, एम जी महाविद्यालय रानीश्वर दुमका के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर हिमांशु कुमार सिंह, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कवियत्री सपना सक्सेना दत्ता सुहासिनी, ओज कवि भास्कर सिंह माणिक 'कोंच', छत्तीसगढ़ के गजलकार नवेद रजा दुर्गवी, बनारस के लोकप्रिय कवि मणि बेन द्विवेदी, चंद्रमुखी भोला महाविद्यालय मधुबनी के प्रोफेसर डॉक्टर, गजेंद्र भारद्वाज, प्रोफेसर कारूलाल जामड़ा, संस्था के प्रदेश संयोजक निधी चौधरी, संयुक्त सचिव विवेक कुमार, उपाध्यक्ष चंदन श्रीवास्तव, प्रदेश मीडिया प्रभारी अब्दुल बारी और सौरव जायसवाल आदि शामिल थे।

संक्षिप्त समाचार

## वज्रपात की चपेट में आने से गाय की मौत एक महिला गंभीर

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कदवा प्रखंड क्षेत्र के भर्री पंचायत में शनिवार की रात्रि लगभग नौ बजे हुई बज्रपात की घटना होने से एक गाय की मृत्यु हो गई और एक महिला वज्रपात की चपेट में आने से झुलस गई है।बताया जाता है कि शनिवार की रात्रि लगभग नौ बजे अचानक बारिश होने लगी तो भर्री पंचायत के बलुआ टोला वार्ड संख्या पांच के निवासी हरि प्रसाद मंडल की पत्नी अपने घर के पीछे गया को लाने गई थी और गाय का बछड़ा को घर लाकर दोबारा गाय लाने गई कि इसी बीच अचानक वज्रपात हुई हुवी जिसके चपेट में आने से गाय की मौत हो गई और उक्त महिला गंभीड़ रूप से घायल हो गई।इसकी सूचना पर स्थानीय लोगों की भीड़ इखट्ठी हो गई वहीं लोगों ने उक्त महिला को आनन-फानन में समुदियिक स्वास्थ्य केंद्र दुगार्गंज लाया जहां डियूटी पर तैनात चिकित्सक से अपने अस्तर से प्राथमिक उपचार किया और उन्होंने कहा कि अब खतरे से बाहर है।वहीं इस बाबत सीओ रविशंकर सिन्हा ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है राजस्व कर्मचारी को जांच हेतु भेज दिया गया है।जांचोपरांत उचित मुआवजा दिया जाएगा।

## शारदीय नवरात्र सात अक्टूबर से,प्रथम दिन सूर्यास्त तक किया जा सकता है कलशस्थापन

मदरलैण्ड संवाददाता, मोतिहारी। शहर के महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय में रविवार को शारदीय नवरात्र में कुछ तिथि विशेष को लेकर विद्वानों के बीच उत्पन्न मतभेद की स्थिति को दूर करने के लिए कर्मकांड से जुड़े विद्वानों की एक विचार गोष्ठी प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।इस दौरान उपस्थित विद्वानों ने निर्णायक ग्रंथ व पंचांगों का अवलोकन एवं विचार-विमर्श करने के बाद बताया कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र सात अक्टूबर गुरुवार से प्रारंभ हो रहा है,जो नौ दिनों का ही है। नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापन प्रतिपदा तिथि में प्रातःकाल 06:10 बजे से दिन के 03:28 बजे तक किया जा सकता है। ऐसे कलश स्थापन के लिए अभिजित मुहूर्त दिन में 11:36 से 12:24 बजे तक का समय विशेष माना गया है। ऐसे प्रतिपदा को सूर्योदय की तिथि मानकर पूरे दिन अर्थात सूर्यास्त तक कलशस्थापन किया जा सकता है। शारदीय नवरात्र पूजन के अन्तर्गत बिल्वाभिमंत्रण के लिए 11 अक्टूबर सोमवार को प्रशस्त मुहूर्त है। वहीं 12 अक्टूबर मंगलवार को नवपत्रिका प्रवेश के साथ देवी का पट्ट खुलना प्रारंभ हो जाएगा। महानिशा पूजा 13 अक्टूबर बुधवार को मध्यरात्रि में सम्पन्न होगी। महा नवमी 14 अक्टूबर बृहस्पतिवार को होगी। इसी दिन नवरात्र से संबंधित दुर्गा सप्तशती पाठ,महा नवमी पूजा,हवन-पूणार्हुति,बटुक-कुमारी पूजन आदि कर नवरात्र अनुष्ठान का समापन कर लिया जाएगा। विजयादशमी का प्रसिद्ध पर्व 15 अक्टूबर शुक्रवार को मनाया जाएगा। गोष्ठी में विनोद पाण्डेय,सुधीर दत्त पाराशर,रुपेश ओझा,राकेश कुमार तिवारी,विकास पाण्डेय,राजन पाण्डेय,कुन्दन पाठक,सुधाकर पाण्डेय,ब्रजेन्द्र ओझा,राजकुमार मिश्र,पारस नाथ पाण्डेय,सुनिल दत्त पाराशर,अरुण तिवारी,सुनिल उपाध्याय,अभिषेक दूबे,रोहन पाण्डेय,पवन दूबे,दीनानाथ पाठक,शैलेन्द्र तिवारी,धर्मेन्द्र चौबे,राजन चौबे आदि शामिल थे।

## आग लगने से घर सहित लाखों का सामान हुआ राख



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कदवा थाना क्षेत्र के सागरथ पंचायत के वार्ड संख्या सात में हंस नारायण के घर आग लगने से मोटरसाइकिल, अनाज,गाय का चारा सहित लगभग एक लाख से अधिक का सामान जलकर हुआ राख।प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि शनिवार की देर रात्रि लगभग डेर बजे बकरी को लगाने के लिए धुआं किया गया था और वहीं देर रात्रि लगभग डेर बजे अचानक घर का टाटी में आग पकड़ लिया देखते ही देखते आग फैलता चले गया और पूरी तगर से घर मे आग पकड़ लिया और होहल्ला होना शुरू हो गया वहीं होहल्ला सुनते ही आसपास के लोगों की भीड़ इखट्ठी हो गई और आग में काबू पाने की कोशिश करने लगा लेकिन जब तक आग में काबू पता तबतक घर,घर मे रखे मोटरसाइकिल एवं अन्य सामान जलकर राख हो गया।वहीं इस बात को लेकर अंचल पदाधिकारी कदवा रविशंकर सिन्हा से पूछेजाने पर उन्होंने बताया जिनकारी मिली है जांच हेतु राजस्व कर्मचारी को भेजा गया है।

## मोहम्मद इश्तियाक आलम बने युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। रविवार को कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में युवा कांग्रेस की ओर से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मोहम्मद इश्तियाक आलम के प्रदेश सचिव बनने पर जिला अध्यक्ष मनी पासवान के नेतृत्व में उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया।इससे पूर्व मोहम्मद इश्तियाक आलम युवा कांग्रेस के जिला महासचिव थे,उनके कार्य को देखते हुए युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें युवा कांग्रेस का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। वहीं इसे लेकर कांग्रेस नेता सुनील कुमार यादव ने मोहम्मद इश्तियाक आलम को बधाई देते हुए कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि मोहम्मद इश्तियाक आलम युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में अपना हर संभव सहयोग देंगे। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के दिलीप विश्वास, चंद्रभानु गुप्त, शाहनवाज खान, मुन्नी पासवान, ई० मीनाक्षी श्वेता, मदन सिंह, नीरज पोद्दार,सउद आलम, सत्यम झा, संजय सिंह, मोहम्मद रियाज सहित कई लोग ने मोहम्मद इश्तियाक आलम के प्रदेश सचिव बनने पर उन्हें बधाई दी।

## चुनावी रंजिश में दो पक्षों में भिड़ंत तेजाब से हमला कर दिया

वैशाली, एजेंसी। वैशाली में चुनावी रंजिश में दो पक्षों में भिड़ंत के बाद तेजाब से हमला कर दिया गया। इससे 5 महिलाओं सहित 7 लोग झुलस गए हैं। सभी घायलों का सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बताया जा रहा है कि पंचायत चुनाव में चाचा अजय भगत और भतीजा अजीत भगत ने वार्ड सदस्य पद के लिए नामांकन भरा था। चाचा-भतीजा की लड़ाई में तीसरे पक्ष ने बाजी मार ली। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। हार का आक्रोश एक दूसरे पर फूट पड़ा। भतीजा पक्ष अजीत के परिवार वालों ने चीनी के चाशनी में तेजाब घोलकर चाचा अजय भगत के परिवार पर फेंक दिया।

# अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस मढ़ौरा में खुला एडवांस इमरजेंसी हॉस्पिटल

» मदरलैण्ड संवाददाता



छपरा। अनुमंडल मुख्यालय मढ़ौरा में गढ़ देवी चौक के पास अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एडवांस इमरजेंसी हॉस्पिटल एंड एवन चाइल्ड केयर का शुभारंभ हुआ। अब यहां के इमरजेंसी सेवा लेने वाले रोगियों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। पत्रकारों को जानकारी देते हुए एडवांस इमरजेंसी हॉस्पिटल एंड एवन चाइल्ड केयर अस्पताल के डायरेक्टर सुशांत कुमार ने बताया कि सुदूर देहाती क्षेत्र के लोगों को जब आपातकालीन सेवा की आवश्यकता होती है तो उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करते हुए छपरा या पटना जाना पड़ता है। समय से न एम्बुलेंस मिल पाता है नाहीं जल्द चिकित्सा सुविधा। उनको छपरा या पटना जाते जाते काफी समय निकल जाता है जिससे रोगी की स्थिति बिगड़ जाती है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के रोगियों को समय व कम खर्च में बेहतर सेवा देने के लिए इस अस्पताल का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि अर्थो, गायनो, एनआईसीयू न्यूबॉर्न, आईपीयू आदि की सुविधा इस अस्पताल में उपलब्ध है। गरीब रोगियों को क्या सुविधा दी जा रही है पूछने पर अस्पताल के डायरेक्टर ने बताया की गरीब मरीजों के लिए कम से कम दर पर सेवा देने की व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि तीन किलोमीटर से अधिक दूरी के पेशेंट व उनके एक अटेंडेंट के लिए निःशुल्क खाने की व्यवस्था इस अस्पताल में की गई है। उन्होंने आगे बताया कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस अस्पताल में व्यवस्था पटना और छपरा की दी जा रही है। परंतु डर मढ़ौरा की ली जा रही है। डॉ शिम्पी रानी स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ, पूर्व कंसलटेंट अपोलो हॉस्पिटल न्यू दिल्ली, डॉक्टर के डी झा, एमडी जनरल फिजिशियन, हृदय, छाती, पेट एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर संजीव कुमार एमबीबीएस चिकित्सा पदाधिकारी, बिहार सरकार समेत अन्य दर्जनों अनुभवी चिकित्सक इस अस्पताल में सेवा दे रहे हैं। विशेष सुविधा का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि क्रिटिकल केयर, मेडिसिन, डीलक्स रूम, स्त्री रोग, रेडियोलॉजी, प्रयोगशाला विज्ञान, आर्थो, ऑपरेशन, ओपीडी, ट्रामा एवं बर्न, आईसीयू, एनआईसीयू, ऑक्सीजन की व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल में सर्भो कंट्रोल कंप्यूटराइज बेबी, इनक्यूबेटर, सर्भो कंट्रोल रेडिएंट वार्मर, जनरल वार्ड/स्पेशल वार्ड, स्पेशल रूम, फोटोथेरेपी, पल्स, ऑक्सीमीटर, सिपैप, ऑक्सीजन नेबुलाइजर आदि द्वारा नवजात शिशु से 14 साल तक के बच्चों का 24 घंटे चिकित्सा सेवा उपलब्ध है। मौके दर्जन भर चिकित्सक समेत सैकड़ों लोग उपलब्ध उपस्थित थे।

## शिक्षा की अलख जगा रहा आदर्श पुस्तकालय नरैहिया

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। समेली प्रखंड अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र कटिहार द्वारा मान्यता प्राप्त नरैहिया युवा शक्ति संगठन के द्वारा संचालित नरैहिया गाँव के बीचोबीच पुस्तकालय का निर्माण आपसी सहयोग से करवाया गया है, इस पुस्तकालय का उद्घाटन बीते 15 अगस्त 2021 को सेनानिवृत योगेंद्र प्रसाद मंडल एवं अरुण कुमार मंडल के द्वारा फीता काटकर किया गया था।नरैहिया युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष कुमार विक्रम ने बताया कि पुस्तकालय में लगभग 400 पुस्तकें दान में प्राप्त हुई है।जिनमें बच्चों के पढ़ने के लिए सभी प्रकार की किताबें उपलब्ध करायी गयी हैं।यहाँ पर बिजली एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए उउळश कैमरा भी लगाया गया है।ग्रामीण भी अखबार पढ़कर लाभ उठाते हैं,एवं उच्च अधिकारियों के द्वारा परामर्श ,शुद्ध पेयजल की व्यवस्था , बच्चों कोनिःशुल्क कोचिंग की भी व्यवस्था करायी गयी है।जिसमें 80 बच्चे अध्यनरत है। इसकी देखरेख पुस्तकालयध्यक्ष नीरज कुमार,शंभु शर्मा,फेकन कुमार,पीयूष कुमार,मणिकांत कुमार,बमबम कुमार,बबलू यादव,आर्यन कुमार,अक्षय कुमार आदि करते हैं, प्रतिदिन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी , ग्रुप-डिस्कशन से गाँव में पढ़ाई का माहौल बन रहा है।नरैहिया युवा शक्ति संगठन के द्वारा पूरे गाँव मे 150 एलईडी लाइट , सब्जी हाट भी संचालित , समय-समय पर सफाई अभियान बीते दिनों सरस्वती पूजा,स्वतंत्रता दिवस,झूल पर्व एवं सांस्कृतिक एवं खेल इन सब कार्यो में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले संगठन के सचिव प्रीतम कुमार,कोषाध्यक्ष गुड्डू कुमार मंडल,संजीव दास,सुशील मंडल,बिलाश यादव,नीतीश कुमार मंडल,साहिल शर्मा,अनिल पासवान,रूपेश शर्मा,अभिषेक शर्मा,सुमन कुमार, पवन यादव आदि सैकड़ो युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है।

## पंचायत चुनाव में हारे तो परिजनों ने बरसाई गोलियां

### प्रत्याशी के बेटे और पति का रहा है अपराधिक इतिहास



**मधेपुरा, एजेंसी।** बिहार में जारी पंचायत चुनाव में मधेपुरा जिले में चुनावी रंजिश में मारपीट और फायरिंग की गई। जिले के सदर प्रखंड के सहूगढ़ पंचायत के जानकी टोला में वार्ड सदस्य का चुनाव हराने पर प्रत्याशी के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ न केवल मारपीट की बल्कि 20 से 30 राउंड गोली भी फायर किया। प्रत्याशी के बेटे और पति के साथ-साथ परिवार के अन्य सदस्यों का अपराधिक इतिहास रहा है। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि चुनाव में हारने के बाद वार्ड 3 की वार्ड सदस्य प्रत्याशी सोनी देवी के परिवार वालों ने बस्ती वालों का रास्ता बांस-बल्ला जाफड़ी लगा कर घेर दिया। दोपहर में जब इसकी जानकारी पुलिस को दी गयी तो सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और रास्ता को खुलवा दिया लेकिन शाम होते ही फिर से मारपीट शुरू हो गई।

इस मारपीट के दौरान प्रत्यशी के पति और पुत्र द्वारा करीब 30 राउंड गोली चलाई गई। फायरिंग में एक व्यक्ति को हाथ तो दूसरे को पैर में एक गोली लगी जबकि कई लोगों पर गोली के बारूद भी पड़े। लाठी-डंडे से भी कई लोगों को चोट आई।

बताया जाता है कि आरोपी राजेंद्र साह और उसके पुत्र सहित परिवार के सदस्यों ने कुछ साल पहले उत्पाद विभाग की टीम पर भी हमला कर दिया था जब टीम उसके घर से शराब बरामद करने के लिए गयी थी। इस हमले में कई पुरुष और महिला पुलिसकर्मी घायल भी हुए थे। इस सम्बन्ध में एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि मुख्य आरोपी राजेन्द्र फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं उसे गिरफ्तार किया गया है जबकि गोली उसके पुत्र द्वारा चलाई गयी है उसकी गिरफ्तारी के भी आदेश दिए गए हैं। राजेन्द्र साह और उसके पुत्र का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है उनके बेल केंसिलेसन के लिए भी कार्रवाई की जाएगी।

## कटिहार जिला स्थापना दिवस पर युपीएससी टोपर शुभम कुमार को किया सम्मानित

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। कटिहार जिला का 48 वीं स्थापना दिवस धूमधाम से विकास भवन के सभागार में मनाया गया। स्थापना दिवस समारोह का अध्यक्षता जिला अधिकारी उदयन मिश्रा ने किया। संचालन पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने किया।मुख्य अतिथि के रुप में पूर्णिया प्रमंडल के कमिश्नर रहे। स्थापना दिवस गांधी दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर जिले के निवासी यूपीएससी टॉपर शुभम कुमार एवं हर्ष पराशर का को सम्मानित किया गया।इसके अलावा इनके परिवारिक सदस्य को भी सम्मानित किया गया। यह दृश्य देखकर यूपीएससी में सफल शुभम एवं हर्ष राज के परिवार काफी सुखद महसूस कर रहे थे। और अपने आप में गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। इस अवसर पर जिला अधिकारी उदयन मिश्रा ने कहा कि कटिहार जिले के 4 युवक यूपीएससी में बाजी मारकर कटिहार जिले को गौरवान्वित किया है।चारों सफल अभ्यर्थी को स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। लेकिन 2 सदस्य बाहर रहने के कारण इस समारोह में भाग नहीं ले सके। शुभम एवं हर्ष पराशर अपने परिवारिक सदस्य के साथ भाग लिया। जिन्हें जिला प्रशासन के द्वारा सम्मानजनक अभिनंदन किया गया।साथ ही दोनों अभ्यर्थी के को सरकारी गाड़ी एवं अंगरक्षक भी उपलब्ध कराई गई है।

जिलाधिकारी उदयन मिश्रा ने बताया कि जिला स्थापना दिवस के अवसर पर विकास भवन के सभागार में एक 11:00 बजे से 11:30 बजे तक विभिन्न सरकारी विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 11:30 बजे से 11:40 बजे तक मैं कटिहार हूं वेबसाइट का लंचिंग कार्यक्रम किया गया। 11:40 बजे से 12:00 बजे तक महात्मा गांधी से संबंधित भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।12:00 से संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में उत्तीर्ण हुए कटिहार जिले के युवाओं का जिला प्रशासन द्वारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के सदस्य प्रवीण कुमार झा ने भी लोक सेवा आयोग में सफल हुए टॉपर शुभम कुमार एवं हर्ष पराशर से मिलकर शुभकामनाएं दी तथा उनके परिवार से मिलकर भी उन्हें बधाई दिया है।इस अवसर पर जिले के सभी विभाग के उच्च अधिकारी ने भाग लिया।

## सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल को पोस्ट ड्रीमफोर्स एडवेंचर कार्यक्रम में दी गई जानकारी

» मदरलैण्ड संवाददाता



मोतिहारी। सेल्सफोर्स ट्रेलब्लेजर कम्युनिटी ग्रुप्स के डेवलपर ग्रुप मोतिहारी द्वारा रविवार को शहर के एक होटल में ₹पोस्ट ड्रीमफोर्स एडवेंचर₹ कार्यक्रम आयोजित किया गया।सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में सॉफ्टवेयर इंजीनियर,आईटी तथा बीसीए के छात्र भाग लिये।इस दौरान सॉफ्टवेयर पेशेवरों के लिए ड्रीमफोर्स से मुख्य उपयोगी जानकारियों को साझा किया गया।सेल्सफॉर्स एम.वी.पी. व टेक्निकल आर्किटेक्ट ओमप्रकाश ने बताया कि सेल्सफोर्स पारिस्थितिकी तंत्र में विश्व में 2026 तक 93 लाख जॉब के अवसर है।जिसके लिए विद्यार्थी ट्रेल्हेड से मुफ्त में आधुनिक तकनिकी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।वहीं शहर के एल एन डी कॉलेज के बीसीए विभाग के मुन्ना कुमार ने सॉफ्ट स्किल्स के महत्त्व,साक्षात्कार तथा रिज्यूमे के लिए महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए।कार्यक्रम के अंत में मौजूद बच्चों को सम्मानित किया गया।मौके पर वेद प्रकाश,मेघा सहनी , धर्मेन्द्र, रंजीत,राहुल श्रीवास्तव, अभिषेक , काजल, मनीषा जायसवाल, कंचन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार ने भारत का अमृत महोत्सव का किया आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। भारत का अमृत महोत्सव के तहत लंच आँफ पैन इंडिया एवरनेस एण्ड आउटरिचकैम्पेंनिंग का आयोजन न्याय सदन ब्यवहार न्यायालय कटिहार परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार बलराम दुबे की अध्यक्षता में किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पदाधिकारी सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार उदयन मिश्रा तथा आरक्षी अधीक्षक सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार विकाश कुमार भी उपस्थित रहे।

आयोजन से पूर्व अतिथियो का पारा विधिक स्वंयसेक किरण कुमारी,कविता कुमारी के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का उद्धघाटन किया गया।

मंच पर मुख्य रूप से जिला जज सह डालसा अध्यक्ष बलराम दुबे,उपाध्यक्ष जिला

प्रधान न्यायाधीश ब्रजेश कुमार मालवीय,एडीजे प्रथम ऋषि कुमार सिंह एवं बार एसोसिएशन के सचिव रमेश जयसवाल मौजूद थे।

# जिले में टेक्सटाइल की अपार संभावनाएं, शीघ्र बनाया जायेगा टेक्सटाइल हब : उद्योग मंत्री

» मदरलैण्ड संवाददाता





बेतिया। मंत्री उद्योग, बिहार श्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि पश्चिमी चम्पारण जिले को टेक्सटाइल का हब बनाने की अपर संभावनाएं है। जिले के चनपटिया स्टार्टअप जोन को शीघ्र ही टेक्सटाइल हब बनाया जायेगा। साथ ही कुमारबाग इंस्डस्ट्रीयल एरिया में टेक्सटाइल पार्क का निर्माण भी कराया जायेगा। वे चनपटिया स्टार्टअप जोन में आयोजित उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि बेतिया मॉडल की ख्याति देश-विदेश में पहुंच गयी है। अब यह बिहार मॉडल बन चुका है। बेतिया मॉडल की तर्ज पर बिहार के अन्य जिलों में भी कार्य कराया जा रहा है तथा जिन जिलों में अबतक इस दिशा में कार्य नहीं कराया गया है, वहां अविलंब कार्य कराया जायेगा।

उन्होंने कहा कि बेतिया मॉडल बेहतर है, इसे और डेवलप कराया जायेगा। बियाडा की ओर से जिले को प्रोडक्शन का हब बनाने की दिशा में भरपूर प्रयास किया जा रहा है।

माननीय मंत्री, उद्योग ने कहा कि बिहार सरकार टेक्सटाइल एवं लेदर पॉलिसी पर तेजी के साथ कार्य कर रही है। शीघ्र ही इसे अंतिम रूप देने का प्रयास किया जायेगा। इस पॉलिसी के लागू हो जाने के उपरांत लगभग सात हजार करोड़ रुपए की राशि टेक्सटाइल एवं लेदर उद्योगों को विकसित करने के लिए मिल जायेगी। उक्त पॉलिसी एक गेम चेंजर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि बेतिया मॉडल को विकसित कराने में जिला प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण की सराहनीय भूमिका रही है। जिले के अन्य क्षेत्रों में भी चनपटिया स्टार्टअप जोन की तरह जोन बनाने की दिशा में जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग कार्य कर रहा है। उन्होंने माननीय जनप्रतिनिधिगण एवं जिला प्रशासन को जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थलों का चिन्हित करने को कहा है जहां चनपटिया स्टार्टअप जोन की तरह जोन का निर्माण कराया जा सके।

इस अवसर पर सूरत के व्यवसायी, श्री रमेश भाई धमौलिया, एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिल्ली में अन्य जगहों से जुड़े श्री राम अग्रवाल सहित अन्य व्यवसायियों से माननीय मंत्री ने फीडबैक प्राप्त की तथा कहा कि बिहार सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में बिहार सरकार उद्यमियों को काफी रियायत, सुविधा आदि मुहैया करायेगी।

माननीय मंत्री द्वारा बिहार सरकार की अत्यंत ही महत्वाकांक्षी योजना उद्यमी योजना, महिला उद्यमी योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा कहा गया कि इस योजना के तहत पात्र लाभुकों को हर हाल में लाभ पहुंचाया जायेगा। किसी भी सूरत में गड़बड़ी नहीं होने दी जायेगी।

श्री ब्रजेश महरोत्रा, अपर मुख्य सचिव, उद्योग विभाग, बिहार ने कहा कि स्टार्टअप जोन में अपना उद्योग संचालित करने वाले उद्यमियों को स्टार्टअप जोन में मशीन, रॉ-मेटेरियल मंगाने, फिनिस्ड मेटेरियल को बाहर भेजने हेतु अधिकतम 10 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता उद्योग, विभाग द्वारा दी जा रही है। इसका लाभ लेने के लिए जिला उद्योग केन्द्र को आवेदन समर्पित करें।

इस अवसर पर माननीय सांसद, श्री संजय जायसवाल, माननीय राज्य सभा सांसद, श्री सतीश चन्द्र दूबे, माननीय विधायक, श्री राम सिंह, माननीया विधायिका, श्रीमती रश्मि वर्मा ने जिले में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अपने-अपने सुझाव से अवगत कराया।

समीक्षात्मक बैठक की शुरूआत में जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया, श्री कुंदन कुमार द्वारा स्टार्टअप जोन की शुरू से लेकर अबतक की जर्नी की जानकारी माननीय मंत्री सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण को विस्तारपूर्वक दी गयी। उन्होंने कहा कि जिला नवप्रवर्तन योजना अंतर्गत चनपटिया स्टार्टअप जोन को विकसित करने में जिला प्रशासन की पूरी टीम समन्वित प्रयास कर रही है तथा जिले के अन्य क्षेत्रों यथा-रामनगर एवं हरनाटांड़ में शीघ्र ही अन्य स्टार्टअप जोन फंक्शनल कराने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

तदुपरांत, माननीय मंत्री एवं अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण द्वारा स्टार्टअप जोन में संचालित सभी उद्योगों का बारी-बारी से मुआयना किया गया तथा उद्यमियों से फीडबैक लेते हुए उनकी हौसलाआफजाई की गयी।

इस अवसर पर माननीया उप मुख्यमंत्री, बिहार सरकार, श्रीमती रेणु देवी, माननीय मंत्री, पर्यटन विभाग, श्री नारायण साह, माननीय विधायक, श्री उमाकांत सिंह सहित श्री पंकज कुमार दिक्षित, निदेशक, उद्योग, विभाग, बिहार, उप विकास आयुक्त, श्री अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, श्री नंदकिशोर साह सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चे खेल सामग्री किट से भी पढ़ेंगे कई केंद्रों में किट का किया गया वितरण

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए कई तरह की योजनाएं लगातार ला रही है।इसी कड़ी में अब आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए सरकार ने खेल सामग्री किट वितरण करने का निर्णय लिया और इसी के साथ वितरण आजमनगर प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों तक में शुरू कर दिया है।खेल सामग्री किट का वितरण किये जाने के पीछे सरकार की मंशा बच्चों को खेल सामग्री किट से भी शिक्षित करने से है।जानकारी के मुताबिक बाल विकास परियोजना कार्यालय से प्रखंड के सभी353आंगनवाड़ी केंद्र में नौनिहालों के खेलने के लिए खेल सामग्री किट का वितरण किया जा रहा है।जहां किट में देखो पहचानो पेंटिंग कार्ड चित्र अंक पूर्व पर्याय क्रमबद्ध चिंतन में कहानी रंग आकार ढूंढो कौन पहले जोर मिलान जंगली फालतू और समुद्री जानवरों की गुड़िया डॉक्टर सेट प्लास्टिक लूडो आकर्षक गुड़िया सहित अन्य सामग्री बच्चों को दी जा रही है।जिससे बच्चों में सीखने समझने के प्रति क्षमता बढ़ेगी इस किट के आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध होने के बाद स्कूल पूर्व शिक्षा बच्चों के लिए और आसान हो जाएगी।बच्चों के सीखने समझने की क्षमता भी बढ़ेगी।मनोरंजन तरीके से सब सिख सकेंगे।माना जा रहा कि यह आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कुलो की तर्ज




पर विकसित करने की एक नई कवायद शुरू किए जाने से जोड़ कर भी देखा जा रहा है।बता दें इससे पूर्व भी आंगनबाड़ी केंद्रों में स्कूल पूर्व शिक्षा के लिए खेल खेल में शिक्षा देने की कवायद शुरू हुई थी।हालांकि2वर्षों से कोरोना संक्रमण के चलते आंगनबाड़ी केंद्र बंद चल रहे थे।पर नई गाइडलाइन जारी होने के बाद फिर से आंगनबाड़ी केकेंद्रों को चालू किया गया है।

**सीडीपीओ ने कहा:-**

आजमनगर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पामेला टुड्डू ने कहा राज्य सरकार के निर्देश पर प्रखंड के सभी संचालित353आंगनबाड़ी केंद्रों पर खेल सामग्री किट उपलब्ध कराई जाएगी।

## आम के बगीचे में लटकता मिला व्यक्ति का शव



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कदवा थाना क्षेत्र के भर्री बाजार के समीप भर्री से चौकी जाने वाली सड़क के बगल में आम बगीचा के बीच एक पेड़ में फंसी का फंदा में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है।उक्त व्यक्ति डंडखोरा थाना क्षेत्र के बिजेली निवासी स्व० कदमलाल राय का 40 वर्षीय पुत्र प्रकाश राय बताया जाता है।बताया जाता है कि कई वर्षों से वे अपने ससुराल में रहा करता था।और आज दिन के तकरीबन चार बजे उक्त व्यक्ति शव आम के बगीचे में लकता देख हो हल्ला शुरू हो गया जिसपर भाड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इखठ्ठी हो गई वहीं लोगों ने घटना की सूचना कदवा पुलिस को दी सूचना पाते ही कदवा पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर कदवा थाना लाया और कागजी प्रक्रिया के बाद अंत्यपरीक्षण हेतु भेजने की तैयारी में जुट गई है।मृतक व्यक्ति की पत्नी फूलन देवी और ससुर किस्टू राय बताया जाता है।और लोगों ने बताया कि मृतक व्यक्ति की दो सादी हुई थी जिसमे पहली पति कुछ वर्ष पहले मार चुकी है और दोनों से कुल पांच बच्चा है जिसमे एक पुत्री तथा चार पुत्र है।बतादें की मृतक व्यक्ति को समाचार परेशान तक अंत्यपरीक्षण हेतु नही भेजा गया है।

## बघवा गांव से लड़का 20 दिन से है लापता

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। कदवा प्रखंड थाना क्षेत्र के बघवा गांव से एक 16वर्ष वार्षिक लड़का जिसका नाम मोहम्मद हजरत अली पिता मोहम्मद कादिर बघवा गांव का निवासी है तकरीबन 20 दिन पहले गांव से ही लापता है जिसमें की पिता मोहम्मद कादिर मां हाजुन निशा का रो रो कर बुरा हाल है वही मोहम्मद कादिर ने कहा कि मेरा पुत्र का लापता हुए तकरीबन 20 दिन हो गए और इस बीच में हम बलिया बेलौन थाना में लापता होने का आवेदन भी दिया था लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है हम सभी मीडिया कर्मी भाइयों एवं पुलिस प्रशासन ने पदाधिकारी से हाथ जोड़कर निवेदन करते हैं कि मेरा पुत्र को खोजबीन कर हम तक पहुंचा दें हम सदा आप लोगों की आभारी रहुगा मेरे बेटे के बारे मे किसी को जानकारी हो तो सम्पर्क कर

9835127413
9080602848
9873712547

जिसमें कि ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर खोजबीन कर रहे हैं जिसमें की हाफिज निसार अहमद इमाम जाफर रियाज आलम अकील जाहिद खुर्शीद मझरूल हक इकबाल अहमद अबुल हयात मिनहाज मनोवर आलम आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। प्राथमिक विद्यालय मध्य रहटा,फलका स्थित कामास्थान में तीन दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा को लेकर 300 कन्याओं व महिलाओं ने कलश शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा का शुभारंभ कामास्थान से पूर्वी रहटा, काली स्थान, हसेली, बडकी बाड़ी, होते हुए माराघाट (ब्रांडी) मे कलश में जल भरकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए कामा स्थान प्राथमिक विद्यालय में पहुंची है। श्रद्धालुओं के लिए स्थानीय लोगों ने पानी एवं शरबत की व्यवस्था की थी। शोभायात्रा व शांति पदयात्रा में सैकड़ो ग्रामीण लोग उपस्थित थे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मलहरिया सेवाकेंद्र मुख्य संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु प्रभा दीदी ने बताया कि तीन दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जो रविवार से सोमवार तक होगा। श्रीमद् भागवत कथा आध्यात्मिक रहस्य का दोपहर 3:00 बजे से कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर राजयोगी बी.के अमन भाई, मुंगेर से आये बी.के नरेश भाई, बी.के सुभाष, शम्भु पासवान, समाजसेवी मनोज मंडल, उपासना बहन, गौरी शंकर पोद्दार, नेहरू युवा केंद्र के कार्यकर्ता, एवं गावँ के गणमान्य व्यक्ति ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### मारपीट में दो व्यक्ति गिरफ्तार गया जेल



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनिहारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुमारीपुर पंचायत के मीर टोला गांव वार्ड नंबर 5 के रहने वाले शेख असीमुद्दीन सहित उनके पुत्र शेख साहिल पर उनके ही पड़ोस के रहने वाले शेख मन्नान एवं उनके भाई शेख आसिफ ने जलजमाव को लेकर 12 मई को जानलेवा हमला शेख साहिल पर किया गया था। जिससे कि शेख साहिल को मारपीट के दौरान बुरी तरह से घायल हो गए थे, घायल शेख साहिल की गंभीरता को देखते हुए, कटिहार सदर अस्पताल भेजा गया था, जहां उनकी हालत की गंभीरता को देखते हुए, डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर किया था, मेडिकल कॉलेज से भी डॉक्टरों ने सिलीगुड़ी रेफर किया था, 12 मई को ही घायल शेख साहिल के पिता शेख असीमुद्दीन ने मनिहारी थाना में शेख मन्नान एवं उनके भाई शेख आसिफ सहित कुल 13 आदमी के खिलाफ मनिहारी थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसको लेकर मनिहारी पुलिस कार्रवाई करते हुए, शेख मन्नान एवं उनके भाई शेख आसिफ को गिरफ्तार कर कटिहार जेल भेज दिया गया है।

### वज्रपात से हुई दुधारू भैंस की मौत



मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। रविवार को फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत अड़राहा पंचायत के वार्ड संख्या-एक में मूसलाधार बारिश के बीच वज्रपात हुई। जिसमें एक गरीब पशुपालक सोनू यादव का दुधारू भैंस की मृत्यु हो गई। सोनू यादव का जीविकोपार्जन का एकमात्र भैंस का दूध ही साधन था। बताया जा रहा है कि दो माह पहले भैंस बच्चा दी है, वज्रपात से भैंस की मौत हो जाने से उनके परिवार में मातम पसरा हुआ है। कुदरत की कहर वज्रपात से पशुपालक सोनू यादव का एक मात्र जीविकोपार्जन का साधन छीन लिया, घटना स्थल पर पहुंचकर सामाजिक कार्यकर्त्ता प्रभात यादव ने पीड़ित परिवार से मिलकर हर संभव प्रशासन से उचित मुआवजे दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही प्रभात यादव ने इसकी सूचना फारबिसगंज अंचल अधिकारी संजीव कुमार को दिया उन्होंने हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया है।

## साठी थाना परिसर में द्वारा दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। साठी दुर्गा पूजा को लेकर साठी थाना परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार ने कहा कि कोरोना गाइडलाइंस के तहद ही पूजा पंडाल बनाने का निर्देश सभी पूजा समितियों को दिया। सरकार के निदेर्शानुसार जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान मेला का आयोजन नहीं किया जाएगा। इसके अलावा पूजा स्थल पर भीड़-भाड़ नहीं लगेंगे। पूजा संचालकों को ऐसी ठोस व्यवस्था करनी होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। पूजा पंडाल में मास्क और सेनेटाइजर का इस्तेमाल करना अनिवार्य है। पूजा पंडालों के निकट वैक्सीनेशन की व्यवस्था करनी होगी। वहीं प्रशासन विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए 24 घंटा तत्पर रहेगी। पूजा पंडाल के आसपास असामाजिक तत्व नजर आने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। हर पूजा पंडाल व उसके आसपास पुलिस की तैनाती की जाएगी। पूजा पंडाल के संचालक खुद भी पर्याप्त संख्या में कारगर वोलंटियर्स की व्यवस्था रखेंगे। उन्होंने पूजा समितियों से सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करते हुए पूजा आयोजित करने की अपील की। क्षेत्र में हो रहे सभी दुर्गा पूजा समिति के संचालकों सहित गणमान्य लोग तथा थाना के सभी पदाधिकारी वह चौकीदार मौजूद रहे।

## पश्चिम चंपारण जिला का लौरिया पर्यटन का हब बनेगा-मंत्री

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। लौरिया ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए लौरिया के अशोक स्तंभ एवं नंदनगढ का सौंदर्यीकरण होगा। पर्यटक के बैठने के लिए कुर्सी तथा लाइट लगाई जायेगी। उक्त बातें बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री नारायण साह ने अशोक स्तंभ एवं नंदनगढ के निरीक्षण में कहा। उन्होंने बताया की लौरिया के इन दोनों ऐतिहासिक धरोहर को देखने हजारों की संख्या में विदेशी एवं देशी पर्यटक आते हैं।रहने ठहरने व खान-पान की उचित व्यवस्था न होनै के कारण वे सभी तुरंत चले जाते हैं।इसको देखते हुए दोनों धरोहरों के परिसर में सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। तथा मुलभुत सुविधा उपलब्ध कराये जायेंगे।

वहीं नंदनगढ परिसर में नौका विहार हेतु संसाधन उपलब्ध कराई जायेगी वहीं लाइट सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी ध्यान रखते हुए विकास कार्यों को कराये जायेंगे।

वहीं विधायक विनय बिहारी ने भी मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसे बौद्ध सर्किट से जोड़ने की मांग की।

वहीं अशोक स्तंभ परिसर को बाढ़ के पानी से बचने हेतु पक्का सीमेंट की दिवार बनाने की बातस भी कही।सांसद सुनील कुशवाहा ने भी लौरिया के विकास में हर संभव सहयोग देने की बात कही। वहीं नरकटियागंज मुख्य मार्ग में अशोक स्तंभ के पास पुल निर्माण हेतु भी सकारात्मक पहल करने की बात कही ताकी पुल निर्माण का रास्ता साफ होसके जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा न हो। मौकेपर कन्हैया कुशवाहा, हिमांशु पासवान, चित्रसेन द्विवेदी, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बकरी चोरी करते चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा

» मदरलैण्ड संवाददाता



छपरा। तरैया प्रखंड के तरैया थाना क्षेत्र के पोखरेड़ा पिपरा गांव में बकड़ी चोरी करते चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ कर उनकी धुनाई कर दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच चोरों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ा थाने ले गई और पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार पोखरेड़ा- पिपरा गांव के बीचो बीच चीमनी के पास बकरी चोरी करते हुए चोरों को एक चरवाहा ने देखा और शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद गांव वालों ने चोर को पकड़ कर उनकी धुनाई कर दी। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस तुरंत पहुंच कर दोनों चोरों को गांव वालों से मुक्त कराने का प्रयास करने लगी। लेकिन गांव वाले चोरों को पुलिस के हवाले नहीं कर रहे थे। गांव वालों का कहना था कि यहां से 10-12 बकड़ियां चोरी हुई है, जिसको इसी चोर ने उठाया है। पुलिस के घंटो मशक्कत के बाद भी गांव वाले तैयार नहीं हुए। इसके बाद और पुलिस बल बुलाना पड़ा। गांव वालों का कहना था कि जो दस बारह बकरी चोरी हुई है उसका पुलिस पैसा दिला दे। पैसा मिल जाने के बाद चोर को पुलिस थाने ले जाये। जिसके बाद पुलिस ने गांव वालों को समझाया कि आप लोग लिखित आवेदन दीजिये। उसके बाद कार्रवाई की जाएगी। जिसके बाद गांव वालों को भरोसा हुआ। उसके बाद पुलिस बल चोरों को गांव वालों के चंगुल से निकाल कर थाने लाई और चोरों से पुलिस पूछताछ कर रही है। समाचार प्रेषण तक पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी थी।

## बिहार उद्योग के क्षेत्र में अव्वल दर्जा प्राप्त करेगा- उद्योग मंत्री

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। मझौलिया भाजपा मत्यस्यवी प्रकोष्ठ के बैनर तले सेनवरिया आमवा मन के समीप बिहार सरकार के उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चल रहा सेवा संकल्प समर्पण अभियान के तहत लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब बिहार भी उद्योग क्षेत्र में हब बनेगा। उन्होंने बताया कि करोना काल में भी बिहार प्रदेश में तकरीबन 35 हजार करोड रूपए का प्रस्ताव उद्योग के लिए आया है। उन्होंने बताया कि जैसे ही केंद्र एवं राज्य सरकार इसकी मंजूरी दे देगी बिहार के प्रत्येक जिले में उद्योग स्थापित होंगे।उन्होंने बताया कि टेक्सटाइलस व इन्थवल प्लांट की अपार सम्भावना है जिसमें कार्य किया जा रहा है जल्द ही उधोग के जाल बिछेगा व रोजगार उपलब्ध होगा।उन्होंने कहा कि विहार में सबसे बड़ी समस्या रोजगार को लेकर है जो उधोग लगाकर दूर किया जा सकता है जिस पर कार्य किया जा रहा है ताकि लोगो को रोजगार अपने ही प्रदेश में मिल सके।उधोग मंत्री ने कहा कि वे बोलने पर नही कार्य करने पर विश्वास रखते है आप समय दे बहुत जल्द बिहार में उधोग का जाल विछेगा।।वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर संजय जयसवाल ने कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से ही जिले को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री मिला है। उन्होंने बताया कि अब मछुआरों को भी किसान क्रेडिट कार्ड केंद्र सरकार दे रही है। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ भाजपा सरकार कार्य कर रही है। वही बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री रेणु देवी ने बताया कि जल्द ही पश्चिमी चंपारण में 520 बेड का कन्या छात्रवास दी जायेगी। जिसके लिए जमीन की तलाश जारी है।उन्होंने बताया कि अति पिछड़ा समुदाय के भी बच्चियां अब पढ़कर नाम रोशन करेगी। उन्होंने बताया कि टेक्सटाइल के एवं इन्थवल प्लांट के लिए बिहार में सुनहरे अवसर हैं और इस पर उद्योग विभाग कार्य कर रही है।उन्होंने बताया कि अमवा मन को जल्द ही पर्यटक स्थल बनेगी जिसपर कार्य आरंभ है।वही प्रधानमंत्री के 71 वे जन्मदिन के मौके पर 20 दिनों तक चलने वाला सेवा समर्पण कार्यक्रम के तहत 71 नावो पर चढ़ कर 71 जिंदा मछली को अमवा मन झील में डाला गया। इस मौके पर भाजपा के राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे, विधायक श्री राम सिंह, चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, विधान पार्षद बबलू गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सराफ, सुशील जायसवाल, अमित चौबे, कमल मुखिया, भिखारी सिंह,आदि उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम का संचालन मत्यस्यवी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ललन सहनी ने की।

## मनोज बाजपेयी के पिता राधाकांत बाजपेयी के निधन पर बेलवा कोठी स्थित उनके निवास पर पसरा सन्नाटा

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। गौनाहा मशहूर फिल्म अभिनेता मनोज बाजपेयी के पिता राधाकांत बाजपेयी (85) का निधन रविवार की सुबह 6 बजे दिल्ली स्थित उनके निवास पर हो गई। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। मनोज बाजपेयी के भतीजा डॉ अरुण कुमार बाजपेयी व उनके करीबी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने इसकी पुष्टि की है। उनके निधन की सूचना मिलते ही अभिनेता के पैतृक गांव गौनाहा प्रखंड के बेलवा गांव में मातम पसर गया है। गांव के गोपी यादव, सुनील उपाध्याय, सिपाही राय आदि बताते हैं कि राधाकांत बाजपेयी काफी दयालु व गरीब और असहायों के मददगार थे। वह एक माह से अपने छोटे पुत्र सुजीत बाजपेयी के पास रह कर अपना इलाज करा रहे थे। सुजीत बाजपेयी भारत सरकार के संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। राधाकांत बाजपेयी के भतीजा डॉ अरुण कुमार बाजपेई ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार दिल्ली निगमबोध घाट पर रविवार को ही दोपहर 2 बजे होगा। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र सिने अभिनेता मनोज बाजपेयी देंगे। राधाकांत बाजपेयी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके तीन पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। तीनों पुत्र में सिने अभिनेता मनोज बाजपेयी सबसे बड़े हैं। सरोज बाजपायी दूसरे तथा सुजीत बाजपेयी तीसरे पुत्र है। तीन पुत्रियों से सबसे बड़ी पुत्री कामिनी, दुसरी पुत्री पूनम तथा तीसरी पुत्री गरिमा है। सभी लड़के और लड़कियां शादीशुदा तथा बाल बच्चेदार है। बेलवा कोठी के में रह रहे उनके अन्य परिजन बताते हैं कि उनकी पत्नी का नाम गीता देवी है। इधर उनके घर की रखवाली कर रहे सिपाही यादव, रामायण महतो बताते हैं कि राधाकांत बाजपेयी जी लगातार बीमार रहने के कारण 2 सितंबर 2021 को उनके तीसरे पुत्र सुजीत बाजपेयी द्वारा बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया था। जहां एक महीना बाद उनकी मौत इलाज के दौरान हो गई। उनके परिवार के सभी सदस्य उनके इलाज में दिल्ली में ही रह रहे थे। उनकी पत्नी गीता देवी भी दिल्ली में ही अपने पति के साथ थी। उनके परिवार के अन्य सदस्यों का मानना है कि उनका श्राद्ध कार्य संभवत बेलवा स्थित उनके घर पर ही होगा। उनके परिजनों ने बताया कि जब मनोज बाजपेयी के पिता राधाकांत बाजपेयी की बिगडती हालत की सूचना उनको मिली तो वे केरल में फिल्म कि सुटिंग छोड अपने परिवार के साथ दिल्ली पहुंच गयें।

## सुशासन बाबू का अति महत्वपूर्ण योजना नल जल लोगों के पहुंच से दुर

### नही मिला आज तक लोगों को शुद्ध पे जल

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। माझौलिया प्रखंड क्षेत्र के मंझरिया शेख पंचायत में इन दिनों मुख्यमंत्री के महत्वकांक्षी योजना नल जल आम लोगो को मुअसर नही हो रहा है।पंचायत के वार्ड 13 व 9 न वार्ड के नागरिकों ने शुद्ध पे जल नही मिलने के चलते जम कर आक्रोस ब्यक्त किया।वार्ड नं 13 के नागरिकों का कहना था कि शुद्ध पे जल हमलोगों को मुअसर नही हो रहा है।वार्ड सदस्य से कहने पर वार्ड सदस्य कहते हैं कि मोटर जल जाने के कारण पानी नही मिल रही है। प्रदर्शन करने वालो में महेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, चंदेश्वर प्रसाद,एकराम अंसारी, बसन्त कुमार, एम डी उमर अंसारी,आसुतोष कुमार,शेख कुरैश, म रफीक अंसारी, म जाकिर अंसारी,एकरमुल अली,सभी वार्ड नं 13 निवासी ने जम कर रोष ब्यक्त करते हुए एस्टेकचर के समक्ष जम कर प्रदर्शन किया।इस संबंध में वार्ड सदस्य साहेब हुसैन अंसारी ने बतया की विगत तीन महीने से मोटर जल जाने के चलते नागरिको को पानी उपलब्ध नही हो पा रही है। मैं अभी मोटर मिस्त्री के यहाँ हु।मोटर बन रहा है। जल्द ही नागरिको को शुद्ध पे जल उपलब्ध करा दी जाएगी।वहीं वार्ड नं 9 में नागरिको का कहना था कि एस्ट्रकचर बन गया पाइप तो बिछ गई लेकिन कुछ दिन तक पानी मिला अब नागरिको पानी नही मिल रही है।इस पर रोष ब्यक्त करने वालो में शेख मनान, शेख मुस्तुफा, फुटानी भाई, अब्बास अली, फुलमान मिया आदि ने रोष ब्यक्त किया।इस बाबत वार्ड सदस्य शेख इरफान उर्फ आरमान शेख ने बतया की बचों द्वारा बार .बार टूटी खोल ली जाती है।इसकी शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी को किया गया है। इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी बैजू कुमार मिश्रा ने बताया कि अनियमितता की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर होगी कानूनी कार्रवाई।

# पोको इंडिया ने फेस्टिव सेल बोनांजा शुरू किया; फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज सेल से पहले पोको सी31 लॉन्च किया

» मदरलैंड संवाददाता


जींद : त्योहारों की खुशी बढ़ाने के लिए भारत के तीसरे सबसे बड़े ऑनलाईन स्मार्टफोन ब्रांड, पोको ने आज फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल से पहले अपने स्मार्टफोंस पर शानदार ऑफर और डील्स की घोषणा की। त्योहारों के लिए गिफ्टिंग का बेहतरीन विकल्प प्रस्तुत करते हुए कंपनी ने पोको सी31 का लॉन्च किया है, जो एंट्री सेगमेंट में एक बेहतरीन स्मार्टफोन है। यूजर्स को 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर, 2021 के बीच सबसे शक्तिशाली एवं मजबूत डिवाईस शानदार मूल्यों में मिलेंगी। उपभोक्ताओं को त्योहारों की खुशी प्रदान करने के लिए पोको सी31 8,499 रु. के शुरूआती मूल्य में मिलेगा। यह व्यूईंग एवंई-लर्निंग का दिलचस्प अनुभव प्रदान करेगा। पोको सी31 में विशाल 16.58 सेमी. (6.53) एचडी$ डिस्प्ले और 20:9 का एस्पैक्ट अनुपात है। इसमें टीयूवी रीनलैंड सर्टिफाईड रीडिंग मोड 2.0 डिस्प्ले है, जो फोन को ज्यादा लंबे समय तक इस्तेमाल करने पर आंखों को नुकसानदायक नीली रोशनी से बचाता है। इस डिवाईस में भरोसेमंद हीलियो जी35 प्रोसेसर है तथा




यह हाईपरइंजन गेम टेक्नॉलॉजी के साथ आता है, जिससे ज्यादा तीव्र परफॉर्मेंस, स्मूथ व सतत गेमप्ले प्राप्त होता है। इसमें 12नैनोमीटर के प्रोसेसर के साथ 4जीबी एलपीडीडीआर4एक्स रैम है और यह 2.3 गीगाहर्ट्ज तक की क्लॉक स्पीड के साथ सुगम परफॉर्मेंस प्रदान करता है। आकर्षक टू-टोन डिजाईन के साथ पोको सी31 में एंटी-स्लिप अद्वितीय ग्रिप डिजाईन है, जो स्मार्टफोन को स्लीक एवं बोल्ड लुक देता है। इसमें संतुलित इंटरनल फीचर्स हैं। इस डिवाईस में रियर में 13 मेगापिक्सल का प्राईमरी कैमरा, 2 मेगापिक्सल का डेप्थ सेंसर, और 2 मेगापिक्सल का मैक्रो सेंसर है, जो काफी स्पष्ट व विस्तृत पिक्चर्स प्रदान करता है। ड्यूरेबिलिटी के लिए ऑप्टिमाईज किए गए पोको सी31 में 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी है। इस सेगमेंट में अन्य बैटरी के मुकाबले इसकी बैटरी लगभग 2.5 साल (1000 बार चार्ज करने तक) तक नई बनी रहेगी। इसके अलावा, पोको सी31 पी2आई नैनो कोटिंग द्वारा सुरक्षित है ताकि इस पर पानी गिरने पर भी इसे नुकसान न हो। इसमें कोरोजन प्रूफ पोर्ट, रबराईज्ड सील, एवं 380 वोल्ट सर्ज प्रोटेक्शन की अतिरिक्त सुरक्षा है।पोको सी31 दो कलर वैरिएंट्स: रॉयल ब्लू और शैडो ग्रे में दो स्टोरेज वैरिएंट्स, 3$32जीबी और 4$64जीबी में केवल फ्लिपकार्ट पर मिलेगा। यह बजट स्मार्टफोन 3जीबी$32जीबी वैरिएंट के लिए 8,499 रु. एवं 4जीबी$64जीबी के लिए 9,499 रु. में लॉन्च किया गया है और यह फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल में क्रमशः 7,999 रु. और 8,999 रु. के रियायती मूल्य में मिलेगा। इसके अलावा, आईसीआईसीआई एवं एक्सिस डेबिट/क्रेडिट कार्ड्स पर 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलेगी।इस साल बिग बिलियन डेज सेल के दौरान बेहतरीन डील के साथ पोको के सभी स्मार्टफोंस में शानदार परफॉर्मेंस, शक्तिशाली बैटरी लाईफ और बेहतरीन कैमरा क्षमताएं मिलेंगी।

# मोटोरोला ने मोटो टैब जी20 के लॉन्च के साथ भारत के टैबलेट बाजार में किया प्रवेश

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़ : मोटोरोला ने आज घोषणा की है कि यह नए मोटो टैब जी20 के लॉन्च के साथ भारत में टैबलेट सेगमेन्ट में प्रवेश करने जा रहा है। पिछले साल घर पर रहने के दौरान बहुत से लोग लर्निंग, स्ट्रीमिंग, रीसर्च एवं मनोरंजन के लिए अपने टैबलेट्स का इस्तेमाल करने लगे हैं। लर्निंग और जीवनशैली के बदलते तरीकों के बीच टेक्नोलॉजी अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है और हमारे नए टैबलेट हमारे परिवारों एवं उपभोक्ताओं को आज की नई जीवनशैली के अनुसार अपने आप को ढालने में मदद कर रहे हैं। घर से लर्निंग को आसान, सहज एवं रोचक बनाने के लिए मोटो टैब जी 20 बेहतरीन सॉफ्टवेयर के साथ आता है और एंड्रोइड का शानदार अनुभव प्रदान करता है। उपभोक्ता ऐड्स, ब्लोटवेयर या अवांछित ऐप्स के बिना एंड्रोइड 11 की पूर्ण क्षमता का लाभ उठा सकते हैं, और वे किसी भी काम को पूरी एकाग्रता के साथ कर सकते हैं। साथ ही कोई क्लंकी सॉफ्टवेयर न होने के कारण यह टैब फास्ट और स्मूद परफोर्मेन्स देता है। इसके साथ उपभोक्ता मैसेजिंग ऐप में बेहतर कन्वर्जेशन मैनेजमेन्ट कर सकते हैं, कनेक्टेड डिवाइसेज पर बेहतर नियन्त्रण रख पाते हैं और गूगल से अपडेट के साथ डेटा की गोपनीयता का भी बेहतर अनुभव पा सकते हैं। हर व्यक्ति के लिए उत्कृष्ट निजी डिवाइस के रूप में काम करने वाला, पूरी तरह से मैटल से बना यह कॉम्पैक्ट एवं स्लीक टैबलेट टीडीडीआई टेक्नोलॉजी से युक्त शानदार 8श आईपीएस एलसीडी डिस्प्ले के साथ मल्टीमीडिया एंटरटेनमेन्ट एवं गेमिंग का रोचक अनुभव प्रदान करता है। यह भरोसेमंद टैब ऑनलाईन क्लासेज, गेम्स, आपके पसंदीदा वीडियो या सोशल मीडिया पर दोस्तों के साथ चैटिंग के दौरान टच के लिए बेहतर परफोर्मेन्स देता है, पावर के उपयोग को कम करता है, और ब्राईट डिस्प्ले भी देता है। मोटो टैब जी20 3जीबी रैम, मीडिया टेक हेलियो पी22टी ऑक्टा-प्रोसेसर, फास्ट एवं पावरफुल गीगाहटर्ज 2ण3 गीगाहटर्ज तक की स्पीड के साथ आता है। इसका प्रोसेसर वेब नेविगेशन, मुवीज स्ट्रीमिंग, गेम्स खेलने या दोस्तों के साथ चैटिंग के दौरान अल्ट्रा-रिस्पॉन्सिव परफोर्मेन्स देता है। 32 जीबी बिल्ट-इन स्टोरेज के साथ यह नया टैबलेट काम या गेम के दौरान भी आपके पूरे कंटेंट को स्मूद तरीके से उपलब्ध कराता है। साथ ही एमएएच 5ए100 एमएएच बैटरी के साथ मोटो टैब जी20 दिन भर चलेगा और आपको बार-बार रीचार्ज करने की जरूरत नहीं रहेगी। हर व्यक्ति के लिए उत्कृष्ट निजी डिवाइस के रूप में काम करने वाला, पूरी तरह से मैटल से बना यह कॉम्पैक्ट एवं स्लीक टैबलेट गूगल किड्स स्पेस के साथ बच्चों के लिए क्युरेटेड कंटेंट एवं गूगल एंटरटेनमेन्ट स्पेस के साथ मल्टीमीडिया मनोरंजन को कई गुना बेहतर बना देता है। मोटो टैब जी20 3जीबी शानदार और प्रीमियम लुक वाले प्लेटिनम ग्रे कलर में उपलब्ध है।2 अक्टूबर 00:00 बजे से मात्र रु 10,999 की कीमत पर एक्सक्लुजिव रूप से फ्लिपकार्ट पर इसके लिए प्री-ऑर्डर किए जा सकते है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वोत्तर दिल्ली में बनेगा डीएमआरसी का ऐतिहासिक अंडरपास

अभिषेक मानव, मदरलैंड संवाददाता, दिल्ली मेट्रो के इतिहास में पहली बार पूर्वोत्तर दिल्ली में सूरघाट के निकट फेज झ्क्ट्र के मजलिस पार्क–मौजपुर कॉरिडोर पर लोक निर्माण विभाग के साथ मिलकर वाहनों के लिए एक अंडरपास के साथ–साथ एक एकीकृत 'फ्लाईओवर–सह–मेट्रो वायाडक्ट स्ट्रक्चर' का निर्माण किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग का यह फ्लाईओवर तथा वाहनों के लिए अंडरपास वजीराबाद फ्लाईओवर (सिग्नेचर ब्रिज) एवं डीएंडडी के निकट रिंग रोड के बीच यमुना नदीं के साथ–साथ रिंग रोड के समानांतर प्रस्तावित एलिवेटिड रोड का हिस्सा होगा। अपने तरह के पहले इंजीनियरिंग चमत्कार के रूप में, एकीकृत पोर्टलों का निर्माण किया जाएगा जिन पर रोड फ्लाईओवर के साथ ही साथ मेट्रो वायाडक्ट भी रखे जाएंगे। पोर्टल के एक तरफ मेट्रो वायाडक्ट रखे जाएंगे, तो इनके दूसरी ओर का हिस्सा वाहनों की आवाजाही के लिए लोक निर्माण विभाग फ्लाईओवर के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इन पोर्टलों पर रोड फ्लाईओवर और मेट्रो वायाडक्ट टिके होंगे जो 450 मी. (लगभग) की दूरी तक एक–दूसरे के समानांतर चलेंगे। औसतन 26 मी. चौड़े और 10 मी. ऊंचाई वाले कुल 21 पोर्टलों का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, इन पोर्टलों के नीचे वाहनों के लिए अंडरपास का निर्माण भी किया जाएगा जो आउटर रिंग रोड की ओर से आने वाले वाहनों की आवाजाही की पूर्ति करेगा।

### रनवीर सिंह बने भारत के लिए एनबीए के ब्रांड एम्बेसडर



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़ : नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) ने आज बॉलिवुड सुपरस्टार रनवीर सिंह को भारत के लिए एनबीए ब्रांड एम्बेसडर बनाया। ब्रांड एम्बेसडर के रूप में रनवीर सिंह, 2021–22 में 75वें वार्षिक सीजन की पूरी अवधि में एनबीए को भारत में लीग के प्रोफाईल का विकास करने में मदद करेंगे।इस सीजन में आगे रनवीर सिंह लीग के अनेक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इन कार्यक्रमों का प्रदर्शन एनबीए इंडिया और उनके व्यक्तिगत सोशल मीडिया अकाउंट्स में होगा। रनवीर सिंह, क्लीवलैंड में आयोजित होने वाले एनबीए ऑल–स्टार 2022 में भी हिस्सा लेंगे। यहां पर वो एनबीए खिलाड़ियों एवं लीजेंड्स से मिलेंगे और बिहाईंड–द–सीन्स सोशल मीडिया कंटेंट पोस्ट करेंगे। इससे पूर्व रनवीर सिंह टोरंटो में आयोजित हुए एनबीए ऑल–स्टार 2016 में मौजूद थे। यहां पर वो एनबीए ऑल–स्टार गेम में कोर्ट साईड में बैठे रहे थे।एनबीए के उप–आयुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मार्क टैटम ने कहा, ह्यह्ययादगार रहने वाले अपने 75वें वार्षिक सीजन से पहले हम भारत के लिए एनबीए ब्रांड एम्बेसडर के रूप में रनवीर सिंह का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, बॉलिवुड हस्ती एवं अपनी पीढ़ी के सबसे सफल अभिनेताओं में से एक, रनवीर एनबीए के एक समर्पित फैन भी हैं। इस लीग एवं इसके खिलाड़ियों के लिए उनमें अत्यधिक जोश है। हम भारत एवं विश्व में, विविध तरह के प्लेटफॉर्म्स पर फैंस के बीच पहुंचने के लिए रनवीर सिंह के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं।

### मीशो ने 6 से 9 अक्टूबर 2021 तक महा इंडियन शॉपिंग लीग की घोषणा की

मदरलैंड संवाददाता, सोनीपत : भारत के तेजी से बढ़ते इंटरनेट कॉमर्स प्लेटफॉर्म, मीशो ने अपने पहले वार्षिक फ्लैगशिप सेल इवेंट – महा इंडियन शॉपिंग लीग के लॉन्च की घोषणा की है। यह 6 से 9 अक्टूबर, 2021 तक चलेगा। कंपनी ने चार दिनों की फेस्टिव सेल से पहले 1 लाख से अधिक नए विक्रेताओं को अपने साथ जोड़ा है। ग्राहक 700+ श्रेणियों से खरीदारी कर सकते हैं और उनके पास 20 करोड़ रुपये मूल्य के पुरस्कार जीतने का मौका है। मीशो के पहले फ्लैगशिप सेल इवेंट में पहली बार मजेदार गेम्स और शानदार इनाम दिये जायेंगे। इससे ग्राहकों को त्यौहार की खरीदारी का बेहतरीन अनुभव मिलेगा। ग्राहकों के लिए कुल 20 करोड़ रुपये का प्राइज पूल बनाया गया है। और उन टॉप प्राइज में प्रीमियम कार, 1 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार, 15 करोड़ रुपये की कीमत वाले मीशो क्रेडिट्स, सोने के सिक्के और टीवी, रेफ्रिजरेटर, माइक्रोवेव, लैपटॉप और 2 करोड़ रुपये के अन्य 5000 अप्लायंसेस शामिल हैं। लॉन्च की घोषणा करते हुए विदित आत्रे, फाउंडर एवं सीईओ, मीशो ने कहा कि ह्लटियर 2+ बाजारों से किफायती प्रोडक्ट्स की बढ़ती माँग भारत में ऑनलाइन शॉपिंग की बढ़ती इच्छा का सबूत है। इंटरनेट कॉमर्स का लोकतंत्रीकरण करके, हम देश भर में एमएसएमई को त्योहारों की बढ़ती माँग का लाभ उठाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं. इससे वे लाखों ऑनलाइन खरीदारों को उत्पादों का विशाल सिलेक्शन आसानी से बेच सकेंगे। महा इंडियन शॉपिंग लीग का लक्ष्य खरीदारी को सिर्फ किफायती नहीं, बल्कि लाभकारी अनुभव भी बनाना है।'


# ऊबर ने स्टार्टअप इंडिया एवं आईक्रिएट के साथ गठबंधन किया

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़: देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए नए विचारों के विकास में मदद करने के उद्देश्य से विकसित किए जा रहे इनोवेशन फंड के लिए ऊबर ने स्टार्टअप इंडिया एवं आईक्रिएट के साथ गठबंधन किया है। स्टार्टअप इंडिया पोर्टल पर होस्ट होने वाला 'ग्रीन मोबिलिटी इनोवेशन चैलेंज' उन व्यक्तियों एवं स्टार्टअप्स से आवेदन आमंत्रित कर रहा है, जो निम्नलिखित तीन क्षेत्रों में अभिनवता पर केंद्रित हैं: टू एवं थ्री व्हीलर्स, चार्जिंग स्टेशन की सहज उपलब्धता एवं उनका इस्तेमाल आसान होने तथा संभावित गठबंधन या वित्तीय मॉडल, जो भारत में ईवी का इस्तेमाल बढ़ा सकें। 5 औद्योगिक विशेषज्ञों के पैनल द्वारा चुने गए दस विजेताओं को ऊबर की टेक्निकल, इंजीनियरिंग एवं गो-टू-मार्केट टीम्स एवं आईक्रिएट द्वारा दो महीनों की मेंटरशिप मिलेगी। इन 10 विजेताओं में से सर्वोच्च 5 स्टार्टअप्स को ऊबर 75,00,000 रु. (101,000 अमेरिकी डॉलर) का अनुदान देगा; जिसके बाद एक स्वतंत्र केंद्र, आईक्रिएट में छः महीनों का इनक्यूबेशन होगा, जिसका उद्देश्य युवा स्टार्टअप्स को टेक्नॉलॉजी एवं सहयोग प्रदान करना है। इस चैलेंज के बारे में प्रभजीत सिंह, प्रेसिडेंट, ऊबर इंडिया एवं साउथ एशिया ने कहा, ह्यह्यदुनिया के सर्वाधिक प्रदूषण वाले शहर भारत में हैं और देश के अग्रणी मोबिलिटी प्लेटफॉर्म के रूप में, हम ग्रीन रिकवरी लेकर आने का अपना दायित्व गंभीरता से निभा रहे हैं। देश में विकसित होते हुए ईवी ईकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए हम ह्यऊबर ग्रीन मोबिलिटी इनोवेशन चैलेंज' में 'स्टार्टअप इंडिया' एवं आईक्रिएट के साथ गठबंधन कर रहे हैं। इस गठबंधन द्वारा हम देखेंगे कि उनके पास कौन से उत्तम विचार हैं। हमारे समय की सबसे गंभीर समस्याओं में से एक का समाधान करने के लिए भारत के अनेक उद्यमियों को सहयोग देने में समर्थ होना गर्व हमारे लिए की बात है।' श्री दीपक बगला, एमडी एवं सीईओ, इन्वेस्ट इंडिया ने कहा, 'माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत स्टार्टअप्स, खासकर उन स्टार्टअप्स को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहा है, जो एसडीजी के लक्ष्य पूरे करने के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। भारत के लिए विकास का मुख्य तत्व अभिनवता है, और इस तरह के चैलेंजेस द्वारा हम भारत में स्टार्टअप के परिवेश को मजबूत करने में अपना योगदान देना चाहते हैं।'

# फेसबुक ने चंडीगढ़ में क्रिएटर्स के लिए अवसरों की रूपरेखा तैयार की

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़ : आज, इंस्टाग्राम और फेसबुक ने क्रिएटर्स के लिए अपना अब तक का सबसे बड़ा इवेंट आयोजित किया, जिसका नाम है -'क्रिएटर डे इंडिया'। इस आयोजन में, कंपनी ने प्लेटफार्मों पर कुछ शीर्ष रुझानों को साझा करने के, साथ ही साथ भारत में अपना सबसे बड़ा निमार्ता शिक्षा और सक्षम कार्यक्रम -www.bornoninstagram.com भी लॉन्च किया। क्रिएटर डे इंडिया में बादशाह, मिस्टर फैजू, कुशा कपिला, आवेज दरबार, डॉली सिंह, आशीष चंचलानी जैसे क्रिएटर्स की उपस्थिति देखी गई, साथ ही प्रोग्रामिंग का उद्देश्य क्रिएटर्स को उनके करियर और व्यक्तिगत ब्रांड बनाने, उनकी भलाई का समर्थन करने और क्रिएटर्स से प्रेरित होने में मदद करना था। जिन्होंने अच्छी कमाई की है। साझा किए गए कुछ शीर्ष रुझानों में शामिल हैं:- फेसबुक पर एक श्रेणी के रूप में भोजन का निरंतर प्रभुत्व, जोकि आज भी पूरे भारत के पेजों को अच्छे से करते हुए देख रहा है। इंस्टाग्राम पर शॉर्ट-फॉर्म वीडियो फॉर्मेट रील का उदय, जोकि पूरे भारत में क्रिएटिविटी का लोकतंत्रीकरण कर रहा है।इन-स्ट्रीम विज्ञापनों की सहायता से फेसबुक पर स्केलिंग क्रिएटर मुद्रीकरण। फेसबुक इंडिया की ओर से सबसे बड़ा क्रिएटर एजुकेशन प्रोग्राम।कंपनी ने भारत में अपने सबसे बड़े निमार्ता शिक्षा और सक्षमता कार्यक्रम तक पहुंच को अधिक स्केलेबल और लोकतांत्रिक बनाने के लिए - www.bornoninstagram.com निमार्ता संसाधनों की भी घोषणा की है। फेसबुक इंडिया के मीडिया पार्टनरशिप के निदेशक पारस शर्मा ने कहा, चंडीगढ़ के क्रिएटर्स ऐसे रुझान बना रहे हैं जोकि मुख्यधारा से सम्बंधित होने के साथ साथ लोकप्रिय संस्कृति को भी आकार दे रहे हैं। हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि हमारे प्लेटफॉर्म उनकी क्रिएटिविटी को उजागर करने और उन्हें जीविकोपार्जन में मदद करने में भूमिका निभा रहे हैं। भारत में क्रिएटर इकोसिस्टम को बनाने और विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता और, अपने नए कार्यक्रम के साथ, अब हम न केवल शिक्षा सामग्री के मामले में बाजार में सीखने की कमी को दूर कर रहे हैं, बल्कि इसे सभी के लिए सुलभ भी बना रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य उन्हें इंस्टाग्राम पर अपने समुदायों को सीखने, कमाने और विकसित करने में मदद करना है। हमें पूरी उम्मीद है कि क्रिएटर इस अवसर का लाभ उठाएंगे।

# हैवल्स के साथ अपने बेहतरीन कार्यकाल के बाद अमित तिवारी आगे बढ़े

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़:हैवल्स इंडिया लिमिटेड के वाईस प्रेजीडेन्ट मार्केटिंग श्री अमित तिवारी, 4 साल एवं 4 महीने तक कंपनी को अपनी सेवाएं प्रदान करने के बाद अब आगे बढ़ गए हैं।पिछले 52 महीनों के दौरान कारोबार एवं डिजिटल के बारे में अपनी समझ के चलते वे हैवल्स ब्राण्ड्स के पोर्टफोलियो में बड़े बदलाव लाएं हैं, उन्होंने कारोबार के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है।अमित तिवारी को कारोबार एवं डिजिटल की अच्छी समझ है, वे बिजनेस एवं मार्केटिंग को 360 डिग्री दृष्टिकोण से देखते हैं, उन की इसी समझ और साख के चलते हैवल्स के कारोबार में बड़े सकारात्मक बदलाव आए हैं।हैवल्स से पहले अमित 8 साल 11 महीने तक फिलिप्स इंडिया को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे, जहां वे डायरेक्टर, मार्केटिंग ब्राण्ड कम्युनिकेशन एण्ड डिजिटल के रूप में कार्यभार संभाल रहे थे।इस लेख के प्रकाशन के समय यह स्पष्ट नहीं है कि अमित तिवारी अब आगे क्या करने जा रहे हैं।अमित तिवारी उद्योग जगत के महत्वपूर्ण मंचों पर उल्लेखनीय प्रवक्ता रह चुके हैं और नियमित रूप से लिखते भी हैं। अमित को कई बार बिजनेस एवं मार्केटिंग डोमेन में सम्मानित किया जा चुका है।अमित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) से मैनेजमेन्ट ग्रेजुएट हैं और उन्होंने (PGPMA) और मैनेजमेन्ट फॉर सीनियर एक्जक्टिव में पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा किया है।

# जीएसके कंज्यूमर हैल्थकेयर ने सेंसोडाइन सेंसिटिविटी एवं गम पोर्टफोलियो लॉन्च किया

» मदरलैंड संवाददाता


चंडीगढ़ : आज अग्रणी हैल्थकेयर कंपनियों में से एक, जीएसके कंज्यूमर हैल्थकेयर ने भारत में सेंसोडाईन सेंसिटिविटी एवं गम पोर्टफोलियो के लॉन्च की घोषणा की। बेहतर विज्ञान की मदद से सेंसोडाईन सेंसिटिविटी एवं गम पोर्टफोलियो लोगों को एक भरोसेमंद समाधान प्रस्तुत करता है, ताकि वो अपनी ओरल हैल्थ की हाईजीन बनाकर रख सकें। यह ऐसे उत्पाद प्रस्तुत करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है, जो लोगों को ज्यादा काम करने, बेहतर महसूस करने एवं लंबा जीवन जीने में मदद करें।दांतों की सेंसिटिविटी का एक मुख्य कारण मसूढ़ों का खराब स्वास्थ्य है। समय के साथ मसूढ़े धीरे-धीरे कम होते जाते हैं और उनके नीचे स्थित डेंटाईन सामने आने लगता है। बाहरी ट्रिगर (ठंडा पानी, चाय आदि) दांत के अंदर स्थित नसों में संवेदन पैदा करते हैं, जिससे दांतों की सेंसिटिविटी का छोटा व बहुत तीव्र संवेदन उत्पन्न होता है। संवेदनशील दांतों से पीड़ित हर दो लोगों में से एक को मसूढ़ों की समस्या होती है, जिसके बारे में उन्हें पता भी नहीं होता। सेंसोडाईन सेंसिटिविटी एवं गम, अपने दोहरे फायदे के प्रस्ताव के साथ सेंसिटिविटी से दैनिक सुरक्षा प्रदान करता है और मसूढ़ों का स्वास्थ्य बढ़ाने में मदद करता है। यह टूथपेस्ट दांत के अंदर सेंसिटिव नसों को आराम देता है और साथ ही स्वच्छ व सेहतमंद मसूढ़ों के लिए प्लाक बैक्टीरिया को दूर करता है।सेंसोडाईन ने पहली बार पेस्ट के साथ टूथब्रश भी लॉन्च किया है। सेंसोडाईन सेंसिटिविटी एवं गम टूथब्रश में अद्वितीय डिजाईन है। इसमें दांतों की बेहतर सफाई के लिए सॉफ्ट ब्रिसल्स हैं। मसूढ़ों की लाईन पर फ्लैट ट्रिम टूथब्रश के मुकाबले इसकी पहुंच तीन गुना ज्यादा है। इस टूथब्रश का हैंडल भी अलग है और इसमें बॉल ज्वाईंट नेक है, जो ओवरब्रशिंग से सुरक्षा देने के लिए दबाव को अवशोषित कर लेता है।अनुरिता चोपड़ा, एरिया मार्केटिंग डायरेक्टर, जीएसके कंज्यूमर हैल्थकेयर ने कहा, ह्यह्यसेंसोडाईन देश के अग्रणी ब्रांड्स में से एक है। यह सदैव विज्ञान पर आधारित अभिनव उत्पाद प्रस्तुत करने का प्रयास करता है, जो उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करें। भारत में लाखों लोगों के दांत सेंसिटिव हैं और उन्हें मसूढ़ों की भी समस्याएं हैं। हमने इस बात को समझा। हम जानते हैं कि इसके कारण उन्हें अपने दैनिक जीवन में समझौते करने पड़ते हैं। सेंसोडाईन सेंसिटिविटी एवं गम, अपने दोहरे फायदे के प्रस्ताव के साथ एक सरल समाधान है, जो उन्हें इस समस्या का समाधान करने में मदद कर सकता है और वो टूथ सेंसिटिविटी एवं मसूढ़ों की समस्याओं से बेफिक्र होकर दैनिक जीवन का आनंद ले सकते हैं। हमें विश्वास है कि यह पोर्टफोलियो उपभोक्ताओं को बहुत पसंद आएगा और देश में सेंसोडाईन ब्रांड को मजबूत करने में मदद मिलेगी।'




# रेडमी स्मार्ट टीवी सीरीज की विशेष फेस्टिव ऑफर के साथ सेल शुरू हुई

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़ : त्योहारों पर -दीवाली विद मी के उत्साह के साथ देश के नं. 1 स्मार्ट टीवी एवं स्मार्टफोन ब्रांड, शाओमी इंडिया के सब ब्रांड, रेडमी इंडिया ने आज अपनी नई लॉन्च की गई रेडमी स्मार्ट टीवी सीरीज पर आकर्षक ऑफरों की घोषणा की है। टीवी की श्रेणी में नए उत्पादों के विस्तृत संग्रह और रेडमी स्मार्ट टीवी 32' (80 सेमी.) एवं 43' (180 सेमी.) पर आकर्षक डिस्काउंट के साथ, रेडमी इस दीवाली को भारत में शाओमी के फैंस के लिए उज्जवल बना देगा। ग्राहक ये स्मार्ट टीवी बहुत शानदार मूल्यों में खरीद पाएंगे। ये सेल 3 अक्टूबर से शुरू होगी और 10 अक्टूबर, 2021 तक चलेगी।त्योहारों के मौसम की तैयारी के साथ रेडमी ने खास भारतीय ग्राहकों के लिए अपनी सीरीज एवं बेहतरीन मूल्यों की घोषणा की है। इनका उद्देश्य त्योहारों के मौसम के दौरान ग्राहकों को सर्वाधिक खुशी प्रदान करना है। ये टेलीविजन खरीदने पर ग्राहकों को 32' के टीवी पर 1500 रु. मूल्य के बेनेफिट्स, 43' के टीवी पर 2000 रु. के बेनेफिट्स मिलेंगे। इस प्रकार नए लॉन्च किए गए ये मॉडल क्रमशः 14,499 रु. और 23,999 रु. के विशेष मूल्य में उपलब्ध होंगे। आठ दिन तक चलने वाली इस सेल में उपभोक्ताओं को रेडमी के सर्वोत्तम टीवी आकर्षक छूट के साथ मी.कॉम, मी होम, अमेजन.इन और मी स्टोर्स पर मिलेंगे। यूजर्स 2 अक्टूबर से शुरू हो रही अरली एक्सेस सेल के दौरान मी.कॉम से डिवाईस खरीद



सकते हैं और प्राईम सदस्य ह्यग्रेट इंडियन फेस्टिवलह्ल के दौरान 3 अक्टूबर से अमेजन.इन पर टीवी खरीद सकते हैं। इस अवसर पर शाओमी इंडिया के कैटेगरी लीड - टीवी, ईश्वर नीलकंतन ने कहा, हम त्योहारों के मौसम में प्रवेश कर रहे हैं। इस समय रेडमी इंडिया सभी लोगों तक लेटेस्ट टेक्नॉलॉजी पहुंचाने पर केंद्रित है। रेडमी स्मार्ट टीवी सीरीज आकर्षक ऑफरों के साथ सेल में आ रहा है, जिसके साथ हम इस साल त्योहारों का जोश बनाए रखना चाहते हैं। हमारे नए टीवी के साथ हम सर्वश्रेष्ठ एवं सबसे दिलचस्प व्यूईंग का अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित हैं, इसीलिए हमने हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर का शानदार इंटीग्रेशन प्रस्तुत किया है। हमें विश्वास है कि रेडमी स्मार्ट टीवी की नई श्रृंखला अपने सेगमेंट में नए मानक स्थापित करेगी और भारत में स्मार्ट टीवी की अगली लहर लेकर आएगी, जिससे टेलीविजन देखने अनुभव खुशनुमा हो जाएगा।

# अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में 75,000 से ज्यादा स्थानीय शॉप्स हिस्सा लेंगी

» मदरलैंड संवाददाता

अम्बाला : आज अमेजन इंडिया ने 3 अक्टूबर, 2021 से शुरू होने वाली अपनी वार्षिक फेस्टिव ईवेंट, 'ग्रेट इंडियन फेस्टिवल' (जीआईएफ) के दौरान छोटे एवं मध्यम व्यवसायों (एसएमबी) के लिए अनेक अवसर प्रस्तुत किए। एसएमबी को सपोर्ट करने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी करते हुए, अमेजन जीआईएफ 2021 लाखों छोटे विक्रेताओं के लिए प्रतिबद्ध है, जिनमें 450 शहरों की 75,000 से ज्यादा स्थानीय शॉप्स शामिल हैं। यह पूरे देश में ग्राहकों को उत्पादों का अद्वितीय संग्रह प्रदान करता है। ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में लाखों अमेजन विक्रेताओं, अमेजन लॉन्चपैड, अमेजन सहेली और अमेजन कारीगर जैसे कार्यक्रमों तथा सर्वोच्च भारतीय एवं ग्लोबल ब्रांड्स के उत्पादों का प्रदर्शन विभिन्न श्रेणियों में देश के अलग-अलग हिस्सों, जैसे चंडीगढ़,जालंधर, लुधिआना, अमृतसर, पटिआला, पानीपत, अम्बाला और रोहतक आदि से होगा। प्राईम सदस्यों को 2 अक्टूबर से अरली एक्सेस मिलेगी। हाल ही में अमेजन इंडिया द्वारा कमीशन एवं नीलसन द्वारा किए गए सर्वे के मुताबिक अमेजन.इन के विक्रेता इन त्योहारों के लिए आशान्वित हैं और सर्वे में शामिल 98प्रतिशत विक्रेताओं ने कहा कि टेक्नॉलॉजी अपनाने एवं ई-कॉमर्स से उनके व्यवसाय को लाभ हुआ है। सर्वे में शामिल 78 प्रतिशत से ज्यादा विक्रेताओं को इस फेस्टिव सीजन नए ग्राहकों तक पहुंचने की उम्मीद है, 71 प्रतिशत को बिक्री के बढ़ने और 71 प्रतिशत को अपने व्यवसाय के चोट से उबरने की उम्मीद है। सुमित सहाय, डायरेक्टर, सेलिंग पार्टनर सर्विसेस, अमेजन इंडिया ने कहा, 'इन त्योहारों पर हम अपने विक्रेताओं को कोविड-19 की महामारी से लगी चोट से उबारने में मदद करने पर केंद्रित हैं। हमारे विक्रेता अपनी आजीविका में सुधार करने के लिए इस अवसर का उपयोग करने के लिए उत्साहित व तैयार हैं। पंजाब और हरयाणा में हमारे पास 72,000 से ज्यादा विक्रेता हैं, जिन्हें फेस्टिव सीजन के दौरान देश में लाखों ग्राहकों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। हमें उम्मीद है कि ग्रेट इंडियन फेस्टिवल हमारे सभी विक्रेताओं की वृद्धि व सफलता में योगदान देगा। सुमित ने कहा फेस्टिव सीजन के दौरान हमारे ग्राहकों के लिए हमारा उद्देश्य उन्हें अपनी जरूरत की हर चीज तलाशने में मदद करना और फिर वह चीज उन तक सुरक्षित रूप से पहुंचाना है।'

# रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा से तय होगी बाजार की दिशा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, वृहद आर्थिक आंकड़ों तथा वैश्विक रुख से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि जोरदार तेजी के बाद अब बाजार में करेक्शन के संकेत दिख रहे हैं। इसके अलावा निवेशकों की निगाह रुपए के उतार-चढ़ाव तथा अमेरिका में बांड प्राप्ति पर भी रहेगी। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि आगे की दिशा के लिए बाजार की निगाह वैश्विक आंकड़ों पर रहेगी। घरेलू मोर्चे पर बहुत अधिक नकारात्मक संकेतक नहीं हैं, लेकिन आगामी मौद्रिक समीक्षा में रिजर्व बैंक के गवर्नर की मुद्रास्फीति पर आठ अक्टूबर की टिप्पणी काफी महत्वपूर्ण रहेगी। आठ अक्टूबर को टीसीएस के दूसरी तिमाही के नतीजे भी आने हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर इंडेक्स का उतार-चढ़ाव और अमेरिकी बांड पर प्रतिफल की वैश्विक बाजारों की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। वहीं कच्चे तेल की कीमतों का भारतीय बाजारों पर व्यापक प्रभाव रहेगा। इस सप्ताह रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा आनी है। सप्ताह के दौरान सेवा पीएमआई के आंकड़े भी आने हैं, जिससे शेयर बाजारों की दिशा तय होगी।

## गरीबी के कारण छोड़ शौक, अब लंदन मैराथन में भाग लेने वाले भारत से एकमात्र धावक गोवर्धन मीणा




जयपुर, एजेंसी। लंदन में होने वाली मैराथन में भारत से एकमात्र धावक गोवर्धन मीणा का चयन हुआ है। राजस्थान के जयपुर के जमवारामगढ़ में रहने वाले गोवर्धन की बचपन से ही रुचि खेलों में थी, लेकिन कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण गोवर्धन को कभी खेलने का मौका नहीं मिल सका। अब सोशल मीडिया पर चले कैंपेन के बाद गोवर्धन को लंदन दूतावास ने वीजा जारी कर दिया है। गोवर्धन का जयपुर से लंदन तक का सफर इतना आसान नहीं था। मेहनत-मजदूरी के बीच दौड़ना पीछे छूट गया।दस साल बाद गोवर्धन ने दौड़ना शुरू किया।जिसके बाद गोवर्धन इतना आगे है कि अब वह लंदन में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले है। राजस्थान पुलिस में आरएसी की भर्ती वर्ष 1995 में निकली थी। वह इस भर्ती में एक अभ्यर्थी के तौर पर दौड़ा था।जिसमें 2400 मीटर की दौड़ महज 8 मिनट में पूरी कर ली। वह पहले नंबर पर आया, लेकिन कम पढ़ा लिखा होने की वजह से लिखित परीक्षा में सफल नहीं हो सका। इसके बाद एथलेटिक्स में जाने की कोशिश की। पर आर्थिक रूप से कमजोर होने की वजह से किसी भी खेल में हिस्सा नहीं ले पाया। गोवर्धन ने बताया कि परिवार के भरण पोषण के लिए मैंने मजदूरी करना शुरू किया।इसकारण 10 साल तक में मैदान से दूर हो गया। इसके बाद मैंने फिर से दौड़ना शुरू किया और मैराथन में शामिल होने की प्रैक्टिस शुरू कर दी। इस दौरान में मजदूरी से मिले पैसों से कभी जूते खरीदता,तब कभी खुद की डाइट का ख्याल रखता। इसके बाद साल 2018 में मैंने इलाहाबाद मैराथन में पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद जयपुर से लेकर बड़ौदा तक होने वाली सभी मैराथन में मैंने पहला स्थान हासिल किया।इसके बाद मुझे लंदन मैराथन में जाने का मौका मिला है। लंदन मैराथन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे गोवर्धन मीणा जयपुर के शासन सचिवालय में संविदा कर्मी के तौर पर काम करते हैं। दिनभर सचिवालय में काम और सुबह–शाम दौड़ लगाकर प्रैक्टिस करता हूं। ताकि परिवार का पेट भरने के साथ ही खुद का शौक भी पूरा कर सकूं। बता दें कि गोवर्धन के परिवार में उनकी पत्नी और 2 बच्चे है, जो जयपुर के जमवारामगढ़ में ही रहते है।

गोवर्धन ने मुताबिक 2018 के बाद कई प्रतियोगिताओं में जीतकर पुरस्कृत भी हो चुका हूं, लेकिन सरकार और प्रशासन की ओर से आज तक कोई मदद नहीं मिली है। सिर्फ परिचित ही मुझे आगे बढ़ने के लिए आर्थिक सहायता देते हैं। जिनकी बदौलत ही में लंदन जा रहा हूं। लंदन मैराथन दुनिया की सबसे बड़ी मैराथन में से एक है। जिसमें शामिल होने वाला मैं भारत का प्रतिनिधित्व करने वाला एकमात्र खिलाड़ी हूं।लंदन जाने के लिए गोवर्धन वीजा के लिए काफी परेशान हो रहे थे। उन्होंने 11 सितंबर को वीजा के लिए अप्लाई किया था, लेकिन मैराथन से 2 दिन पहले तक भी उन्हें वीजा जारी नहीं हुआ।इसके बाद सोशल मीडिया पर गोवर्धन के समर्थन में कैंपेन शुरू हो गया। जिसमें राजनेताओं से लेकर आम आदमी तक सभी उन्हें वीजा देने की मांग कर रहे थे। इसके बाद ब्रिटिश दूतावास ने उन्हें 6 महीने की जगह 1 साल का वीजा जारी किया है। जिसके बाद 44 वर्षीय गोवर्धन मीणा शुक्रवार को लंदन के लिए रवाना हुए हैं।

## आईपीएल 2021: शुभमन गिल का बल्ला भले मौन हो पर बाहर नहीं करना चाहती कोलकाता टीम : ब्रायन लारा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय युवा क्रिकेटर शुभमन गिल का प्रदर्शन ठीक नहीं है वे खेल फॉर्म में भी नहीं हैं और उनका बल्ला पिछले कुछ मैचों से मौन है। दुनिया के दिग्गज बल्लेबाजों में शुमार वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ब्रायन लारा ने कहा है कि कोलकाता नाइटराइडर्स टीम उन्हें फिलहाल टीम से बाहर नहीं करेगी। गिल ने मौजूदा सीजन के 11 मैचों में कुल 232 रन बनाए हैं, जिनमें उनका औसत केवल 21.09 का रहा है। उनके बल्ले से इस सीजन में कोई शतक या अर्धशतक नहीं बना है। ब्रायन लारा ने कहा, 'शुभमन गिल बदकिस्मत चल रहे हैं। अगर आप उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देखते हैं, तो वह काफी बेहतर नजर आते हैं। और मेरा मानना है कि वह बड़े स्कोर से सिर्फ एक मैच दूर हैं। मुझे लगता है कि वह अय्यर (वेंकटेश) के साथ वास्तव में अच्छी तरह से मेल खाते हैं और दोनों एक साथ बढ़िया साझेदारी निभा सकते हैं। कुछ खास कर सकते हैं, लेकिन अभी शुभमन गिल की जगह किसी और को टीम में शामिल करना, कुछ ऐसा नहीं है जो केकेआर टीम करना चाहती है।'

उन्होंने पंजाब किंग्स टीम के बारे में भी चर्चा की। लारा ने कहा, ह्यपंजाब टीम के पास कई अच्छे खिलाड़ी हैं, उनके पास क्षमता है लेकिन फिलहाल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। पंजाब की बल्लेबाजी हमेशा टीम की ताकत रही है। निकोलस पूरन और क्रिस गेल कुछ मौकों पर बेहतर साबित नहीं हुए। उनके कप्तान केएल राहुल और मयंक अग्रवाल भी टीम में बल्लेबाजी को मजबूती देते हैं। टीम बड़ा स्कोर बनाती रही है और इसका बचाव करने की कोशिश करती है। अगर बड़ा स्कोर नहीं बना पाते हैं तो उनके पास रवि बिश्नोई और मोहम्मद शमी जैसे गेंदबाज भी हैं।ह्व दुबई में आईपीएल-2021 के 45वें मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स और पंजाब किंग्स की भिड़ंत होनी है। कोलकाता टीम 10 अंकों के साथ चौथे और पंजाब 8 अंकों के साथ फिलहाल तालिका में छठे नंबर पर है।

## संक्षिप्त समाचार

### थॉमस और उबेर कप स्पर्धा के लिए साई प्रणीत ने बताई अपनी योजना

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बी साई प्रणीत इन दिनों अपने खराब प्रदर्शन और पीठ की समस्या से दो–चार हो रहे है और आत्मविश्वास हासिल करने के मद्देनजर कुछ जीत दर्ज करने के लिये बेताब हैं। वह अगले हफ्ते होने वाले थॉमस कप और उबेर कप फाइनल्स की तैयारियों में जुटे हैं। प्रणीत ने ओलंपिक के लिए काफी तैयारी की थी, लेकिन उनका अभियान योजना के अनुरूप नहीं रहा। वह टोक्यो में एक भी ग्रुप मैच नहीं जीत सके थे। इसके बाद फिनलैंड के वानता में सुदीरमन कप में केवल एक एकल मैच खेले, जिसमें भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। चीन के शि युकी के खिलाफ प्रणीत सीधे गेम में हार गये, जिसमें भारत को ग्रुप ए के मुकाबले में 0–5 से पराजय झेलनी पड़ी और टीम क्वार्टरफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई।
अब पुरुष और महिलाओं का टीम टूनामेंट डेनमार्क के आरहस में नौ से 17 अक्टूबर तक खेला जाएगा। विश्व चैम्पियनशिप 2019 के कांस्य पदक विजेता प्रणीत ने कहा कि मैं अच्छी ट्रेनिंग कर रहा हूं लेकिन मैं नहीं जानता कि कोर्ट पर क्या हो रहा है। महत्वपूर्ण टूनार्मेंट से पहले आत्मविश्वास हासिल करने के लिये मुझे सिर्फ दो–तीन जीत की जरूरत है।थॉमस कप में भारत के अभियान के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की टीम मजबूत है। इससे पहले हम एक जीत के लिये तीन एकल पर निर्भर करते थे। यह मुश्किल होता था क्योंकि अगर एक मैच हार जाते, तो मुकाबला गंवा देते लेकिन अब हमारे पास अच्छी युगल टीम है इसलिए क्वार्टरफाइनल तक यह अच्छा दिख रहा है। हैदराबादी बैडमिंटन खिलाड़ी ने खुलासा किया कि टोक्यो ओलंपिक से कुछ दिन पहले ही उनकी पीठ में दर्द हो गया था। लेकिन उन्होंने हार के लिए अपनी फिटनेस को जिम्मेदार नहीं ठहराया। उन्होंने कहा कि मुझे ओलंपिक से चार दिन पहले पीठ में दर्द शुरू हो गया था इसलिये मैं काफी दर्द के साथ खेला था। लेकिन मेरे हारने का यह कारण नहीं था। मैं दबाव के कारण हारा था।

### जेपी डुमिनी दक्षिण अफ्रीकी टीम का रणनीतिक सलाहकार नियुक्त

जोहानसबर्ग, एजेंसी। जेपी डुमिनी को आने वाले टी–20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम का रणनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। मार्च 2019 में जब डुमिनी ने वनडे से संन्यास की घोषणा की थी,तब उन्होंने कहा था कि वह सबसे छोटे प्रारूप के लिए उपलब्ध रहने वाले है। हालांकि उसी टूनार्मेंट के दौरान उन्होंने अपना विचार बदला और पूरी तरह से ना खेलने का विकल्प चुना। अब उन्हें टी–20 विश्व कप के लिए टीम के कोचिंग स्टाफ में जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका के सहायक स्टाफ के रूप में भूमिका निभाने से पहले वह कमेंट्री में भी हाथ आजमा चुके हैं और क्रिकेट के मैदान पर टीम के तकनीकी सलाहकार के रूप में वापसी करने में उन्हें ज्यादा समय नहीं लगा।

## सीएसके के खिलाफ मैच विजेता शिवम दुबे बोले- इसकी सख्त जरूरत थी





**अबु धाबी, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के यूएई चरण में अपने पहले मैच में ही चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ नाबाद 64 रन की मैच विजेता पारी खेलने वाले राजस्थान रॉयल्स के आलराउंडर शिवम दुबे ने कहा कि केवल उन्हें ही नहीं बल्कि उनकी टीम को भी इस पारी की सख्त जरूरत थी। दुबे ने कहा कि निश्चित तौर पर मुझे और मेरी टीम को इस पारी की सख्त जरूरत थी। यह पारी पूरी तरह से मेरी टीम के लिए थी, क्योंकि अभी हम सातवें नंबर पर हैं और हमें क्वालीफाई करने की जरूरत है और अगर हम अगले दो मैचों में वास्तव में अच्छा खेल दिखाते हैं तो हम क्वालीफाई कर जाएंगे। इसलिए यह महत्वपूर्ण है। यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक और दुबे की धमाकेदार पारी से रॉयल्स ने शनिवार को चेन्नई को सात विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदें जीवंत रखी। दुबे ने पिछले मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिल पाने के बारे में कहा कि यह टीम संयोजन पर निर्भर करता है। यह कोच, सहयोगी स्टाफ और कप्तान पर निर्भर करता है। मैं मौके का इंतजार कर रहा था। मुझे मौका मिला और मैंने उसका पूरा फायदा उठाया। दुबे ने मुंबई के अपने साथी जायसवाल की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि टीम को अच्छी शुरूआत की जरूरत थी और यशस्वी और इविन लुईस ने अच्छी बल्लेबाजी की।



ब्रिटेन में प्रीमीयर लीग फुटबॉल में बेन ने तीसरा गोल किया।

## जडेजा अच्छा खेल रहे थे इसलिए स्ट्राइक नहीं देने पर भी खुश था: ऋतुराज गायकवाड़



**दुबई, एजेंसी।** शारजाह में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में ऋतुराज गायकवाड़ के प्रदर्शन की चारों ओर प्रशंसा हो रही है उन्होंने अपने आईपीएल करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। उन्होंने पहले डुप्लेसिस, फिर मोईन और जडेजा के साथ साझेदारियां की और 60 गेंदों में अपना शतक पूरा कर लिया। ऋतुराज ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। हालांकि वह 17 ओवर तक ही 86 रन बना चुके थे लेकिन जडेजा से स्ट्राइक रेट न मिलना सबकी सांसें बढ़ा रहा था। स्ट्राइक न मिलने पर ऋतुराज ने मैच के बाद बात की। उन्होंने कहा कि मुझे लग रहा था कि स्ट्राइक मिल जाएगी। लेकिन जिस तरह जडेजा खेल रहे थे, हमारी टीम को रन आ रहे थे। यही हमें चाहिए था। गायकवाड़ ने कहा कि जब आप शतक के पास होते हैं तो आप इसके लिए जरूर जाना चाहते हैं। लेकिन अगर टीम के लिए रन आ रहे हैं तो आप इसको लेकर ज्यादा उत्सुक नहीं होते। जडेजा काफी अच्छा खेल रहे थे। मुझे लग रहा था कि मुझे कुछ गेंदें जरूर मिलेंगी उसी में बड़ा हिट लगाने की कोशिश करूंगा। आखिरी गेंद तक मैंने उस ओर शॉट मारा जहां ग्राऊंड छोटी थी। मुझे उम्मीद थी कि अगर गेंद बल्ले पर ठीक से आई तो मुझे ज्यादा रन मिल सकते हैं।

गायकवाड़ ने शुरूआत पर बात करते हुए कहा कि पहले विकेट थोड़ा रुका था। पावरप्ले में गेंदबाजी अच्छी थी। मेरी योजना 13वें या 14वें ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी, ताकि मैं बाद में इसका फायदा उठा सकूं। मैं सिर्फ गेंद को समय देने और अपना आकार बनाए रखने पर ध्यान दे रहा था। हम 160 रनों की तलाश में थे, फिर मैंने सोचा 170, 180 और आखिर में हमें 190 मिल गया। बता दें कि ऋतुराज ने पहली बार चेन्नई के लिए एक सीजन में 500 से ज्यादा रन बनाए हैं। इससे पहले शेन वॉटसन, अंबाति रायुडू, ड्वेन स्मिथ, माइक हस्सी, मैथ्यू हैडन यह कारनामा एक बार कर चुके हैं। अकेले सुरेश रैना ऐसे बल्लेबाज है जोकि चेन्नई की ओर से 3 बार सीजन में 500 से ज्यादा रन बना चुके हैं।

## हमें और जज्बे के साथ खेलना होगा : पूजा वस्त्रकार



**गोल्ड कोस्ट, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम की मध्यम तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकार ने बड़ा बयान दिया और कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ दिन रात के टेस्ट के आखिरी दिन भारत को और जज्बा दिखाकर मेजबान को फॉलोआन के लिए मजबूर करना होगा। मैग लानिंग समेत दो विकेट लेने वाली वस्त्रकार और झूलन गोस्वामी के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने आस्ट्रेलिया को तीसरे दिन चार विकेट पर 143 रन पर रोक दिया। भारत ने पहली पारी 8 विकेट पर 377 रन बनाकर घोषित की थी। वस्त्रकार ने कहा कि हमें मैच जीतना है तो कल और आक्रामक खेल दिखाना होगा।हमें आस्ट्रेलिया को फॉलोआन के लिए मजबूर करना होगा। यह असंभव नहीं है और हम कोशिश करेंगे। दो सत्र में हमने चार अहम विकेट लिए। अगर इरादा हो तो क्रिकेट में कुछ भी संभव है। दूधिया रोशनी में गुलाबी गेंद से गेंदबाजी का अनुभव अच्छा रहा।

उन्होंने कहा कि दूधिया रोशनी में गुलाबी गेंद से गेंदबाजी अच्छी रही। गेंद शुरू में उछाल लेती है लेकिन पुरानी होने के बाद नहीं। वहीं आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज एलिसी हीली ने कहा कि डीआरएस होता तो अंपायर की गलतियों से बचा जा सकता था जिसकी वजह से लानिंग का विकेट गंवाना पड़ा। डीआरएस उपलब्ध होने पर मैं कभी मना नहीं करती। हर टेस्ट में होना चाहिये। इससे गलतियों की गुंजाइश कम हो जाती है।

## राजस्थान रॉयल्स की जीत ने बदल दी प्वाइंट टेबल की गणित, मुंबई की आगे की राह हुई पेरशानी भरी

**दुबई, एजेंसी।** आईपीएल 2021 के दूसरे चरण में शनिवार को हुए मुकाबलों में जहां मुंबई इंडियंस को दिल्ली कैपिटल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा।वहीं राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की। राजस्थान की जीत से प्वाइंट टेबल का पूरा गणित बदल गया है। राजस्थान जीत छठे स्थान पर आ गई, वहीं मुंबई इंडियंस जो कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ प्लेऑफ के लिए क्वालीफॉई की दौड़ में शामिल थी, सातवें स्थान पर आ गई है। अब यहां से मुंबई के लिए आगे की राह मुश्किल हो गई है। केकेआर, पंजाब किंग्स, राजस्थान और मुंबई इन सभी टीमों के 12 मैचों में 5 जीत के साथ 10 अंक ही हैं, लेकिन नेट रन रेट की वजह से केकेआर टॉप चार में बनी हुई है और पंजाब, राजस्थान तथा मुंबई क्रमशः पांचवें, छठे और सातवें स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद 11 मैचों में 2 जीत के साथ 4 अंक लेकर अंतिम स्थान पर है।

पहले से ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी दिल्ली कैपिटल्स और सीएसके के 12 में से 9 मैच जीत के साथ 18-18 अंक हैं। लेकिन नेट रन रेट के कारण सीएसक के पहले और दिल्ली दूसरे स्थान पर है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 11 मैचों में 7 जीत के साथ 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बनी हुई है।

राजस्थान के खिलाफ चेन्नई को भले ही हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन उसके खिलाड़ी रुतुराज गायकवाड़ ने यादगार शतकीय पारी खेली जिससे ऑरेंप कैप उन्होंने पहन ली है। रुतुराज के आईपीएल में 508 रन हो गए हैं। वहीं केएल राहुल 489 रन के साथ दूसरे स्थान पर आ गए हैं। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन 480 रन और दिल्ली के ओपनर शिखर धवन 462 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। टॉप पांच में फॉफ डुप्लेसिस अभी भी बने हुए हैं जिनके 460 रन हैं। वहीं आरसीबी के हर्षल पटेल 26 विकेट के साथ पर्पल कैप होल्ड किए हुए हैं। वहीं दिल्ली के अवेश खान की विकेट में इजाफा हुआ है और अब उनकी कुल 21 विकेट्स हो गई हैं और दूसरे स्थान पर हैं।मुंबई के जसप्रीत बुमराह (17) और पंजाब के अर्शदीप सिंह (16) व मोहम्मद शमी (15), क्रमशः तीसरे, चौथे तथा पांचवें स्थान पर हैं।

## गावस्कर ने बताया, भारतीय टीम में ऑल राउंडर की कमी को पूरा कर सकते हैं वेंकटेश अय्यर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर वेंकटेश अय्यर से काफी प्रभावित हैं। गावस्कर के मुताबिक, ह्यअय्यर वहां ऑलराउंडर हो सकते हैं, जिसकी भारतीय टीम को तलाश है।अय्यर उस वक्त पर सामने आए हैं, जब भारतीय टीम ऑल राउंडर को लेकर जूझ रही है।हार्दिक पंड्या की चोट ने टीम की परेशानी बढ़ा दी है।वहां अपनी चोट से उबरने का संघर्ष कर रहे हैं।इसके बाद अय्यर इस कमी को पूरी कर सकते हैं। गावस्कर ने केकेआर के वेंकटेश अय्यर के हरफनमौला खेल से प्रभावित होने के बाद उनकी प्रशंसा की।

गास्वर ने लिखा कि अय्यर के रूप में, कोलकाता ने एक खिलाड़ी का पता लगाया है, जो ऐसा ऑलराउंडर हो सकता है कि जिसकी टीम इंडिया को तलाश है। अय्यर बहुत तेज गेंदबाजी नहीं करते हैं, लेकिन वह सटीक यॉर्कर फेंकते हैं और बल्लेबाज को आसानी से शॉट्स नहीं लगाने देते। एक बल्लेबाज के रूप में, उनका जो स्टांस है, वो शॉर्ट गेंद को बेहतर ढंग से खेलने में मदद करता है और वह बाकी बाएं हाथ के बल्लेबाजों की तरह ऑफ-साइड पर शानदार ड्राइव लगाते हैं।

अय्यर ने आईपीएल 2021 में अब तक शानदार बल्लेबाजी की है।उन्होंने यूएई की धीमी पिचों पर 5 मैच में 142 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 193 रन बनाए हैं।इस दौरान उन्होंने 2 अर्धशतक भी लगाए हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में 67 रन की पारी खेली थी। उनकी इस पारी के बदौलत ही केकेआर 165 रन के स्कोर तक पहुंच पाई थी।मैच में उन्हें आखिरी ओवर दिया गया था।हालांकि, वहां टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे। अय्यर ने आईपीएल के इस सीजन के 5 मैच में 8.53 के इकोनॉमी रेट से 45 रन देकर 3 विकेट लिए हैं। वेंकटेश अय्यर ने आईपीएल 2021 में अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया है। केकेआर के लिए पारी की शुरूआत करते हुए उन्होंने 5 मैच में 2 अर्धशतक लगाए हैं।वेंकटेश मीडियम पेस गेंदबाजी करते हैं और आंद्रे रसेल की गैरमौजूदगी में केकेआर के लिए गेंदबाजी की है।

## गौतम गंभीर बोले- 'तथाकथित फिनिशरों' की तुलना में विराट कोहली काफी बेहतर

### धोनी को 'तथाकथित फिनिशर' बताने पर भड़के प्रशंसकों ने सुनाई खरी-खरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेटर से नेता बने पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर अक्सर मुखर अंदाज के लिए जाने जाते हैं और वह विवादित बयान देने से भी पीछे नहीं हटते हैं।हालांकि, गंभीर ने अभी धोनी की बल्लेबाजी की क्षमता पर सवाल उठाते हुए उन्हें इशारों-इशारों में उन्हें 'तथाकथित फिनिशर' कहा है। यह वाकया हाल ही दुबई में कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच हुए मुकाबले के दौरान हुआ। गंभीर इस मैच में कॉमेंट्री कर रहे थे। उनसे जब आज के क्रिकेट में फिनिशर की भूमिका को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने विराट कोहली को बेस्ट फिनिशर बताया। गंभीर ने कहा कि आरसीबी के कप्तान कोहली के आंकड़े 'तथाकथित फिनिशर' के मुकाबले बेहतर हैं।

उन्होंने कहा कि आंद्रे रसेल को फिनिशर कहा जाता है। लेकिन मेरी नजर में विराट कोहली पिछले कुछ वर्षों में सर्वश्रेष्ठ फिनिशर रहे हैं और वो नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हैं। इसलिए सिर्फ 'फिनिशर' कह देने से कोई फिनिशर बन नहीं जाता है। 'तथाकथित फिनिशरों' की तुलना में विराट कोहली काफी बेहतर हैं। हालांकि, यह बात कहते हुए उन्होंने धोनी का नाम तो नहीं लिया था। लेकिन फैंस को यह समझते देर नहा लगी कि उनका इशारा धोनी की तरफ ही था। बस, फिर फैंस ने पूर्व बल्लेबाज को ट्विटर पर खरी-खोटी सुनानी शुरू कर दी। क्योंकि यह सब जानते हैं कि धोनी को दुनिया का बेस्ट फिनिशर माना जाता है। धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अलावा आईपीएल भी कई मौकों पर इस बात को साबित कर चुके हैं। हालांकि, इस आईपीएल में उनका बल्ला खामोश रहा है है। उन्होंने 11 मैच में सिर्फ 66 रन ही बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 110 का रहा। जो धोनी के कद के मुताबिक नहीं माना जाएगा। इसलिए फैंस को लगता है कि गंभीर ने इशारों-इशारों में धोनी पर ही निशाना साधा है। एक फैन ने गंभीर के इस बयान पर कहा कि जब गंभीर को धोनी की बुराई करनी होती है तो वो कोहली की तारीफ करते हैं और जब कोहली की बुराई करनी होती है तो रोहित की शान में कसीदे गढ़ने शुरू कर देते हैं। मेरी गुजारिश है कि वो गंदी राजनीति को जेंटेलमेंस गेम में ना लाएं।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह जल्द बनने वाले हैं पिता, फैंस को दी जानकारी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक दिलाने वाले कप्तान मनप्रीत सिंह ने पोस्ट डाल कर जल्द अपने पिता बनने की खबर अपने फैंस को दे दी है, मनप्रीत ने पत्नी के साथ फोटो शेयर की है, जिसके पीछे बैलून लगे हुए हैं, साथ ही लिखा है बेबी मंत्री मनप्रीत ने लिखा है, कि इस नवंबर में वह और उनकी पत्नी बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। मनप्रीत और इली पहली बार साल 2012 में मलेशिया में हुए सुल्तान ऑफ जौहर कप के दौरान मिले थे। मनप्रीत उनदिनों भारतीय जूनियर टीम की कप्तानी कर रहे थे। इस टूनार्मेंट के दौरान ही दोनों एक दूसरे से मिलने लगे। धीरे- धीरे इन दोनों की नजदीकिया बढ़ी और एक-दूसरे के प्यार में पड़ गए।

इली की मां भी हॉकी खिलाड़ी रह चुकीं हैं। वह मलेशिया की सेना के लिए हॉकी खेला करती थी। अपनी मां को देखकर ही इली का रूझान भी हॉकी के तरफ हो गया और वह मैच देखने के लिए स्टेडियम जाया करती थी। हॉकी के कारण ही मनप्रीत और इली में गहरी दोस्ती हुई जो अब मोहब्बत में बदल गई। दोनों ने ही अपनी शादी को टोक्यो ओलंपिक होने के बाद करने का फैसला किया था। पर कोरोना वायरस के कारण टोक्यो ओलंपिक को एक साल के लिए स्थगित करना पड़ा।इसके बाद दोनों ने साल 2020 में दिसबंर में जालंधर में धार्मिक रीति रिवाजों के साथ एक दूसरे के साथ शादी के बंधन में बंध गए। इस दौरान कम ही मेहमानों को बुलाया गया था।



# जरूरत से ज्यादा ऑनलाइन शॉपिंग?

ढेरों वैरायटी और आकर्षक डिस्काउंट के कारण लोगों को ऑनलाइन शॉपिंग की लत-सी लग जाती है, जिसके कारण उनकी इनकम का ज़रूरत से ज़्यादा हिस्सा शॉपिंग में ख़र्च होने लगता है और उन्हें इसका एहसास भी नहीं होता। जब एहसास होता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। आपके साथ ऐसा न हो, इसलिए हम बता रहे हैं कुछ संकेत, जिनसे आपको पता चल सके कि शॉपिंग हद से ज़्यादा हो रही है।

### जब लेना पड़े उधार

अपने ऑर्डर का पेमेंट करने के लिए जब आपको दोस्त या सहकर्मी से उधार लेने की ज़रूरत पड़ जाए, तो इसका सीधा अर्थ यही निकलता है कि आप अपनी हैसियत से ज़्यादा शॉपिंग करने लगी हैं। अगर आपने ऑनलाइन शॉपिंग बंद नहीं की, तो बहुत जल्द दूसरे कामों के लिए भी आपको उधार लेना पड़ सकता है।

### जब तोड़ना पड़ जाए पिगी बैंक

अपनी सहूलियत के हिसाब से आप पिगी बैंक में इसलिए पैसे जमा करती हैं ताकि बुरे वक़्त में इसे तोड़कर आप अपनी सारी तो नहीं, मगर कुछ ज़रूरतें तो पूरी कर ही सकती हैं, लेकिन ज़रूरत की बजाय ऑनलाइन शॉपिंग का बिल भरने के लिए यदि आपको पिगी बैंक तोड़ना पड़े, तो ये ख़तरे की घंटी है। बेहतर होगा, अब अपनी शॉपिंग की लत पर लगाम लगाएं

### जब ट्राई करने के लिए करने लगें शॉपिंग

वन पीस ड्रेस में मैं कैसी लगूंगी? क्या हाई हील सैंडल मुझ पर जंचेगी? अगर आप भी ऐसे ही सवालों के जवाब ढूंढ़ने के लिए या चीज़ों को महज़ ट्राई करने के लिए ऑनलाइन शॉपिंग कर रही हैं, तो अपनी इस आदत को सुधारिए, वरना बहुत जल्द आप भी ओवर ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों की लिस्ट में शामिल हो जाएंगी।

### जब सेविंग अकाउंट बन जाए एक्सपेंस अकाउंट

ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा के कारण अब आप एक क्लिक पर कोई भी चीज़ आसानी से ख़रीद सकती हैं। यदि आप इस सुविधा का ज़रूरत से ज़्यादा उपयोग ऑनलाइन शॉपिंग के लिए कर रही हैं और इसके कारण आपका सेविंग अकाउंट एक्सपेंस अकाउंट में बदल चुका है, तो इसका मतलब यही है कि आप अनलिमिटेड शॉपिंग करने लगी हैं।



# साड़ी लुक को मॉडर्न बनाने के लिए ट्राई करें पेपलम ब्लाउज

साड़ी को मॉडर्न लुक देने के लिए आजकल पेपलम ब्लाउज काफी पसंद किया जा रहा है। इसमें कमर या उसके आस पास के हिस्से पर फ्रिल या झालर का प्रयोग किया जाता है। लंबाई में ये सामान्य ब्लाउज से थोड़े लंबे होते हैं।

पेपलम ब्लाउज को सिर्फ साड़ी ही नहीं बल्कि लहंगे के साथ भी पहना जा सकता है। ये देखने में काफी स्टाइलिश लगते हैं और आपको दूसरों से अलग लुक देते हैं।

नॉर्मल ब्लाउज की तरह आप पेपलम ब्लाउज के डिजायन में भी काफी एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं। इसके गले और बाजुओं को पसंदीदा डिजायन में बनवा सकती हैं।

क्रॉस पैटर्न के साथ वी नेक के पेपलम ब्लाउज किसी भी लहंगे या साड़ी पर बहुत यूनिक लुक देते हैं। आप शॉर्ट नेक गले पर कारीगरी वाला ब्लाउज किसी सिंपल साड़ी या लहंगे पर भी पहन सकती हैं। ये भी अपने आप में बेहद खूबसूरत लुक देगा।

# लंबे-घने मज़बूत बालों के लिए हेल्दी रेसिपीज

**पालक सूप :** 2 गड्डी पालक को साफ़ करके काट लें। इसे पानी में उबालें और इसकी प्यूरी बना लें। अब कड़ाही में थोड़ा-सा तेल गरम करें। एक बारीक़ कटा प्याज़ डालकर सुनहरा भून लें। फिर इसमें 1 टीस्पून कटा लहसुन और 2 बारीक़ कटी हरी मिर्च डाल दें। अब पालक की प्यूरी डालकर तब तक पकाएं, जब तक कि पालक अच्छी तरह गल न जाए। गरम-गरम पालक सूप का मज़ा लें।

**शकरकंद की सब्ज़ी :** 250 ग्राम शकरकंद को उबलाकर चौकोर काट लें। कड़ाही में थोड़ा-सा तेल डालें। करीपत्ता का छौंका लगाएं। फिर 3-4 बारीक़ कटी हरी मिर्च डालें। अब इसमें चौकोर कटा शकरकंद डालें और चलाते हुई पकाएं। थोड़ी देर बाद इसमें एक मुट्ठी भुनी हुई मूंगफली और स्वादानुसार नमक डालकर मिलाएं। बारीक़ कटे हरे धनिया से सजाएं।

**ड्राई फ्रूट्स सलाद :** 2 कप बारीक़ कटे सीज़नल फ्रूट्स (सेब, केला, संतरा आदि) में 1 कप ड्राई फ्रूट्स (काजू, बादाम, अखरोट, किशमिश आदि) मिलाएं। इसमें 1 टेबलस्पून दूध की मलाई और आधा टीस्पून शहद डालकर ड्रेसिंग करें। तैयार ड्राई फ्रूट्स सलाद का मज़ा लें।
हेल्दी टिपः ड्राई फ्रूट्स खाने से बाल स्वस्थ और ख़ूबसूरत नज़र आते हैं।

**गाजर का जूस :** छोटे साइज़ के 5 गाजर छीलकर जूसर में डालें। तैयार जूस को छलनी से छान लें। ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें।

**एप्पल-अखरोट का सलाद :** 2 बड़े सेब को चौकोर काटकर एक बाउल में डाल दें। अब इसमें 2 टेबलस्पून अखरोट डालकर मिलाएं। 1 टेबलस्पून मिल्क क्रीम और शहद से सलाद की ड्रेसिंग करें। तैयार है एप्पल-अखरोट सलाद का सलाद।

**मशरूम सलाद :** 250 ग्राम मशरूम को उबालें। अब मशरूम को काटकर एक बाउल में डाल दें। फिर इसमें 1 टेबलस्पून बारीक़ काटकर सोआ डालें। स्वादानुसार कुटी हुई कालीमिर्च और नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं।

**टमाटर का सूप :** मीडियम साइज़ के छिले हुए 5 टमाटर को प्रेशर कुकर में उबाल लें। फिर मसलकर प्यूरी बना लें। अब एक कड़ाही में बटर गरम करें। करीपत्ते का छौंका लगाएं। 2 टीस्पून लहसुन डालकर भूनें। थोड़ा-सा लालमिर्च पाउडर और स्वादानुसार नमक डाल दें। अब टमाटर की प्यूरी डालकर मिलाएं।





# दुल्हन के लिए वेडिंग स्किन केयर टिप्स

**हर दुल्हन के लिए शादी का दिन ख़ास रहता है। इसलिए इस स्पेशल दिन पर ख़ूबसूरत दिखने के लिए उन्हें पहले से ही कई तैयारी करनी चाहिए। शादी पर सबसे बड़ी चिंता त्वचा को लेकर होती है। हर लड़की चाहती है कि वह अपने स्पेशल दिन ख़ूबसूरत और आकर्षक दिखे। यूं तो वेडिंग डे के लिए अच्छा मेकअप होता ही है, लेकिन अगर पहले से त्वचा की देखभाल नहीं की जाती है, तो यह उतना अधिक बेहतर नहीं हो पाता। इसलिए इन बातों को ध्यान में रखते हुए स्किन केयर रूटीन को नियमित रखना ज़रूरी है।**

हेल्दी स्किन के लिए पर्याप्त नींद और पानी पिएं। एंटीऑक्सिडेंट को आहार में शामिल करें। नियमित स्पा और न्यूट्रिशियस स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें। ध्यान रहे ये सब आपके रूटीन का हिस्सा हो। कभी-कभी स्किन केयर रूटीन को रोज़ाना फॉलो करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में न्यूट्रास्यूटिकल्स की मदद से ख़ूबसूरत और लॉन्ग लास्टिंग हेल्दी त्वचा पा सकते हैं।

प्री-वेडिंग डाइट और फिटनेस प्लान की तरह ब्राइड्स प्री-वेडिंग स्किन केयर रूटीन अपनाए, तो स्वस्थ और ग्लोइंग त्वचा पा सकती हैं। यह सब रूटीन शादी के कुछ महीने पहले से शुरु कर देना चाहिए।

### स्किन ब्यूटी प्री-वेडिंग टिप्स

यूं देखा जाए, तो ब्राइडल केयर शादी के एक साल पहले से ही होती है यानी स्किन केयर रूटीन शुरू करने का सही समय शादी के सालभर पहले त्वचा की समस्याएं, जैसे- मुंहासे, फंगल रशेज, झुर्रियां, लाल होना, झुलसी हुई त्वचा आदि समस्या के लिए डॉक्टर से सलाह ले लेनी चाहिए। क्योंकि कुछ त्वचा से संबंधित प्रॉब्लम को पूरी तरह से ठीक होने में लंबा समय लगता है। यह वह समय है, जब स्किन केयर शेड्यूल की शुरुआत करनी चाहिए। सनस्क्रीन, आई क्रीम इस्तेमाल करें। इसके अलावा नियमित रूप से शरीर की मालिश भी त्वचा के हेल्दी और ग्लो करने में मदद करती है।

शादी के नौ महीने पहले ही स्वस्थ आदतों और जीवनशैली के लिए समय निकालें, क्योंकि खाने की आदतों का असर त्वचा पर होता है। सही आहार लें। उचित डायट चार्ट का पालन करने के लिए डायटीशियन से सलाह ले सकते हैं। डायट में एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन शामिल करें। ग्लूटाथियोन, सेरामाइड्स और विटामिन सी युक्त न्यूट्रास्यूटिकल्स ग्लोइंग स्किन के लिए ज़रूरी है। ग्लूटाथियोन, जिसे ब्राइडल पिल के रूप में जाना जाता है, यह त्वचा को फिर से जीवंत करने में मदद करता है और इसे युवा और हेल्दी बनाती है।

शादी से छह महीने पहले त्वचा को तनावमुक्त करने पर ध्यान देना शुरू करें। डी-स्ट्रेसिंग से ब्रेक-आउट को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। तनाव से मुंहासे, त्वचा और बालों की समस्याएं होती हैं। इसके लिए नियमित स्पा के साथ-साथ मसाज बेहतरीन उपाय है।

शादी से तीन महीने पहले फेशियल करवाएं, जो शादी के दिन दुल्हन को और भी ख़ूबसूरत बनाएगा। स्किन एक्सपर्ट्स के अनुसार लेज़र हेयर रिमूवल, डर्मा रोलिंग, पील, मास्क और एक्सफोलिएशन किए जाने चाहिए। ग्लूटाथियोन त्वचा के साथ-साथ पूरे शरीर के रंग को हल्का करने में मदद करता है।

# लीवर की समस्या वाले मरीज को जरूर करना चाहिए किशमिश का सेवन

ड्राई फ्रूट्स का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। किशमिश खाने के भी कई फायदे होते हैं जो आज हम आपको बताने जा रहे हैं। लीवर हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगो में माना जाता है और यह हमारे शरीर के खराब पदार्थ को पूर्णतः बाहर निकाल देता है और हमारे पाचन शक्ति को बढाता है।

### किशमिश के सेवन के फायदे:

लीवर के खराब होने के लक्षण बहुत जल्दी लोगों के नजर में नहीं आते लेकिन अगर हर दिन किशमिश का सेवन किया जाए तो लीवर अच्छा रहता है और उसे कभी कोई नुकसान नहीं होता है।

आंखों के नीचे काले घेरे बन गए हैं, पेट में सूजन, शरीर पर सफेद धब्बे, आंखों का पीला पड़ना, मुंह से बदबू आना ये लक्षण लीवर खराब होने के मुख्य लक्षण होते है। लीवर के लिए किशमिश बहुत फायदेमंद माना जाता है।

इसके पानी का प्रतिदिन सेवन करने से लीवर और पेट से जुडी गंभीर समस्या खत्म किया जा सकता है।

लेकिन एक बर्तन में पानी में किशमिश को डाल कर उबाल ले और रात भर इसे ढंक कर छोड दे।



# इन 5 आदतों से बढ़ता है सेकंड हार्ट अटैक का खतरा



**एक बार हृदयाघात होने पर मरीज को अधिक संभलकर रहने की जरूरत होती है। अपनी लाइफस्टाइल में पूरी तरह से बदलाव करना पड़ता है। क्योंकि आपका दिल पहले के मुकाबले कमजोर हो जाता है। खानपान का विशेष ध्यान रखना होता है। बहुत अधिक तेल, जंक फूड खाने के लिए मना किया जाता है। साथ ही अधिक से अधिक योग, व्यायाम, मॉर्निंग वॉक करने की सलाह दी जाती है। हालांकि कई बार कुछ लापरवाही से भी सेकेंड हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। सेकंड हार्ट अटैक नहीं आए और स्वस्थ रहे इसके लिए इन 5 आदतों से आपको खुद को बचकर रहना जरूरी है आइए जानते हैं...**

- हार्ट अटैक का कारण ही स्ट्रेस होता है। अगर आपको पहली बार हार्ट अटैक आ गया है तो दूसरी बार संभलकर रहे। अपने आप को तनाव मुक्त रखें। डॉक्टर के संपर्क में रहे। परेशानी होने पर डॉक्टर से चर्चा करें। जितना अधिक तनाव से गिरे रहेंगे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ेगा और दवा का असर कम होगा।
- डायबिटीज के मरीज है तो और अधिक संभल कर रहने की जरूरत है। इसके लिए सबसे अधिक लाइफस्टाइल में बदलाव करना जरूरी होता है। डाइट, फिजिकल एक्टिविटी पर ध्यान दें। अगर आपका ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है तो आपका दिल भी स्वस्थ्य रहेगा और हार्ट अटैक का रिस्क भी कम हो जाएगा।
- अगर आपका वजन अधिक है और हार्ट की बीमारी से ग्रसित है तो आपको सबसे पहले अपना वजन कम करने की जरूरत है। जी हां, जो लोग मोटे होते हैं, उनके लिए दिल का खतरा अधिक बढ़ जाता है। हार्ट अटैक से बचाव के लिए वजन कम करना बहुत अधिक जरूरी है।
- हार्ट अटैक के बाद डॉक्टर द्वारा दी गईं दवाइयों का सेवन नियमित अनुसार करें। दवा में लापरवाही करने से हृदयाघात का रिस्क अधिक बढ़ जाता है। इसलिए नियमित दवाओं का सेवन करें। और डॉक्टर के संपर्क में बने रहें।
- अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर है तो हार्ट अटैक का रिस्क अधिक बढ़ जाता है। हार्ट के मरीजों को बीपी कंट्रोल में रखना जरूरी होता है। इसके लिए कम से कम नमक और कैफीन का सेवन करें। और समय - समय पर ब्लड प्रेशर चेक करते रहे। कई बार बीपी भी बढ़ जाता है लेकिन पता नहीं चलता है। इसलिए नियमित रूप से बीपी की दवा लें वहीं अनियमितता से खतरा अधिक बढ़ जाता है।


# आँखों की बीमारी के लिए ये बेहद जरूरी



एक निश्चित मात्रा में आँसू बनना आँखों के लिए बेहद जरूरी है, क्योंकि इससे आँखों में नमी के स्तर को बरकरार रखने के साथ-साथ आँखों में जाने वाली किसी बाहरी चीज एवं धूल-कणों को हटाने में मदद मिलती है। डॉ. निता शाह, हेड – क्लिनिकल सर्व्हिसेस, डॉ. अगरवाल आय हॉस्पिटल मुंबई, हमें आँखों में पानी आने के पीछे के विज्ञन के बारे में विस्तार से बताते हैं। चिकित्सा जगत में, सामान्य तौर पर रोने के अलावा आँखों से ज्यादा आँसू आने को एपिफोरा कहा जाता है। यह रोग से संबंधित संकेत या स्थिति है, जिसमें आँखों से कम मात्रा में टियर फिल्म का निकलना शामिल है, और इस परिस्थिति में जिसमें आँसू का बहाव नासुर की नली/ आँसुनलिकाओं के बजाय चेहरे पर होने लगता है।

जरूरत से ज्यादा आँसू बनने और नलिकाओं में रुकावट ही आँखों से पानी आने की सबसे बड़ी वजह है। छोटे बच्चों में, आँखों की नलिकाओं में रुकावट इसका सबसे सामान्य कारण है। कुछ बच्चे अविकसित नलिकाओं के साथ पैदा होते हैं, और कुछ हफ्तों में नलिकाओं के पूरी तरह विकसित होने के बाद यह रुकावट दूर हो सकती है। अगर टियर डक्ट (आँसू नलिकाएं) सिकुड़ी हुई हो या उसमें रुकावट हो, तो आँसू की थैली में आँसू जमा हो जाते हैं और इसकी वजह से संक्रमण फैलने का भी खतरा होता है। वयस्कों और बड़े बच्चों की बात की जाए, तो उनमें आँसू का अधिक उत्पादन ही इस समस्या का सबसे सामान्य कारण है।"आँखों में किसी बाहरी चीज से प्रवेश करने पर, सबसे पहले आँखों को कमरे के तापमान पर साफ पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए, और व्यक्ति को अपनी आँखों को रगड़ना नहीं चाहिए। अगर ऐसा महसूस हो कि बाहरी चीज अभी भी आँखों में मौजूद है, तो व्यक्ति को नेत्र-रोग विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए। उसे बाहर निकालने के लिए, लुब्रिकेशन हेतु कृत्रिम आँसू, तथा विशेष परिस्थितियों में एंटीबायोटिक ड्रॉप का उपयोग किया जाता है। आँखों में किसी तरह का केमिकल चले जाने पर, सबसे पहले आँखों को साफ पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए, और रोगी को तुरंत नेत्र-रोग विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए। डॉ. निता शाह, ने बताया कि आँखों से पानी आने से जुड़ी कुछ सामान्य समस्याएं इस प्रकार हैंः एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों के कारण एलर्जिक कंजक्टिविटिस होता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली द्वारा अति-प्रतिक्रिया का कारण बनता है।

## नमन मंच



### भारत के दो महापुरूष

भारत माता के दो लाल,
गांधी-शास्त्री इनके नाम,
दो अक्टूबर को जन्म लिये,
देश के लिए अनेक काम किये।

देश में घूम-घूम गांधी जी ने,
आजादी का अलख जगाया,
अहिंसा के अस्त्र चलाकर,
अंग्रेजों को देश से भगया।

प्रधानमंत्री बनकर शास्त्री जी ने,
जय जवान, जय किसान का नारा देकर,
देश भर में विकास की ज्योति जगाई,
कृषि में हम सबको आत्मनिर्भर बनाया।

दोनों ने स्वाधीनता की,
मिलकर लड़ी लड़ाई,
एक ने छुआछूत भगाई तो,
एक ने अन्न का भंडार बढ़ाया।

गांधी जी ने अंग्रेजों को,
अहिंसा के बल पर धूल चटाई,
शास्त्री जी ने पाक हमलावरों के
घर में घुसकर जमकर मात दी।
एक कहते थे 'वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर पराई' जाणे

दूसरे ने भी जनता की पीड़ा को पहचाना,
सच्चाई से राजधर्म को निभाया।
दोनों है देश के रखवाले,
दोनों है भारत के अमर लाल,
दो अक्टूबर को जन्मदिवस पर,
हम इनको हृदय से करते हैं नमन ।

– मंजू लोढ़ा, स्वरचित

# सोने से पहले मेकअप हटाना है बहुत जरूरी

**वरना चेहरे पर आ सकता है जल्दी बुढ़ापा**

कई बार हम दिनभर की थकान के बाद जब घर आते हैं तो नाइट स्किन केयर (Skin Care) रुटीन को फॉलो करने का मन नही करता और मेकअप बिना हटाए ही हम बिस्तर में घुस जाते हैं. इसकी वजह से हमारी स्किन तो खराब हो ही सकती है, पलकों आदि में इनफेक्शन की संभावना भी हो सकता है. विशेषज्ञों की मानें तो ऐसा करने से आपकी स्किन को बहुत अधिक नुकसान हो सकता है. ये ना केवल त्वचा के एजिंग प्रोसेज को बढा देता है साथ ही पिंपल्स आदि होने की संभावना कई गुना बढ़ सकती है. अगर आप भी रात को बिना मेकअप उतारे सोने जाती हैं तो यहां आपको बताते हैं कि इसका क्या क्या नुकसान हो सकता है.

### फाइन लाइन्स

अगर त्वचा पर अधिक देर तक मेकअप रह जाएं तो ये त्वचा की नमी को सोख लेते हैं और स्किन ड्राई होने लगती है. इस वजह से स्किन का लचीलापन घटने लगता है और कुछ ही दिनों में चेहरे पर फाइल लाइन्स नजर आने लगते हैं. इन मेकअप प्रोडक्ट की वजह से कोलेजन प्रोडक्शन भी कम होने लगता है और स्किन सेल्स डैमेज होने लगते हैं.

### एक्ने ब्रेकडाउन

दरअसल जब आप मेकअप लगाकर सोते हैं तो आपके स्किन पोर्स बंद हो जाते हैं. यह मेकअप प्रोडक्ट्स में मौजूद सिलिकॉन और अन्य केमिकल की वजह से होता है. कुछ प्रोडक्ट्स में डाई और सेंटेड परफ्यूम भी होते हैं जो स्किन के लिए हानिकारक हैं. इनसे स्किन पर एक्सेस ऑयल और गंदगी जमा हो जाती है और पोर्स बंद हो जाते हैं. और यही से बैक्टीरियल इंफेक्शन और एक्ने-ब्रेकआउट शुरू होता है.

### अनइवेन स्किन की समस्या

मेकअप की एक लेयर भी अगर चेहरे पर लगी रह जाए तो आपकी त्वचा सांस नहीं ले पाती और पोर्स बंद हो जाते हैं. ऐसा होने से आपकी त्वचा के नेचुरल ऑयल्स दूषित हो जाते हैं और त्वचा में मॉइश्चर की कमी होने लगती है. इस वजह से स्किन अनइवेन और बेजान लगने लगती है.

### झड़ने लगती हैं पलके

अगर आप आईलाइनर, आईशैडो, मस्कारा आदि लगाकर सो जाएं तो यह आपकी पलकों को काफी नुकसान कर सकती हैं. इन प्रोडक्ट में कैमिकल होते हैं जो पलकों के छोटे रोम छिद्रों को ब्लैक कर देते हैं. जिससे यहां इंफ्लामेशन की शिकायत होती है और पलके भी झड़ने लगती हैं. इससे आपको इंफेक्शन हो सकता है. ऐसे में सोने से पहले मेकअप को उतारना बहुत ही जरूरी है.

